

आगामी योग दिवस को लेकर देशभर में कार्यक्रम शुरू, मेघालय के लिविंग ब्रिज पर किया योग।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 81 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


# मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर राज्यसभा में हंगामा

- कर्नाटक में मुसलमानों को सार्वजनिक ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे पर राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ, कांग्रेस से मांगा जवाब

**हंगामा किया**

**रिजिजू ने डीके शिवकुमार के संविधान पर दिए गए कथित बयान पर खरगे से जवाब मांगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कर्नाटक में मुसलमानों को सार्वजनिक ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे पर राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित किए जाने के बावजूद बार-बार हो रहे व्यवधान के कारण मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सत्तापक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस बीच संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के संविधान पर दिए गए कथित बयान पर नेता विपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान को बदलना चाहती है। नेता सदन जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कर्नाटक में सार्वजनिक ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव पारित हुआ है। ये असंवैधानिक है। कांग्रेस हमेशा संविधान के खिलाफ काम करती है। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष को अपना पक्ष साफ रखना चाहिए। इसके बाद



## कांग्रेस अपना विवेक भी खो बैठी हैः नड्डा

**नड्डा** ने कहा कि इन्होंने मुसलमानों को ओबीसी आरक्षण में बैक डोर से एंट्री देने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि अब नौकरी तो छोड़िए, ठेकेदारी में भी आरक्षण होगा...। सत्ता से बाहर रहकर कांग्रेस अपना विवेक भी खो बैठी है। नड्डा के इस बयान का विपक्षी सदस्यों ने तीखा विरोध करते हुए शोरगुल और हंगामा किया, जिस पर उप सभापति हरिवंश ने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी। उसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही जब तीसरी बार शुरू हुई तो पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने विपक्ष की नारेबाजी के बीच तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक, 2024 में लोकसभा द्वारा किए गए संशोधनों को विचार के लिए पेश किया।

## किरेन रिजिजू ने मुस्लिम आरक्षण पर लोकसभा में कांग्रेस को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के मुस्लिम आरक्षण पर दिए बयान का मुद्दा सोमवार को लोकसभा में उठाया। उन्होंने नाम लिए बिना कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का धर्म के आधार पर आरक्षण और उसके लिए संविधान बदलने की बात कहना अस्वीकार्य है। यह संविधान निर्माताओं का अपमान है। लोकसभा की कार्यवाही पहले विपक्षी सदस्यों के पोस्टर लेकर सदन में आने के कारण स्थगित हुई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस बारे में विपक्षी सदस्यों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने संसदीय कार्यमंत्री रिजिजू को पोस्टर लहराने वालों के खिलाफ प्रस्ताव लाने की सलाह दी।

## बीजेपी ने कांग्रेस पर लगाया तुष्टीकरण का आरोप



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कर्नाटक में मुसलमानों को सरकारी ठेके में चार प्रतिशत आरक्षण देने के प्रस्ताव के मामले पर राजनीति गरमाती जा रही है। इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर हमले तेज करते हुए पार्टी पर मुस्लिम तुष्टीकरण का आरोप लगाया है। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि हम संविधान को बदलना चाहते हैं। पिछले चुनाव में कांग्रेस द्वारा एक पूरी तरह से झूठा और भ्रामक अभियान चलाया गया था कि अगर भाजपा को बहुमत या 400 सीटें मिलती हैं, तो वे संविधान को बदल देंगे। हमने बार-बार कहा कि हम ऐसा कुछ नहीं करेंगे और हमने ऐसा नहीं किया। हमने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के लिए केवल एक बार संविधान में बदलाव किया, जिसकी सभी ने सराहना की। आज देश में बड़ा सवाल यह उभर रहा है कि वोट बैंक की राजनीति, तुष्टीकरण की राजनीति और मुस्लिम वोटों की खातिर देश किस ओर जाएगा" रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने वोट बैंक की खातिर शाहबानो पर आए फैसले को भी पलट दिया था।

**आदर्श विचार**



कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता

**मन की बात**



सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद

## सेबी हितों के टकराव पर उच्चस्तरीय समिति करेगा गठित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को निदेशक मंडल के सदस्यों और अधिकारियों के हितों के टकराव, संपत्ति, निवेश और देनदारियों से संबंधित खुलासे की व्यापक समीक्षा करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का फैसला किया है। पूंजी बाजार नियामक सेबी के नवनियुक्त चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने निदेशक मंडल की यहां हुई बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी मीडिया को दी। पांडेय ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सेबी मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित कर्मचारियों के हितों के टकराव की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करेगा। तुहिन कांत पांडेय ने कहा, उच्चस्तरीय समिति का उद्देश्य हितों के टकराव, खुलासे और संबंधित मामलों के प्रबंधन के लिए मौजूदा ढांचे को बेहतर बनाने के लिए व्यापक समीक्षा करना और सिफारिशें करना भी है, ताकि निदेशक मंडल के सदस्यों और अधिकारियों के पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक आचरण के उच्च मानक सुनिश्चित किए जा सकें।

## विपक्षी दलों का यूजीसी ड्राफ्ट के खिलाफ प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। आईएनडीआईए** गठबंधन के घटक दलों के छात्र संगठनों ने सोमवार को जंतर-मंतर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति और यूजीसी ड्राफ्ट सहित देश की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विरोध-प्रदर्शन किया। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने प्रदर्शन में भाग लेते हुए आरोप लगाया कि शैक्षणिक संस्थानों पर आज सत्ता पक्ष के लोग कब्जा कर रहे हैं। छात्रों के साथ भेदभाव किया जा रहा है और पेपर लीक जैसी घटनाएं हो रही हैं।

विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई), वाम दलों के छात्र संगठन अखिल भारतीय स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आईसा), स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ), मुस्लिम स्टूडेंट्स फेडरेशन (एमएसएफ), समाजवादी छात्र सभा और छात्र राष्ट्रीय जनता दाल (सीआरजेडी) और अन्य संगठनों भाग किया। राहुल ने जंतर-मंतर पर छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के चलते किसी को रोजगार नहीं मिलेगा। देश बर्बाद हो जाएगा। आज विपक्ष की मांग को अनसुना किया जा रहा है।

**साधा निशाना**

**प्रदर्शन में भाग लेते हुए आरोप लगाया कि शैक्षणिक संस्थानों पर आज सत्ता पक्ष के लोग कब्जा कर रहे**

## पीएमजी ने बिहार, ओडिशा और बंगाल में ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के परियोजना निगरानी समूह (पीएमजी) ने बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा की है। इसके तहत 63,858 करोड़ रुपये की 19 प्रमुख परियोजनाओं के 23 मुद्दों की समीक्षा की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक 19 प्रमुख परियोजनाओं में 23 मुद्दों की जांच की गई, जिनमें कुल निवेश 63,858 करोड़ रुपये से अधिक है। इसमें श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत आने वाली पांच परियोजनाएं शामिल हैं, जो विशेष रूप से इन तीनों राज्यों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पतालों पर केंद्रित हैं। इन अस्पतालों का उद्देश्य बीमा कराए हुए नागरिकों और उनके परिवारों के लिए विशेष उपचार, दवाइयां और अस्पताल में भर्ती सहित आवश्यक स्वास्थ्य सेवा लाभ प्रदान करना है। इसके अलावा इस्पात, कोयला, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, रेलवे और बिजली मंत्रालयों से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा की गई, ताकि बाधाओं की पहचान की जा सके और उन्हें दूर किया जा सके और साथ ही उनका सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।



## सांसदों का वेतन, भत्ते और पेंशन बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने संसद सदस्यों के वेतन, दैनिक भत्ते, पेंशन और अतिरिक्त पेंशन में बढ़ा दी है। सोमवार को इस संबंध में संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से गजट नोटिफिकेशन जारी की दिया गया। सांसदों को प्रतिमाह एक लाख रुपये के स्थान पर अब 1.24 लाख रुपये का वेतन मिलेगा। यह वृद्धि 1 अप्रैल 2023 से लागू होगी। संसदीय कार्य मंत्रालय के एडिशन सचिव डॉ सत्य प्रकाश की ओर से जारी गजट नोटिफिकेशन के अनुसार 1 अप्रैल 2023 से लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों का वेतन 1 लाख रुपये से बढ़कर 1.24 लाख रुपये प्रति माह कर दिया गया है।

## चीफ जस्टिस ने सभी सामग्री सार्वजनिक डोमेन में रखी : धनखड़


**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने न्यायिक जवाबदेही और राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) के मुद्दे पर सोमवार को संसद भवन स्थित अपने कक्ष में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के साथ बैठक की। इस दौरान सभापति ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के उस निर्णय की सराहना की जिसमें उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास से कथित तौर पर नकदी मिलने से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सार्वजनिक करने तथा मामले की आगे की जांच के लिए एक आंतरिक समिति गठित करने का निर्णय लिया। सभापति ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी मुख्य न्यायाधीश ने पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से अपने पास उपलब्ध सभी सामग्री को सार्वजनिक डोमेन में रखा है और न्यायालय के पास कुछ भी रखे बिना इसे साझा किया है। उन्होंने न्यायपालिका की आंतरिक प्रतिक्रिया को सही दिशा में उठाया गया कदम बताया और कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा समिति का गठन और उनकी सतर्कता भी एक ऐसा कारक है जिस पर विचार करने की आवश्यकता है। धनखड़ ने कहा कि न्यायपालिका और विधायिका जैसी संस्थाएं अपने उद्देश्य को सबसे अच्छे तरीके से पूरा करती हैं जब उनका आंतरिक तंत्र प्रभावी, तेज और जनता के विश्वास को बनाए रखने वाला होता है।



**सराहना**

**न्यायाधीश ने पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से अपने पास उपलब्ध सभी सामग्री को सार्वजनिक डोमेन में रखा**

## चार वर्षों में 90 लाख से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने वालों ने पिछले चार वर्षों में 90 लाख से अधिक अपडेटेड आईटीआर-यू दाखिल किए गए। इससे सरकार को 9,118 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आमदनी हुई है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 28 फरवरी तक 4.64 लाख अपडेटेड आईटीआर दाखिल किए गए और 431.20 करोड़ रुपये के टैक्स का भुगतान किया गया। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि स्वैच्छिक अनुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने 2022 में करदाताओं के लिए संबंधित मूल्यांकन वर्ष से दो साल तक अपडेटेड आयकर रिटर्न दाखिल करने का विकल्प पेश किया था, जिसके तहत अतिरिक्त आयकर का भुगतान करना होता है। पंकज चौधरी ने सदन को बताया कि पिछले चार वर्षों में 90 लाख से अधिक अपडेटेड आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं, जिससे सरकार के खजाने में 9,118 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। केंद्रीय मंत्री मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में 29.79 लाख से अधिक अपडेटेड आईटीआर दाखिल किए गए और 2,947 करोड़ रुपये के अतिरिक्त कर का भुगतान हुआ। इसी तरह वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2021-22 में क्रमशः 40.07 लाख और 17.24 लाख अपडेटेड आईटीआर दाखिल किए गए, जिनसे अतिरिक्त 3,940 करोड़ रुपये और 1,799.76 करोड़ रुपये के टैक्स प्राप्त हुए। उन्होंने सदन को बताया कि वित्त विधेयक, 2025 के माध्यम से सरकार ने अपडेटेड रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा को संबंधित मूल्यांकन वर्ष से 4 साल तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है।

**दाखिल किए**

**चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 28 फरवरी तक 4.64 लाख अपडेटेड आईटीआर दाखिल किए**

## जीआई-टैग वाली डैले मिर्च के निर्यात को सुगम बनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने सिक्किम से सोलोमन द्वीप तक जीआई-टैग वाली डैले मिर्च की पहली खेप का सफलतापूर्वक निर्यात किया है। जीआई-टैग वाली 15,000 किलोग्राम डैले मिर्च के निर्यात से सिक्किम में किसानों की आय में वृद्धि हुई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि सिक्किम से सोलोमन द्वीप तक जीआई-टैग वाली डैले मिर्च की पहली खेप का एपीडा ने सफलतापूर्वक निर्यात किया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि वैश्विक जैविक कृषि बाजार में भारत की बढ़ती प्रमुखता को चिह्नित करती है और पूर्वोत्तर क्षेत्र से प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय मांग को उजागर करती है। खरीद के संदर्भ में अपने व्यापक नेटवर्क के जरिए दक्षिण सिक्किम के किसानों और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) से लगभग 15,000 किलोग्राम ताजा डैले मिर्च प्राप्त की, जिसमें टिंकिटम और तारकू क्षेत्र शामिल हैं। इस खेप ने सुनिश्चित किया कि किसानों को सामान्य 180-200 रुपये प्रति किलोग्राम की तुलना में 250-300 रुपये प्रति किलोग्राम का प्रीमियम मूल्य मिले, जिससे जीआई टैगिंग और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के आर्थिक लाभों की पुष्टि हुई। उल्लेखनीय है कि डैले मिर्च को फायर बॉल मिर्च या डैले खुरसानी के नाम से भी जाना जाता है।

यह मिर्च अपने तीखेपन, चमकीले लाल रंग और उच्च पोषण मूल्य के लिए प्रसिद्ध है, जो विटामिन ए, सी और ई के साथ-साथ पोटैशियम से भरपूर है।



**वृद्धि हुई**

**जीआई-टैग वाली 15,000 किलोग्राम डैले मिर्च के निर्यात से सिक्किम में किसानों की आय में वृद्धि हुई**

## वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अजय सेठ वित्त सचिव नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी अजय सेठ को वित्त सचिव नियुक्त किया है। तुहिन कांत पांडेय के भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष बनने के बाद से यह पद खाली था। वर्तमान में सेठ आर्थिक मामलों के विभाग में सचिव हैं। कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी एक आदेश के मुताबिक केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अजय सेठ को वित्त सचिव नियुक्त करने को अपनी मंजूरी दे दी है।

## अब प्याज के निर्यात पर नहीं लगेगी एक्सपोर्ट ड्यूटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्याज के मूल्य पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को महत्वपूर्ण घोषणा की। सोमवार को कृषि मंत्रालय में मीडिया से बात करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अब प्याज के निर्यात पर कोई एक्सपोर्ट ड्यूटी नहीं लगेगी, ताकि हमारे किसानों द्वारा मेहनत से उगाया गया प्याज बिना किसी शुल्क के वैश्विक बाजारों तक पहुंचे और उन्हें बेहतर कीमत और लाभकारी मूल्य मिल सके। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार किसान हितैषी सरकार है और किसानों को लाभकारी मूल्य देना, उचित दाम सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकता और प्रतिबद्धता है। पहले प्याज पर 40 प्रतिशत एक्सपोर्ट ड्यूटी लगती थी लेकिन जब प्याज के दाम गिरने लगे और किसानों को कम कीमत मिलने लगी, तब सरकार ने फैसला किया कि प्याज के निर्यात पर एक्सपोर्ट ड्यूटी 40 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत कर दी जाए।

**निर्देश जारी** सैनी ने 2025-26 के लिए गेंहू, सरसों, जौ, चना, मसूर व सूरजमुखी की खरीद करने वाली सभी चारों खरीद एंजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए

## रबी की फसलों की खरीद के लिए एजेंसियां कर लें पूरी तैयारियांः सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रबी विपणन सीजन 2025-26 के लिए गेंहू, सरसों, जौ, चना, मसूर व सूरजमुखी की खरीद करने वाली सभी चारों खरीद एंजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय रहते सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लें, ताकि किसानों को मंडियों में फसले बेचने में दिक्कत न आए। इस बार गेहूं की बंपर पैदावार होने का अनुमान है। इसलिए मंडियों में गेहूं खरीद के लिए पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए की भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर मंडियो में खाली पड़े स्थानों पर बड़े शैडों का निर्माण किया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज रबी खरीद विपणन सीजन 2025-26 की तैयारियों को लेकर चंडीगढ़ सेक्टर-3 स्थित हरियाणा निवास में बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत करवाया कि रबी की फसलों की खाद्य, आपूर्ति नागरिक उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा 30 प्रतिशत, हैफेड द्वारा 40 प्रतिशत, हरियाणा राज्य भंडारण निगम द्वारा 20 प्रतिशत तथा भारतीय खाद्य निगम द्वारा 10 प्रतिशत की खरीद की जानी है। इस बार एजेंसियों ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 75 लाख मीट्रिक टन रखा है। सरसों की खरीद 15 मार्च से और मसूर की खरीद 20 मार्च से आरंभ हो चुकी है। यह खरीद एक मई तक चलेगी। गेहूं, जौ और चने की खरीद भी एक अप्रैल से आरंभ की जाएगी जबकि सूरजमुखी की खरीद 1 जून से आरंभ होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर रबी फसलों की खरीद अवधि को 15 से 20 दिन जारी रखने का कार्यक्रम बनाया जाए।



**बैठक**

**एजेंसियों ने गेहूं खरीद का 75 लाख मीट्रिक टन रखा है लक्ष्य, मंडियों में खाली स्थानों में बड़े शैडों का करवाया जाए**

# कुराड़ में 80 लाख की लागत से बनेगी डिस्पेंसरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को कुराड़ गांव में 80 लाख रुपए की लागत से बनने वाली डिस्पेंसरी का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। 700 वर्गगज में बन रही यह डिस्पेंसरी अगस्त तक तैयार होने की उम्मीद है। इसके बाद ग्रामीणों को गांव में ही चिकित्सा सुविधा मिलेगी। विधायक ने ठेकेदार को निर्माण कार्य में पारदर्शिता बरतने और समय पर काम पूरा करने की हिदायत दी।
कुराड़ के ग्रामीणों ने ओलंपिक मेडलिस्ट हॉकी खिलाड़ी सुमित वाल्मीकि के नाम पर गेट बनाने की मांग रखी। विधायक ने भरोसा दिया कि यह मांग पूरी कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास और लोगों को सुविधाएं देना उनकी प्राथमिकता है। विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। आम जनता की समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। विधायक ने सोमवार को जनसंवाद कार्यक्रम के तहत कुराड़ के अलावा हसनपुर, भिगान, राजपुर, लड़सौली और पिपली खेड़ा गांवों का दौरा किया। ग्रामीणों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। इस मौके पर एसडीएम प्रवेश कादियान, नायब तहसीलदार गजे सिंह, एसईपीओ अमित सरोहा, जेई सुनील और ग्राम सचिव नवीन समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

**जनसंवाद**

**चौपाल निर्माण और व्यायामशाला में कोच की नियुक्ति जैसी मांगें शामिल थीं**

जनसंवाद कार्यक्रम में गांव के मुखियाओं ने विकास कार्यों को लेकर मांग पत्र सौंपे। इनमें खेतों और पीडब्ल्यूडी के रास्तों की मरम्मत
, पशु अस्पताल, पीने के पानी की व्यवस्था, सोलर लाइट, बेसहारा पशुओं को पकड़वाने, चौपाल निर्माण और व्यायामशाला में कोच की नियुक्ति जैसी मांगें शामिल थीं। ग्रामीणों ने सरकार की योजना के तहत मुफ्त प्लॉट दिलाने की भी गुहार लगाई। विधायक ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिलेगा।
राजपुर गांव के लोगों ने पानी निकासी की समस्या से अवगत कराया। विधायक ने तुरंत अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। कादियान ने विधायक बनाकर चंडीगढ़ भेजने पर क्षेत्र की जनता का आभार जताया। इस अवसर पर कुराड़ गांव के सरपंच मंजीत आंतिल, पूर्व प्राचार्य हरज्ञान आंतिल, जोगिंद्र आंतिल प्रधान, कर्मवीर सरपंच, सोनू, धर्मपाल, नन्हा, कपिल, नरेंद्र, रामकुमार, सुंदर, संजय, सुरेंद्र, रणबीर आदि लोग मौजूद रहे।

# वर्मा का हाई कोर्ट से इलाहाबाद ट्रांसफर करने की सिफारिश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा का दिल्ली हाई कोर्ट से वापस इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर करने की अनुशंसा की है। कॉलेजियम की 22 एवं 24 मार्च को हुई बैठक में इस आशय की अनुशंसा की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने 22 मार्च को जस्टिस वर्मा के घर पर आग लगने के मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी के गठन का आदेश दिया था।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गोविंद, पुत्र रामलाल, निवासी 6/81 वेस्ट, फ्रेंड्स एन्क्लेव, सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 639/2019, U/s 25/54/59 Arms Act, पुलिस थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गोविंद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गोविंद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना राज पार्क, दिल्ली** के अभियुक्त **गोविंद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री इब्बानी अग्रवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी – 03
कमरा नं. 107
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
DP/3621/OD/2025


# जस्टिस वर्मा से न्यायिक जिम्मेदारियां वापस ली गईं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अपने आवास से कैश मिलने के बाद विवादों में आए दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा से न्यायिक जिम्मेदारियां वापस ले ली गई हैं। हाई कोर्ट की अपडेटेड कॉज लिस्ट के मुताबिक अगले आदेश तक जस्टिस वर्मा को न्यायिक कार्य से दूर कर दिया गया है। हाई कोर्ट ने यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस के आदेश के बाद लिया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में जस्टिस वर्मा के आवास से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने के बाद पूरी न्यायपालिका और राजनीतिक हलकों में भूचाल आ गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 22 मार्च को इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी के गठन का आदेश

**आदेश जारी**

**हाई कोर्ट की अपडेटेड कॉज लिस्ट के मुताबिक अगले आदेश तक जस्टिस वर्मा को न्यायिक कार्य से दूर कर दिया गया है**

दिया था। इस कमेटी में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाई कोर्ट के जज जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं। दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय ने भी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी थी। जांच रिपोर्ट में उन्होंने कहा था कि इस मामले की गहन जांच की जरूरत है। बता दें कि जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर 14 मार्च को आग लगने के बाद अग्निशमन विभाग ने कैश बरामद किया था। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस यशवंत वर्मा का दिल्ली हाई कोर्ट से इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर करने की अनुशंसा की थी। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने 21 मार्च को बयान जारी कर कहा था कि जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास से नकदी बरामद होने की खबर से उनके इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर करने की अनुशंसा का कोई संबंध नहीं है।

# युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन करने की आवश्यकता : कादियान

**गन्नौर।** गांधी नगर स्थित नीजि स्कूल का वार्षिक समारोह शिक्षांजलि धूमधाम से आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों देकर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल की प्रगति में योगदान देने वाले अभिभावकों और छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान और विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, पूर्व हुसा प्रधान सुशील त्यागी, अजय यादव, मोती बत्रा, भावना जाग्या, शालू वाधवा, हरीश वाधवा और अंकित मल्होत्रा ने स्कूल के प्रयासों की सराहना की।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नसीर खान उर्फ सलमान पुत्रः** मोहम्मद कासिम खान **पताः** तेली मोहल्ला गांव पट्टी लोनी जिला, गाजियाबाद (यूपी), ने **FIR No. 231/14 U/s 392/34 IPC थानाः मानसरोवर पार्क शाहदरा दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नसीर खान उर्फ सलमान**, मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नसीर खान उर्फ सलमान,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 231/14 U/s 392/34 IPC थानाः मानसरोवर पार्क शाहदरा दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **नसीर खान उर्फ सलमान**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऐश्वर्या सिंह कश्यप
जेएमएफसी–05, कमरा नं. 25
कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली
DP/3445/SHD/2025
(Court Matter)


# नाबालिग से रेप की कोशिश में हाई कोर्ट के फैसले पर सुनवाई करने से कोर्ट का इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग लड़की के साथ रेप की कोशिश से जुड़े इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने इनकार कर दिया है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी ने कहा कि हम अनुच्छेद 32 के तहत इस मामले पर सुनवाई नहीं करेंगे। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि हमारे यहां नारा है बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ। तब जस्टिस बेला एम त्रिवेदी ने कहा कि यहां भाषणबाजी नहीं, हम अनुच्छेद 32 के तहत इस मामले पर सुनवाई नहीं करेंगे। दरअसल, इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कासगंज के ट्रायल कोर्ट के आदेश को पलटते हुए कहा था कि किसी पीड़िता का प्राइवेट पार्ट छूना और उसकी सलवार का नाड़ा तोड़ना रेप या रेप की कोशिश नहीं माना जाएगा, बल्कि ये एक गंभीर यौन उत्पीड़न माना जाएगा। कासगंज के ट्रायल कोर्ट ने दो आरोपितों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और पॉक्सो एक्ट की दारा 18 के तहत मुकदमा चलाने का आदेश दिया था। इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस मनोहर नारायण मिश्रा की बेंच ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को पलटते हुए आरोपितों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 354बी और पॉक्सो एक्ट की धारा 9 एवं 10 के तहत मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। हाई कोर्ट के इस फैसले की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई थी।



# चोरी के दो वाहनों के साथ एक बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले के हरि नगर थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में सिमरजीत सिंह उर्फ शम्पी नामक एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पास से दो दुपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। जांच में पता चला है कि सिमरजीत सिंह उर्फ शम्पी पर 24 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। विचित्र वीर ने सोमवार को बताया कि हरिनगर चौकी इंचार्ज एसआई ठाकुर सिंह, हेडकांस्टेबल मोनू, श्रीकृष्ण के साथ गश्त पर थे। गश्त के दौरान जब टीम डीडीयू अस्पताल के पीछे पहुंची तो उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति मोटर साइकिल पर उनकी तरफ आ रहा है। पुलिस को देखकर आरोपित ने मोटर साइकिल मोड़ी और भागने की कोशिश की। पुलिस ने उसका पीछा कर उसे धर दबोचा। आरोपित के पास


## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0-ई-2025-44 — दिनांकः 21.03.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक / कार्य / झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** रॉक फॉल प्रोटेक्शन, स्लोप स्टेबिलाइजेशन एंड अदर एंसीलरी वर्क टू प्रोटेक्ट दी रॉक फालिंग इन एट बेतवा ब्रिज एट एप्रोच ऑफ़ बोथ एंड अंडर सीनियर डीईएन/ईस्ट/झाँसी सेक्शन।

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत (रू): ₹ 9006489.84 | अमानत राशिः ₹ 180100.00 |
| निविदा बन्द होने की तिथि: 18.04.2025 at 15:00 hrs. | |
| स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 06 माह | |

- निविदा दिनांक 18.04.2025 को 15.00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।

523/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जमील अख्तर, पुत्रः अल्लाह रक्खा, पताः 1970, गली नं. 19, राजीव गांधी नगर, न्यू मुस्तफाबाद, उत्तर–पूर्व, दिल्ली** ने **FIR No. 03/24, Dated 18.01.2024, U/s 420/406/34 IPC, पुलिस थाना ई.ओ.डब्लू., दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जमील अख्तर** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जमील अख्तर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 03/24, Dated 18.01.2024, U/s 420/406/34 IPC, पुलिस थाना ई.ओ.डब्लू., दिल्ली** के अभियुक्त **जमील अख्तर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
डॉ. वैभव मेहता
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
उत्तर पूर्वी जिला, कोर्ट नं. 68
कड़कड़डूमा कोर्ट, नई दिल्ली
DP/3549/EOW/2025



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **राजेश, पुत्रः अनिल कोटिवाल, निवासीः 21/668, कल्याण पुरी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.309/2020 U/s. 411/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना पांडव नगर, दिल्ली** में दर्ज किया गया है किया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **राजेश** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **राजेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.309/2020 U/s. 411/34 IPC, थाना पांडव नगर, दिल्ली** के आरोपी उक्त **राजेश** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **02.06.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार
दीपक कुमार
सी.जे.एम (प्रथम), पूर्वी जिला,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
DP/3337/ED/2025
(अदालती मामला)



## उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी हेतु सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / माल भाड़ा, दिल्ली डिवीज़न, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022 / टीसी(एफएम) / 10 / 04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार **दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली** निम्नलिखित ट्रेनों में **एसएलआर** के स्थान को **02 वर्षों** के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के **ई–नीलामी** मॉडयूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है :

| क्रम संख्या | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 25.03.2025 को 10:30 बजे | 12015 (F1), 12050 (F1), 12314 (F1), 12459 (F1), 12808 (F1), 14087 (F1, F2, R1), 14089 (F1, F2, R1), 14303 (F1, F2, R1), 14316 (F2), 15035 (F2), 15060 (F1, R1), 22472 (F1, F2, R1), 54076 (F1, F2), 54076 (R1) (मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार), 54076 (R1) (सोमवार) |
| 2. | 26.03.2025 को 10:30 बजे | 12265 (F1), 12430 (F1), 12463 (F1), 12584 (F1), 12754 (F1), 14035 (F1, F2, R1), 14053 (R1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14521 (F1, F2, R1), 14681 (F1), 20473 (F1, R1), 22168 (F1, F2), 22401 (F1), 22438 (F1) |
| 3. | 03.04.2025 को 10:30 बजे | 12034 (F1), 12191 (F1 & F2), 12457 (F1, F2 & R1), 12963 (F1) (बुधवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार), 12963 (F1) (सोमवार, मंगलवार, और शुक्रवार), 14041 (R1) (रविवार), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20914 (F1), 22421 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1), 22582 (F1) |
| 4. | 04.04.2025 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1), 12060 (F1) (सोमवार और मंगलवार), 12191 (R1), 14008 (R1), 14014 (F1), 14331 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 20452 (F1), 22168 (R1), 22421 (F2 & R1), 22950 (F1), 22986 (F1). |
| 5. | 07.04.2025 को 10:30 बजे | 12011 (F1), 12013 (F1), 12017 (F1), 12040 (F1), 12045 (F1), 12066 (F1), 12148 (F1, F2), 12428 (F1) (सोमवार), 12448 (F1) (बुधवार, शुक्रवार और शनिवार, 12448 (F1) (सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और रविवार), 12455 (F1), 12481 (F1), 12612 (F1), 14041 (F1), 14053 (F2), 14212 (F1), 14305 (F1, F2, R1), 14731 (F1), 20938 (F1), 20946 (F1), 22454 (F1, F2, R1). |

**महत्वपूर्ण सूचना: 1.** ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है।
**2.** निम्नलिखित एस्सेट्स जिन्हें पुनः संशोधित रिज़र्व प्राइस (RP) पर आमंत्रित किया जा रहा है:
**a.** 12265 (F1). **b.** 22401 (F1). **c.** 14041 (F1, R1). **d.** 54076 (F1, F2, R1). **e.** 22454 (F1, F2, R1).
**3.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं / अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है।

902/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## नाम परिवर्तन

मैं जो कि स्तुति पुत्री श्री सन्दीप कुमार निवासी 573 वार्ड 11 वसंत विहार गन्नौर तहसील गन्नौर जिला सोनीपत की हूँ और अपने हल्फ से निम्न ब्यान करती हूँ कि मैने अपना नाम स्तुति से बदलकर स्तुति अत्री कर लिया है। मुझे भविष्य में स्तुति अत्री के नाम से जाना जाता है। मेरा उपरोकत ब्यान सत्य है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

में जो कि धमंबीर पुत्र चंदराम निवासी तेवडी तहसील गन्नौर जिला सोनीपत का निवासी हू मैं हल्फ से बयान करता हू कि मेरा लडका सोनू व उसकी पली रीना मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से काफी समय पहले से कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है । मैं अपने लडके सोनु व उसकी पली रीना को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई ताल्लुक नहीं है। भविष्य में उनसे कोई लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी वह मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं जो कि मुमुक्ष पुत्र श्री सन्दीप कुमार निवासी 573 वार्ड 11 वसंत विहार गन्नौर तहसील गन्नौर जिला सोनीपत का हूँ और अपने हल्फ से निम्न ब्यान करता हूँ कि मै उपरोकत पते का स्थाई निवासी हूँ। मैने अपना नाम मुमुक्ष से बदलकर मुमुक्ष अत्री कर लिया है। मुझे भविष्य में मुमुक्ष अत्री के नाम से जाना जाता है।

# दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र शुरू

## मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम को लगाया खीर का भोग, आज पेश होगा वित्त वर्ष 2025-26 का बजट

**टीम एक्शन इंडिया/ शिवानी मोरवाल**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया। बजट सत्र शुरू होने से पहले खीर सेरेमनी का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने तैयार 'खीर' का सबसे पहले भगवान श्रीराम को भोग लगाया। मंगलवार को वित्त वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा। विधानसभा भवन में बजट सत्र शुरू होने से पहले खीर सेरेमनी का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खीर का सबसे पहले भगवान श्रीराम का भोग लगाया। इस बाद मुख्यमंत्री ने कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों और अन्य लोगों का खीर से मुंह मीठा कराया। बजट सत्र में आज डीटीसी के कामकाज पर सीएजी रिपोर्ट सदन में पेश की जाएगी। यह तीसरी सीएजी रिपोर्ट होगी। मंगलवार को वित्त वर्ष




2025-26 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा और बुधवार को बजट पर चर्चा होगी। गुरुवार को विधानसभा में बजट को मंजूरी दी जाएगी। शुक्रवार को निजी विधेयकों और संकल्पों पर चर्चा होगी। विधानसभा का बजट सत्र 24 से 28 मार्च 2025 तक चलेगा और आवश्यकता पड़ने पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार को बजट के लिए 10 हजार से ऊपर सुझाव वाट्सएप और ईमेल के माध्यम से दिल्लीवासियों से प्राप्त हुए हैं। विकसित दिल्ली बजट के लिए महिलाओं, शिक्षाविदों, व्यापारियों, औद्योगिक संगठनों, किसानों, विधायकों, सांसदों, युवाओं, डॉक्टर, सीए, नगर निगम पार्षद एवं कर्मचारी, झुग्गी निवासियों और इन्फ्लुएंसर्स आदि के साथ मुख्यमंत्री के स्तर पर संवाद किया गया।

## रोहिणी में एक व्यक्ति ने आत्महत्या की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। रोहिणी जिले के प्रेम** नगर इलाके में एक व्यक्ति ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान प्रेम नगर निवासी प्रशांत कौशिक के रूप में हुई है।

उनके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। छानबीन के दौरान पुलिस को शव के पास से अवैध कट्टा मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। शुरूआती जांच के बाद पुलिस ने खुदकुशी की आशंका जताई है। पुलिस मृतक के परिवार वालों से पूछताछ कर जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना सोमवार की है। पुलिस को सुबह 10 बजे सूचना मिली कि प्रेम नगर इलाके में एक व्यक्ति ने खुद को गोली मार ली है। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि उस व्यक्ति के सिर में गोली लगी है। पैर के पास एक कट्टा पड़ा है। पुलिस ने मौके पर क्राइम व एफएसएल टीम को बुलाया। टीम ने छानबीन कर साक्ष्य इकट्ठा किए। परिवार वालों के संपर्क करने पर पता चला कि वह व्यक्ति खराद का काम करता था।

## सिख विरोधी दंगाः सज्जन कुमार के दर्ज नहीं हो सके




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सिख विरोधी दंगों के जनकपुरी से जुड़े मामले में आरोपित सज्जन कुमार सोमवार को दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। आज सज्जन कुमार का बयान दर्ज होना था, लेकिन प्रश्न तैयार नहीं होने की वजह से सुनवाई टाल दी गई। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मामले की अगली सुनवाई 14 अप्रैल को करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 25 फरवरी को सरस्वती विहार से जुड़े सिख विरोधी दंगों के मामले में सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। 9 नवंबर, 2023 को इस मामले के पीड़ित मंजीत कौर ने अपने बयान दर्ज कराए थे। अपने बयान में मंजीत कौर ने कहा था कि मैंने भीड़ में शामिल लोगों से सुना था कि सज्जन कुमार भीड़ में शामिल थे, लेकिन सज्जन कुमार को आंखों से नहीं देखा था। इससे पहले 23 अगस्त, 2023 को कोर्ट ने सज्जन कुमार के खिलाफ आरोप तय कर दिए थे।

**बयान दर्ज**

**सज्जन कुमार का बयान दर्ज होना था, लेकिन प्रश्न तैयार नहीं होने की वजह से सुनवाई टाल दी गई**

कोर्ट ने सज्जन कुमार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 153अ, 295, 149, 307,308, 323, 325, 395, 436 के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने सज्जन कुमार के खिलाफ लगाई गई हत्या की धारा 302 को हटाने का आदेश दिया था। दरअसल, 1984 सिख दंगा के दौरान जनकपुरी में दो सिख सोहन सिंह और उनके दामाद अवतार सिंह की 1 नवंबर, 1984 की हत्या हुई थी।




दिल्ली विधानसभा परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने आम आदमी पार्टी के विधायकों के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन किया।

## बुजुर्ग दंपति की हत्या के मामले में दो गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी जिले के सुभाष प्लेस इलाके में बुजुर्ग दंपति की हत्या के मामले में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान उत्तम नगर रवि और करण विहार निवासी दीपक उर्फ पंकज के रूप में हुई है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से चोरी की गई नकदी 30 हजार रुपये, सोने की एक चूड़ी, एक हथौड़ी, एक कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। उत्तर पश्चिमी जिले के एडिशनल डीसीपी सिकंदर सिंह ने बताया कि 18 मार्च को थाना सुभाष प्लेस में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। इसमें बताया गया कि मकान संख्या 317, कोहाट एन्क्लेव, पीतमपुरा में एक अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर घर में रहने वालों पर हमला किया है। कॉल करने वाले ने घटनास्थल पर एम्बुलेंस भेजने का भी अनुरोध किया।

**बरामद किए**

**चोरी की गई नकदी 30 हजार, सोने की एक चूड़ी, एक हथौड़ी, एक कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए**

पीसीआर कॉल मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस को घटनास्थल पर उक्त घर की तीसरी मंजिल पर दो अलग-अलग कमरों में सड़ी-गली अवस्था में दो शव मिले।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवाया। सुभाष प्लेस थाना पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में मृतकों की पहचान मोहिंदर सिंह (70) और उनकी पत्नी दलजीत कौर (71) के रूप में हुई।





- देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में प्रथम
- 56 लाख+ परिवारों के लिए पक्के आवास
- पीएम किसान सम्मान निधि के क्रियान्वयन में प्रथम
- 1.86 करोड़ उज्ज्वला गैस कनेक्शन का वितरण
- स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि ऋण वितरण में प्रथम
- सर्वाधिक 2.75 करोड़ शौचालयों का निर्माण

उत्तर प्रदेश नं. 1

- 15 करोड़ नागरिकों को निःशुल्क राशन का वितरण
- 60 लाख माताओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना सहायता
- 1.58 करोड़ घरों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन
- 9 करोड़ लोगों को ₹5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
- 9.57 करोड़ लोगों का जन धन बैंक खाता
- 1 करोड़ परिवारों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित

खुशहाल किसान, यूपी की पहचान

- पहली कैबिनेट का पहला निर्णय: ₹36,359 करोड़ का फसल ऋण मोचन, 94 लाख किसान लाभान्वित
- खाद्यान्न उत्पादन : वर्ष 2016-17 में 557.46 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 668.39 लाख मीट्रिक टन (20% वृद्धि)
- सिंचन क्षमता : वर्ष 2017 तक 82.58 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 131 लाख हेक्टेयर, 976 परियोजनाएं पूर्ण
- रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान : 2017 से अब तक ₹2.80 लाख करोड़ का भुगतान, पिछले 22 वर्षों में हुए कुल भुगतान से ₹66 हजार करोड़+ अधिक
- चीनी मिल : 3 नयी चीनी मिल, 6 चीनी मिलों का पुनर्संचालन, 38 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार
- अनाज खरीद : बिचौलियों को बाहर किया, ₹43,424 करोड़ गेहूं मूल्य एवं ₹88,746 करोड़ धान मूल्य का भुगतान
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना : 2.86 करोड़ किसानों को ₹80,000 करोड़+ हस्तांतरित
- प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अन्तर्गत 73,924 सोलर पंपों की स्थापना

सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश

- महिलाओं के लिए पुलिस में 20 प्रतिशत पद, 1.38 लाख+को सरकारी नौकरी
- 10 लाख+ स्वयं सहायता समूह से 1 करोड़+ महिलाओं को रोजगार
- महिला वर्क फोर्स : 2017 में 14.2 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 35.1 प्रतिशत हुआ
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना : 1.86 करोड़ परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन, होली व दीपावली पर मुफ्त एलपीजी सिलेंडर रीफिल
- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना : 22.11 लाख बालिकाएं लाभान्वित
- निराश्रित महिला पेंशन योजना : 33.55 लाख महिलाएं लाभान्वित
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना : 4.22 लाख जोड़ों का विवाह संपन्न, धनराशि ₹51 हजार से बढ़ाकर ₹1 लाख
- आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों व सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि, 3.73 लाख महिलाएं लाभान्वित
- बी.सी. सखी : 39 हजार+ ने 31,626 करोड़ का लेनदेन किया, 85.81 करोड़ लाभांश

काम दमदार, युवाओं को रोजगार

- 2017 में प्रति व्यक्ति आय ₹46 हजार से बढ़कर 2024 में ₹1 लाख 24 हजार
- बेरोजगारी दर : 2016 में 18 प्रतिशत युवा बेरोजगार, 2024 में बेरोजगारी दर घटकर 3 प्रतिशत
- निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया : 8.5 लाख+ सरकारी नौकरी, 3.75 लाख+ संविदा पर नियुक्ति
- MSME एवं निंजी क्षेत्र में 2 करोड़+ रोजगार एवं ODOP योजना से 2.54 लाख+ रोजगार
- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 2.27 लाख+ युवाओं को रोजगार
- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत 10 लाख नये उद्यमी तैयार करने का लक्ष्य

सबके साथ सरकार

- 3,213 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूरा, 1,630 पर कार्य प्रगतिशील
- अनुसूचित जाति (पूर्व दशम) के 32,49,854 छात्र-छात्राओं को ₹708.49 करोड़ छात्रवृत्ति
- अनुसूचित जाति (दशमोत्तर) के 89,31,203 छात्र-छात्राओं को ₹9,662.25 करोड़ छात्रवृत्ति
- पिछड़ा वर्ग (पूर्व दशम) के 62,79,519 छात्र-छात्राओं को ₹1,28,627.48 करोड़ छात्रवृत्ति
- पिछड़ा वर्ग (दशमोत्तर) के 1,31,05,263 छात्र-छात्राओं को ₹7,62,524.03 करोड़ छात्रवृत्ति
- सामान्य वर्ग (पूर्व दशम) के 8,58,750 छात्र-छात्राओं को ₹221.95 करोड़ छात्रवृत्ति
- सामान्य वर्ग (दशमोत्तर) के 48,13,347 छात्र-छात्राओं को ₹5,499.86 करोड़ छात्रवृत्ति

स्वास्थ्य का उपहार

- आयुष्मान भारत : 9 करोड़ लोगों को ₹5 लाख तक का मुफ्त चिकित्सा बीमा
- 80 मेडिकल कॉलेज संचालित, 11,300 एमबीबीएस सीटों की वृद्धि
- गोरखपुर एवं रायबरेली में एम्स, लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय
- महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर
- 22,681 आरोग्य मंदिर का संचालन

विकास पथ पर यूपी का रथ

- 6 एक्सप्रेसवे संचालित, 11 पर काम जारी, गंगा एक्सप्रेसवे बनने के बाद देश के कुल एक्सप्रेसवे में 55% की हिस्सेदारी
- एक्सप्रेसवे की लम्बाई : 2017 तक 491 किलोमीटर, 2024 तक 1225 किलोमीटर
- 32 हजार किमी+ लम्बाई के मार्गों का नवनिर्माण, 25 हजार किमी के मार्गों का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण
- 2017 तक केवल 04 एयरपोर्ट, 21 एयरपोर्ट की ओर अग्रसर देश का एकमात्र राज्य, जिनमें 05 इंटरनेशनल एयरपोर्ट
- देश का सबसे बड़ा जेवर एयरपोर्ट लगभग तैयार, सबसे बड़ा एयर कार्गो हब बनेगा उत्तर प्रदेश
- हल्दिया से वाराणसी तक जलमार्ग संचालित, प्रयागराज-अयोध्या तक विस्तारीकरण का कार्य जारी

अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस

- 2017 के पहले माफिया-अपराधी बेलगाम, 2017 के बाद कानून का राज, भयमुक्त व्यवस्था
- एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार डकैती के मामलों में 84.41%, लूट में 77.43%, हत्या में 41.01%, बलवा में 66.40%, फिरौती के लिए अपहरण में 54.72%, दहेज हत्या में 17.08% और बलात्कार के मामलों में 26.15% की कमी
- 79,984 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट, 930 अपराधियों के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई
- माफिया के अवैध कब्जे से लगभग ₹3000 करोड़ की संपत्ति जब्त, अवैध संपत्तियां गिराकर उन पर गरीबों के लिए आवास
- 222 दुर्दांत अपराधी एनकाउंटर में ढेर, 28,000+ बदमाश जेल भेजे गए
- 7 महानगरों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था, 18 एंटी टैररिस्ट स्क्वैड यूनिट स्थापित
- 6 स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स की वाहिनियां, 3 महिला पीएसी बटालियन स्थापित
- सभी जनपदों में साइबर थाने, 11 लाख+ सीसीटीवी कैमरों की स्थापना
- 112 पुलिस कंट्रोल का रिस्पॉन्स टाइम 2017 से पहले 25.42 मिनट, 2024 में घटकर 7.24 मिनट

हर घर रोशन

- प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना : 1.58 करोड़ घरों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन
- जिला मुख्यालयों को 24 घंटे, तहसील मुख्यालयों को 22 घंटे, ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे बिजली
- किसानों के निजी नलकूप से सिंचाई के लिए बिजली के बिल पर शत-प्रतिशत छूट
- बुंदेलखंड में ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के अंतर्गत 4000 मेगावाट क्षमता का प्लांट
- 53 कम्प्रेस्ड बायोगैस/बायो कोल/बायो डीजल एवं बायो इथेनॉल प्लांट की स्थापना

अंत्योदय से गरीब कल्याण

- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना : 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन
- प्रधानमंत्री आवास योजना : 56 लाख+ आवासों का निर्माण
- पीएम स्वनिधि योजना : 1,80,000+ स्ट्रीट वेंडर्स को ₹3,000 करोड़ + का ऋण
- हर घर जल योजना : 2.37 करोड़ + परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल की सुविधा
- मनरेगा : 200 करोड़ मानव दिवस सृजित, 100 दिन का रोजगार देने में प्रथम

सबको शिक्षा-उत्तम शिक्षा

- सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण
- 57 असेवित जनपदों में सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण
- अलीगढ़, आजमगढ़, सहारनपुर, बलरामपुर, मीरजापुर एवं मुरादाबाद में राज्य विश्वविद्यालयों का संचालन
- प्रयागराज में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का निर्माण
- गोरखपुर में सैनिक स्कूल, फॉरेस्ट्री कॉलेज, एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी
- गोरखपुर एवं चंदौली में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय







सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

# सीएम ने हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी बैठक की अध्यक्षता की

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: पानीपत** नगर निगम क्षेत्र में 17.85 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक अग्निशमन केंद्र स्थापित किया जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूसी) बैठक की अध्यक्षता की है। बैठक के दौरान 109.30 करोड़ रुपये के अनुबंधों को मंजूरी दी। बैठक के दौरान विभिन्न बोलीदाताओं के साथ नेगोशिएशन के परिणामस्वरूप 6.92 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण लागत बचत हुई। बैठक में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल भी मौजूद थे।
यमुनानगर में स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम के लिए 16.50 करोड़ रुपये की लागत से नई एलईडी लाइट लगाने और मौजूदा स्ट्रीट लाइटों को एलईडी स्ट्रीट लाइटों से बदलने के साथ-साथ एक केंद्रीकृत नियंत्रण और निगरानी प्रणाली (सीसीएमएस) पैनल को




भी मंजूरी दी गई। इसके अतिरिक्त, अंबाला नगर निगम की सीमा के भीतर एक स्मार्ट स्ट्रीट लाइट सिस्टम के कार्यान्वयन को मंजूरी दी गई, जिसमें पारंपरिक स्ट्रीट लाइटों को बदलना और केंद्रीकृत नियंत्रण और निगरानी प्रणाली (सीसीएमएस) के साथ एकीकृत नई एलईडी ल्यूमिनेयर स्थापित करना शामिल है, जिसकी लागत 14.70 करोड़ रुपये है। इसी तरह, करनाल नगर निगम के अंतर्गत मेरठ रोड से उधम सिंह चौक वाया सामुदायिक केंद्र, सेक्टर-9 और बाजार क्षेत्र (मेरठ रोड से साईं मंदिर और चौक, साईं मंदिर से नूर महल चौक और चौक, नूर महल चौक से उधम सिंह चौक और उधम सिंह चौक से सामुदायिक केंद्र) तक सड़क को 7.90 करोड़ रुपये की लागत से मजबूत करने को भी मंजूरी दी गई। बैठक में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत ईपीसी मोड पर करनाल के कैलाश स्थित हॉकी स्टेडियम के लिए 13.25 करोड़ रुपये की लागत से छात्रावास ब्लॉक के निर्माण को भी मंजूरी दी गई। इसके अतिरिक्त, फरीदाबाद में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 18.10 करोड़ रुपये की लागत से दो कोलेटरल सड़कों- शनि मंदिर रोड और सेक्टर-28 मेन रोड के विकास को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा, पलवल नगर परिषद क्षेत्र में 9.93 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न गलियों और नालियों के निर्माण तथा नगर परिषद होडल के वार्ड 20 और 21 में नव नियमित कॉलोनी-154 में 11.07 करोड़ रुपये की लागत से आईपीबी गली और नाले के निर्माण को भी मंजूरी दी गई।
मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं, साथ ही कहा कि किसी भी देरी के लिए संबंधित ठेकेदार और अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने निर्माण में गुणवत्ता वाली सामग्री के उपयोग को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरूण कुमार गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री विकास गुप्ता, संबंधित नगर निगम के आयुक्त एवं मुख्य अभियंता तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

**फैसले**

- बैठक में 109.30 करोड़ रुपये के अनुबंधों को मंजूरी दी गई, पानीपत नगर निगम क्षेत्र में 17.85 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक अग्निशमन केंद्र स्थापित किया जाएगा
- मुख्यमंत्री ने सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे करने के निर्देश दिए

# कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है: मुख्यमंत्री सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, वे केवल लोगों को गुमराह कर राजनीतिक स्वार्थ साधने का काम करते हैं। कांग्रेस नेता देश के बारे में नहीं बल्कि स्वयं के बारे में सोचते हैं कि कैसे उनकी कुर्सी सुरक्षित रहे। मुख्यमंत्री आज यहां आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, विपुल गोयल और कृष्ण कुमार बेदी भी उपस्थित रहे। नायब सिंह सैनी ने लोकसभा में वक्फ बोर्ड पर लाए गए बिल के संबंध में कहा कि इस पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सीएए पर भी लोगों को गुमराह करने का काम किया। जबकि वो नागरिकता प्रदान करने का कानून था। कांग्रेस द्वारा लोगों को केवल मात्र वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करना दुर्भाग्यपूर्ण है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लोगों के जीवन को सरल करने के लिए निरंतर नए-नए निर्णय ले रही है। इसी कड़ी में छोटे व्यापारियों को राहत देने के लिए गत दिवस ही वन टाईम सेटलमेंट स्कीम शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का ध्येय है कि प्रदेश, देश और प्रत्येक व्यक्ति विकास के पथ पर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निकाय चुनावों के बाद ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है और अब जमीनी स्तर पर सभी संकल्प तय समय में पूरे किए जाएंगे।

**साधा निशाना**

- कांग्रेस नेता देश के बारे में नहीं बल्कि स्वयं के बारे में सोचते हैं कि कैसे उनकी कुर्सी सुरक्षित हो: सैनी

## न्यूज फ्लैश

### जिलाधीश ने दिलाई 13 विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता की शपथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद।** भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले चार अफगान और पाकिस्तान के नौ नागरिकों को जिलाधीश विक्रम सिंह ने सोमवार को भारतीय नागरिकता प्रदान की। उन्होंने सभी नागरिकों को भारतीय संविधान की अनुपालना की शपथ दिलाते हुए भारत की नागरिकता मिलने की बधाई देते हुए सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। जिलाधीश विक्रम सिंह ने अपने कार्यालय में अफगान से नरिंदर कौर, हेम चंद, कविता, सेरीराम और पाकिस्तान से गुरमुख, शहजादी, अनार कली, दुर्गा देवी बागरी, अश्वर लाल महाराज, इंद्र राज बागरी, हरिंदर कौर, अमृत पाल, अबनाश कुमार को भारतीय नागरिकता की शपथ दिलाई। सभी ने हिंदी में भारतीय संविधान की अनुपालना की शपथ ली। डीसी ने नागरिकता मिलने पर सबको बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत का नागरिक होना अत्यधिक गर्व और सम्मान की बात है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है। जिलाधीश ने कहा कि भारत में सबको समान रूप से अधिकार प्राप्त हैं। सबको देश की मजबूती व अखंडता के लिए एकजुटता के साथ सक्रिय योगदान देना चाहिए। यहां के मूल नागरिकों के साथ अन्य देशों से आने वाले लोगों को भी भारतीय नागरिकता लेने के साथ परंपराओं व संस्कृति को अपनाते हुए आगे बढ?ा चाहिए। इसके अलावा उन्होंने संबंधित नागरिकों के साथ अन्य मामलों पर भी चर्चा करते हुए शुभकामनाएं दी।

### हरियाणा के स्कूलों में खेल सुविधाएं होंगी अब और बेहतर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/ शिव कुमार शर्मा**
**राजकीय स्कूलों में खेल** सुविधाएं मजबूती होंगी। स्कूलों में खेल संसाधन मुहैया करवाए जाएंगे ताकि खिलाड़ी पढ़ाई के साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले सकें। भारत सरकार की ओर से खेल अनुदान के तहत 14 करोड़ 78 लाख 95 हजार रुपये की राशि जारी की है। प्रदेशभर के 14 हजार 219 स्कूलों में खेल सुविधाओं को मजबूती देने के लिए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से जिलावार खेल ग्रांट का आवंटन कर दिया गया है। ग्रांट का आवंटन प्राथमिक पाठशाला से लेकर माध्यमिक व उच्च विद्यालय और वरिष्ठ विद्यालयों में चार श्रेणियों में होगा। इसको लेकर बाकायदा शिक्षा विभाग की ओर से अलग-अलग से ग्रांट आवंटित की है, ताकि कहीं भी खेल इक्यूपमेंट खरीदने में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत खेल अनुदान के तहत ग्रांट जारी की गई है। ग्रांट को आगामी 31 मार्च तक खर्च करने के निर्देश दिए गए हैं। 31 मार्च तक खेल ग्रांट खर्च न करने वाले स्कूलों की ग्रांट लैप्स हो जाएगी। भारत सरकार की ओर से ग्रांट जारी करने के साथ हिदायत दी गई है कि खेल सामग्री की खरीद के समय स्कूल स्तर पर कमेटी गठित की जाएगी। गठित कमेटी को निर्धारित किए गए मानदंडों की पालना करनी होगी। कमेटी स्कूल प्राधिकारियों की आवश्यकता के अनुसार खेल उपकरणों तथा खेल सुविधाओं की रिपोर्ट तैयार करेगी, उसके आधार पर खेल सामग्री की खरीद की जाएगी। जिला स्तर पर गठित कमेटी स्कूल स्तर से उपयोगिता प्रमाण पत्र एकत्रित करेगी और पूरे जिले का संकलित उपयोगिता प्रमाण पत्र मुख्यालय भिजवाया जाएगा।

### फर्जी सप्लायर बन व्यवसायी के साथ ठगी करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** फर्जी सप्लॉयर बन व्यवसायी के साथ ठगी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने सोमवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सेंट्रल में सेक्टर-16 फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति ने शिकायत दी जिसमें उसने बताया कि वो ए-4 साइज के पेपर सप्लाई का काम करता है। उसे पेपर सप्लाई करने के लिए पेपर की आवश्यकता थी, जिस पर उसने जस्ट डायल एप में पेपर सप्लॉयर सर्च किए जहॉ से उसे ठगों का नम्बर मिला। जब उसने उस नम्बर पर बात की तो ठगों ने उसे पेपर आपुर्ति का आश्वासन दिया और अग्रिम राशि जमा करने को बोला।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा में होगा आगमन: सीएम सैनी

**'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे'**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री प्रदेशवासियों को दो बड़ी परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसमें यमुनानगर में 7272.06 करोड़ रुपये की लागत से दीनबंधु चौधरी छोटूराम थर्मल पावर प्लांट में 800 मेगावाट की नई इकाई का शिलान्यास तथा महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे, हिसार से हवाई सेवाओं का शुभारंभ करना शामिल है।मुख्यमंत्री ने यह जानकारी आज यहां आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दी। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, विपुल गोयल और कृष्ण कुमार बेदी भी उपस्थित रहे।
नायब सिंह सैनी ने कहा कि संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने दीन-दुखियों तथा पिछड़े वर्गों के जीवन के कल्याण व उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने संविधान के माध्यम से समाज को एक सूत्र में पिरो कर नया मार्ग दिखाया। उनके जीवन से नई पीढ़ी को सीख व प्रेरणा देने के उद्देश्य से उनका जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा



है। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुष व संत-महात्मा समाज के लिए अमूल्य धरोहर हैं। इसलिए सरकार ने संतों व महापुरुषों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश में 'संत-महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना' चलाई हुई है।

**थर्मल पावर प्लांट में 800 मेगावाट की नई इकाई स्थापित होने से हरियाणा की घरेलू ऊर्जा उत्पादन क्षमता 3,382 मेगावाट तक बढ़ेगी**

मुख्यमंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हरियाणा पावर जनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीजीसीएल) को दीनबंधु चौधरी छोटूराम थर्मल पावर प्लांट, यमुनानगर में 800 मेगावाट की तीसरी इकाई स्थापित करने की अनुमति दी गई है। यह परियोजना यमुनानगर में दीनबंधु चौधरी छोटूराम थर्मल पावर प्रोजेक्ट में 2300 मेगावाट इकाइयों वाले मौजूदा संयंत्र का विस्तार है। इस परियोजना को पूरा करने के लिए की 52 महीने की समय सीमा तय की गई है, जबकि वाणिज्यिक संचालन 48 महीनों के अंदर शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस इकाई से हरियाणा की घरेलू ऊर्जा उत्पादन क्षमता 3,382 मेगावाट तक बढ़ जाएगी। वर्तमान में राज्य में लगभग 14,000 मेगावाट बिजली उपलब्ध है, जिसमें से 2,582 मेगावाट एच.पी.जी.सी.एल. द्वारा उत्पन्न की जाती है। इस परियोजना को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से क्लीयरेंस मिल चुकी है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से भी इस परियोजना को लेकर मंजूरी मिल चुकी है।

**शिलान्यास करेंगे**

- देंगे 2 बड़ी परियोजनाओं की सौगात, पावर प्लांट में 800 मेगावाट की नई इकाई का करेंगे शिलान्यास

# टीबी हारेगा देश जीतेगा नेहरू युवा केंद्र ने संभाला मोर्चा

**टीबी मुक्त**

- नेहरू युवा केंद्र सोनीपत की स्वयंसेविका आरती पांचाल के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना: टीबी** मुक्त भारत के तहत सोमवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वाधान में नेहरू युवा केंद्र ने राजकीय कन्या महाविद्यालय गोहाना में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य पवन लठवाल ने कहा कि टीबी के लक्षणों की पहचान संदिग्ध मामलों की रिपोर्टिंग और उपचार के लिए प्रेरित करने में शिक्षको का योगदान महत्वपूर्ण है।
नेहरू युवा केंद्र सोनीपत की स्वयंसेविका आरती पांचाल के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# पीएम किसान योजना के नाम से भेजा लिंक, दो लाख ठगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद। फरीदाबाद** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने पीएम किसान योजना के नाम पर साइबर फ्रॉड करने वाले आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी नेशनल लेवल का खिलाड़ी रह चुका है। आरोपी पर पहले से मामले दर्ज हैं। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आरोपी बंशीलाल (40) को सिरसा से पकड़ा गया है। वह देहरादून में जूडो की एकेडमी चलाता है और नेशनल लेवल का खिलाड़ी रह चुका है। मामला श्याम कालोनी पार्ट-2 फरीदाबाद के एक व्यक्ति की शिकायत पर दर्ज किया गया।

# बजट प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 का राज्य बजट हरियाणा के लोगों की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए इस बजट में संकल्प पत्र के 90 संकल्प इसी वर्ष पूरे करने का संकल्प व्यक्त किया है। अब तक सरकार ने संकल्प पत्र के 217 में से 19 वादों को पूरा कर चुके हैं और 14 पर कार्य जारी है।
मुख्यमंत्री ने यह जानकारी आज यहां आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दी। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, विपुल गोयल और कृष्ण कुमार बेदी भी उपस्थित रहे।
नायब सिंह सैनी ने बजट में किए गए संकल्पों का जिक्र करते हुए कहा कि हरियाणा को 'भविष्य सक्षम' बनाने के लिए 'डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर' नाम से एक नया विभाग बनाया जाएगा। इसके अलावा, हरियाणा ए.आई. मिशन की स्थापना करेंगे और गुरुग्राम व पंचकूला में एआई हब बनाया जाएगा। महिला किसानों को डेयरी स्थापित करने हेतु 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण देंगे। हर 10 किलोमीटर के दायरे में एक नया मॉडल संस्कृति स्कूल खोला जाएगा और हर जिले में एक राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्पोर्ट्स बनाया जाएगा।
उन्होंने कहा कि नकली बीज व कीटनाशकों पर रोक लगाने के लिए इसी विधानसभा सत्र में एक बिल लेकर आये हैं। इसके अलावा, बजट में 10वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए हर वर्ष 'हरियाणा मैथ ओलंपियाड' आयोजित करने का भी संकल्प रखा गया है। विश्व कौशल ओलंपिक के पदक विजेताओं को 10 लाख रुपये तक का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। कैंसर मरीजों के लिए 17 जिलों में डे-केयर सेंटर खोले जाएंगे।



**संकल्प**

- 10 लाख रुपये तक का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। कैंसर मरीजों के लिए 17 जिलों में डे-केयर सेंटर खोले जाएंगे

# एसडीएम श्रोत्रिय ने अनाज मंडियों का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना: एसडीएम** अंजलि श्रोत्रिय ने सोमवार को अनाज मंडियों का दौरा कर गेहूं खरीद प्रक्रिया की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने खरीद एजेंसियों व संबंधित अधिकारियों को खरीद कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए और यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।
उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ फसलों की अनुमानित आवक व तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि



वे सरसों व गेहूं के खरीद कार्य को लेकर अपनी सभी तैयारियां पूरी करें। एसडीएम ने खासतौर पर भंडारण (स्टोरेज) की बेहतर योजना बनाने पर जोर दिया, ताकि पीक सीजन के दौरान अनाज की लिफ्टिंग को लेकर किसानों व आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि सभी खरीद एजेंसियां अनुमानित आवक का सही अध्ययन कर अपनी रणनीति तैयार करें, ताकि मंडियों में भीड़भाड़ न हो और किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई कठिनाई न आए।
एसडीएम ने कहा कि मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएं, जहां किसान अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान प्राप्त कर सकें।

**निर्देश**

- खरीद एजेंसियों व संबंधित अधिकारियों को खरीद कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए

# हरियाणा के 62 निकायों में सामने आई 1400 करोड़ रुपये की गड़बड़ी: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि एक ओर प्रदेश की भाजपा सरकार का दावा है कि उसने भ्रष्टाचार पर काबू पाया है जबकि हालात इसके उलट है, भ्रष्टाचार कम होने के बजाए बढ़ रहा है। स्थानीय निकाय तो भ्रष्टाचार की खान बन चुके है जहां पर एक भी काम ऐसा नहीं है जो बिना भ्रष्टाचार के हो जाए। अभी तक नव निर्वाचित मेयर, चेयरमैन ने शपथ भी नहीं ली है कि प्रदेश के 62 निकायों में 1400 करोड़ रुपये की गड़बड़ी सामने आई है। अधिकारियों ने कामकाज के लिए एडवांस तो लिया पर उसे कहां खर्च किया गया, इसका कोई हिसाब या सबूत नहीं दिया गया है, सबसे ज्यादा गड़बड़ी गुरुग्राम में सामने आई है। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि स्थानीय निकाय में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है, हर कागज और हर काम से भ्रष्टाचार की बू आती है क्योंकि भ्रष्टाचार हुआ है। अनेक घोटाले सामने आए पर किसी को सजा तक नहीं मिली, भ्रष्टाचार सामने आने के बाद आरोपी को बचाने की कवायद शुरू हो जाती है।
प्रदेश में नए मेयरों के पद संभालने से पहले 10 नगर निगमों समेत 62 निकायों में करीब 1400 करोड़ की टेंपरेरी एडवांस में गड़बड़ी सामने आई है। यह गड़बड़ी किसी जांच एजेंसी ने नहीं बल्कि विधानसभा की कमेटी ने पकड़ी है। जिसमें पता चला कि अधिकारियों ने कामकाज के लिए एडवांस लिया लेकिन उसे कहां खर्च किया गया, इसका कोई हिसाब या सबूत नहीं दिए गए। सबसे ज्यादा गड़बड़ी गुरुग्राम में पकड़ी गई है। सीधे तौर पर इसे गइन ही माना जाएगा। सरकार को इसकी न्यायिक जांच करवाकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और ऐसा दंड दिया जाए कि दूसरा इसके बारे में कभी सोच ही न सके।

# 14 अप्रैल को हरियाणा में होंगे पीएम, करेंगे हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन: बड़ौली

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** आगामी कार्यक्रमों की योजना रचना को लेकर सोमवार को गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक हुई। इस मौके पर विशेष रूप से राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया और कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हरियाणा आएंगे और हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे, इसके अलावा प्रधानमंत्री का एक और कार्यक्रम होगा। आगामी कार्यक्रमों के बोलते हुए उन्होंने कहा कि दो और तीन



अप्रैल को समालखा में कार्यशाला होगी जिसमें सभी जिलों के अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष शामिल रहेंगे। गुरुग्राम के जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली समेत तमाम नेताओं का स्वागत किया। श्री बड़ौली ने कहा कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस है जिसे पार्टी मंडल स्तर पर मनाएगी और 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती भी मंडल स्तर पर मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को बूथ स्तर पर सुना जाएगा। आज की इस बैठक में गुरुग्राम, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, नूंह, रेवाड़ी, रोहतक, झज्जर, पलवल, पटौदी जिला के जिला अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, विधायक, चुनाव लड़े प्रत्याशी, मंत्री और मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं ने अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत संगठन के आधार पर ही सरकारें बनती है। हरियाणा में भाजपा का संगठन मजबूत है और इसी का परिणाम है कि हम लगातार चुनाव जीत रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाकर इतिहास रचा है। श्री बड़ौली ने कहा कि हमें बूथ को मजबूत करना है और समितियां गठित करनी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा में सदस्यता अभियान अच्छा चला जिसकी प्रशंसा दिल्ली की बैठकों में होती है और इसके लिए हरियाणा के कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि अब जिला, मंडल और बूथ स्तर पर छोटी-छोटी टोलियां बनाएं और हर बूथ की बैठक में कार्यकर्ताओं को शामिल करें। श्री बड़ौली ने कहा कि सात जिलों में बिहार स्थापना दिवस मनाया गया, यह कार्यक्रम बहुत अच्छा रहा।

**कार्यक्रम तय**

- समालखा में कार्यशाला होगी जिसमें सभी जिलों के अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष शामिल रहेंगे

# हवाई उड़ान की सुरक्षा को लेक मंडलायुक्त ने अधिकारियों की ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः हवाई उड़ान की** सुरक्षा के दृष्टिगत अम्बाला मण्डलायुक्त अंशज सिंह एयरफोर्स तथा जिला प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मण्डलायुक्त अंशज सिंह इस विषय बारे उपायुक्त कार्यालय में हवाई क्षेत्र समिति के तहत आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त कार्यालय में पहुंचने पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मंडलायुक्त को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।
इस मौके पर एयरफोर्स स्टेशन से आए अधिकारी ज्योत्सना चिकारा ने बैठक के दौरान समिति के सदस्यों को अवगत करवाया कि पंजोखरा साहिब गांव स्थित एसडब्ल्यूएम प्लांट के पास



विभिन्न एजेन्सियों द्वारा अवैध रूप से कूड़ा करकट गिराए जाने बारे, गांव धूलकोट के नजदीक सिंचाई विभाग की ड्रैंनों की सफाई न होने के चलते व उसमें कू ड़ा-करकट गिराए जाने बारे तथा एयरफोर्स स्टेशन के नजदीक उचे पेड़ों की छटनी से सम्बधिंत समस्याओं बारे अवगत करवाया। उन्होनें कहा कि इन क्षेत्रों में कू ड़ा-करकट गिरने से पक्षी यहां पर आकर बैठ जाते है, जिसके चलते कई बार हवाई जहाजों के उड़ान व उतरने के दौरान इंजन से टकराने की सम्भावना रहती है, जोकि सुरक्षा की दृष्टि से ठीक नहीं है।
मंडलायुक्त अंशज सिंह ने इन सभी विषयों बारे विस्तार से समीक्षा करते हुए सम्बधिंत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने गांव पंजोखरा साहिब स्थित एसडब्ल्यूएम प्लांट के पास विभिन्न एजेन्सियों द्वारा अवैध रूप से कूड़ा करकट गिराए जाने बारे विषय पर डीडीपीओ से जानकारी हासिल करते हुए कहा कि यहां पर अवैध रूप से कूड़ा करकट नहीं गिरना चाहिए। नगर निगम या सम्बधिंत विभाग इस बात का ध्यान रखे, इसके साथ-साथ धूलकोट के नजदीक जो ड्रैनें है उनकी सिंचाई विभाग बेहतर तरीके से सफाई करवाना सुनिश्चित करें, वहां से गाद निकलवाना सुनिश्चित करें और नगर निगम भी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी दुकानदार या अन्य वहां पर ड्रैनों में कूड़ा-करकट न गिराए। उन्होनें कहा कि जब ड्रैन की सफाई का कार्य किया जाए तो उस समय एयरफोर्स के अधिकारियों की मौजूदगी में कार्य करवाएं और इस कार्य हेतू उनकी संतुष्टि भी लें। उन्होनें कहा कि इस पूरे कार्य की एसडीएम भी रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें। एयरफोर्स स्टेशन क्षेत्र में जो पेड़ उचे है उनकी छटनी का कार्य कैन्टोनमेंट बोर्ड के माध्यम से एयरफोर्स अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि नगर परिषद् के तहत यदि कोई उनका क्षेत्र आता है तो उस कार्य को वे करवाएं। उन्होंने कहा कि हवाई उड़ान की सुरक्षा के तहत इन सभी कार्यो को बेहतर समन्वय के साथ करें।
इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर, एयरफोर्स से ज्योत्सना चिकारा, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, डीएफओ राजेश कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र शर्मा, कार्यकारी अभियन्ता सिंचाई विभाग कृष्ण भुक्कल के साथ-साथ अन्य सम्बधिंत अधिकारीगण मौजूद रहें।

# हकेवि में दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में भारत में बुजुर्गों के कल्याण पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन की सोमवार 24 मार्च को शुरूआत हुई। विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग, राजनीति विज्ञान विभाग व विधि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में देशभर के विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञ एवं शोधार्थी प्रतिभागिता कर रहे हैं। भारत में बुजुर्गों का कल्याण, भारत की दृष्टि एट 2047 में योगदान विषय पर केंद्रित यह दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सामाजिक रक्षा संस्थान, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने की। कुलपति ने बुजुर्गों की देखभाल की आवश्यकता और भारत की दृष्टि एट 2047 में उनके योगदान पर जोर



दिया तथा अन्य देशों में बुजुर्गों के कल्याण की तुलना की। सम्मेलन की शुरूआत में विश्वविद्यालय की मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ की अधिष्ठाता प्रो. पायल चंदेल ने अपने स्वागत भाषण में आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने समाज में बुजुर्गों के कल्याण के महत्व को रेखांकित किया।
तत्पश्चात आयोजन के सह-संयोजक एवं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार सिंह ने कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार का स्वागत किया। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (एनआईएमएचएएनएस) में मनोवैज्ञानिक सहायता आपदा प्रबंधन विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाषिस भद्र ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बुढ़ापा केवल उम्र बढ़ने का परिणाम नहीं है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य से भी संबंधित है। उद्घाटन सत्र के अंत में विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।
सम्मेलन में उद्घाटन सत्र में बाद आयोजित सत्रों में प्रो. सुभाषिस भद्र ने लखनऊ, उत्तर प्रदेश (2013) में बुजुर्गों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं और सामाजिक-सांस्कृतिक प्रथाओं के महत्व पर किए गए शोध का उल्लेख किया।

# मतदाता सूची की रिविजन का शैडयूल जारीः नेहा सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के वर्ष 2025 में होने वाले उपचुनाव को लेकर मतदाता सूचियों की रिविजन का शैडयूल जारी कर दिया गया है। इस शैडयूल के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 मई 2025 को किया जाएगा।
उपायुक्त नेहा सिंह ने जारी आदेशों में कहा है कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग पंचकुला द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार ग्राम पंचायतों की हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 163 के नियम 8 व हरियाणा पंचायती राज नियमावली 1994 के नियम 212 के उपनियम 1 के तहत मतदाता सूची का रिविजन प्रोग्राम जारी किया गया है। इस प्रोग्राम के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची जिसका अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को किया गया है, के साथ मिलान आगामी शैडयूल के अनुसार किया जाना है। उन्होंने कहा कि वार्ड वाइज मतदाता सूची का ड्राफ्ट का कार्य 25 मार्च 2025 से लेकर 5 अप्रैल 2025 तक जारी रहेगा। इसके अलावा 11 अप्रैल को वार्ड वाइज मतदाता सूची के लिए दावें व आपत्तियां आमंत्रित की जाएगी, 18 अप्रैल 2025 तक दावें व आपत्तियां दर्ज करवाने की अंतिम तिथि होगी, 22 अप्रैल 2025 को जिला अधिकारी के समक्ष दावें व आपत्तियां दर्ज करने की अंतिम तारिख होगी। उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को उपायुक्त के समक्ष अपील दाखिल करने की अंतिम तिथि होगी तथा 6 मई को अपीलों पर सुनवाई करने की अंतिम तिथि होगी। इसके उपरांत 13 मई को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# नेचर इंडेक्स में हकेंवि अग्रणी संस्थान के रूप में उभरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित जर्नल नेचर द्वारा जारी नेचर इंडेक्स में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) सहित विभिन्न भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ अनुसंधान में अग्रणी स्थान प्राप्त हुआ है। उच्च गुणवत्ता वाले शोध आउटपुट के मोर्चे पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को 94वां स्थान प्राप्त हुआ है जबकि बीते वर्ष 2023 में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को 152वां स्थान प्राप्त हुआ था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने वर्ष 2024 के दौरान विश्वविद्यालय



द्वारा की गई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने शिक्षा, शोध व नवाचार के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की स्थिति को बेहतर करने के निरंतर प्रयासों में विश्वविद्यालय सहभागियों की प्रतिबद्धता की सराहना की और इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के शोधकताओं और संकाय सदस्यों को समर्पित किया। यहां बता दें कि नेचर जर्नल द्वारा प्राकृतिक विज्ञान और स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्रों से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शोध पत्रिकाओं से प्रकाशनों का चयन करके अनुसंधान नेतृत्व रैंकिंग निर्धारित की जाती है। पत्रिकाओं का चयन उनके क्षेत्रों के अग्रणी वैज्ञानिकों के एक स्वतंत्र पैनल द्वारा प्रतिष्ठा के आधार पर किया जाता है। भारतीय विज्ञान संस्थान हिस्सेदारी के मामले में पहले स्थान पर रहा। हकेवि के आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के उपनिदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए निरंतर अनुसंधान के मोर्चे पर कार्य कर रहा है। साथ ही साथ विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उल्लेखनीय उन्नति की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हकेवि न केवल राज्य में बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक शोध के क्षेत्र में विश्वविद्यालय कुलपति के नेतृत्व व मार्गदर्शन में उल्लेखीय परिणाम ला रहा है और यह उपलब्धि इसी बात का प्रमाण है।

# पौष्टिक आहार के विषय पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। चौधरी चरण** सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा सोमवार को प्रसार कार्यकताओं के लिए परिसर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉ. जयलाल यादव ने कहा की छोटे बच्चों को कुपोषण बच्चों को सबसे अधिक प्रभावित करता है तथा इसके कारण उनकी रोग प्रतिरोध क्षमता कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि आज इस बात की जरुरत है कि हम ऐसी फसलों का चयन करें, जो कम लगत में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के साथ-साथ आय के स्त्रोत में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। मोटे अनाज में बाजरा इस समस्या के लिए बेहतरीन विकल्प है।
प्रशिक्षण के दौरान डॉ. पूनम यादव ने बाजरा बिस्कुट बनाने के विधि का प्रदर्शन किया तथा बाजरा से बनने वाले पौष्टिक आहारों पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण में 40 आंगनबाड़ी कार्यकताओं तथा सुपरवाइजर अनीता यादव, सुनीता कुमारी, सुमन बाला, शिवानी, दर्शाना, किरण व सीमा उपस्थित रही।

# डीसी कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः**
**मुख्यमंत्री नायब सिंह** सैनी के निर्देशांनुसार एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन मे उपायुक्त कार्यालय के सभागार मे समाधान शिविर आयोजित किया गया। समाधान शिविर की अध्यक्षता एसडीएम दर्शन कुमार ने करते हुए लोगो की समस्याओं को सुना और मौके पर ही उनका समाधान किया। एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि आमजन की समस्याओ का त्वरित समाधान



करने के उदेश्य से मुख्यमंत्री जी के निदेर्शानुसार जिलें मे जिलास्तर एवं उपमंण्डल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस मे सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। बतां दे कि इस दौरान समाधान शिविर मे कुल 2 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। इस मौके पर डीएसपी विजय कुमार, नगर निगम से शेरसिंह, खादय एवं आपूर्ति विभाग से

# हयूमन वेल्फेयर सोसाइटी के खिलाफ दिल्ली जंतर मंतर पर 25 मार्च को होगाः पीपी कपूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**जमाकर्ताओं के** हजारों करोड़ों रुपये लेकर भागने वाली हयूमन वेल्फेयर सोसाइटी के मालिकों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिल्ली जंतर मंतर पर 25 मार्च के प्रदर्शन मे जमा कर्ता व एजेंट बढ़ चढ़ कर शामिल होंगे । यह फैसला समालखा मे जमाकताओं व एजेंटों की मीटिंग मे हुआ । आर टी आई एक्टिविस्ट कॉमरेड पी पी कपूर ने बताया कि कम्पनी के हरियाणा प्रभारी सहित मालिक सभी ठगों की गिरफ्तारी व जमा कताओं का रुपया वापिस दिलवाने तक संघर्ष किया जायेगा।
आरोप लगाया कि पुलिस बेकसूर छोटे एजेंटों को गिरफ्तारी का डर दिखा कर परेशान कर रही है , कई निर्दोष छोटे एजेंटो को जेलों मे भी डाल दिया है । जबकि जमा कताओं के हजारों करोड़ ठग कर भाग जाने वाले सोसाइटी मालिक समीर अग्रवाल व हरियाणा प्रभारी बिजेंद्र रोहल के खिलाफ ठगी,जालसाजी, घपले की दर्जनों एफआईआर दर्ज होने के बावजूद दोषी खुले आम घूम रहे हैं । इस मामले को लेकर प्रदेश के हजारों



पीड़ित लोग गत 5 सितंबर को कुरुक्षेत्र मे प्रदर्शन करके मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी को भी मांग पत्र दे चुके हैं । लेकिन कोई सुनवाई न होने पर अब इसी मुद्दे को लेकर दिल्ली जंतर मंतर पर हरियाणा सहित कई प्रदेशों मे हयूमन सोसाइटी के हाथों लुटे पिटे जमा कर्ता व एजेंट 25 मार्च को प्रदर्शन करेंगे ।
**यह है मामलाः** भारत सरकार के कृषि मंत्रालय व सहकारिता मंत्रालय से रजिस्टर्ड हयूमन वेल्फेयर क्रेडिट एन्ड क्रिफ्ट को आपरेटिव सोसाइटी पिछले करीब दस वर्षो से प्रदेश मे सक्रिय थी । एजेंटों के मार्फत सोसाइटी मे लाखों गरीब जमा कताओं ने विभिन्न स्कीमों मे खाते खुलवा कर अपनी बचत का हजारों करोड़ रुपया जमा करवा दिया । लेकिन करीब चार महीने पहले कम्पनी सभी दफ्तरों को बंद कर भाग गई तो लोगों को ठगे जाने का पता चला ।
**मुख्य मांगें:-** हजारों करोड़ के इस घोटाले मे प्रदेश लेवल पर सीनियर आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व मे एसआईटी गठित करके कारवाई की जाए ।हयूमन वेल्फेयर सोसाइटी के हरियाणा प्रभारी बिजेंद्र रोहल व लखनऊ निवासी इस सोसाइटी के मालिक समीर अग्रवाल सहित सभी दोषियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए । जमा कताओं का रुपया वापिस कराया जाए ।निर्दोष सभी एजेंटो का पुलिस उत्पीड़न बंद किया जाए । आज मीटिंग मे मोहम्मद हाशिम, मंजीत,पवन सैनी, सुभाष सैनी,प्रिंस,सुशील जाखोली,हरकेश,रवि दतौली,संजय,राकेश,संजय वर्मा,विकास पँवार,ईश्वर सिंह आदि शामिल हुए ।

# नेफ्था क्रैकर में ऑन-साइट सह ऑफ-साइट आपदा ड्रिल का आयोजन


**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**विभिन्न आपातकालीन समन्व**यकों, जिला प्रशासन और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के पानीपत नेफ्था क्रैकर प्लांट में ऑनसाइट-सह-ऑफसाइट आपदा राहत पूर्वाभ्यास (ड्रिल) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस ड्रिल के परिदृश्य में क्लोरीन टोनर के बॉडी से क्लोरीन रिसाव को दर्शाया गया । रिसाव का पता आज सुबह 11:57 बजे चला और इसे नियंत्रित करने के प्रयास किए गए। फायर अलार्म बजते ही दमकल गाड़ियाँ साइट पर पहुँची और गैस के रिसाव को रोकने के



लिए श्वास यंत्र पहन कर वाटर स्प्रे हवा की दिशा में लगाए गए। इसके अलावा तुरंत स्क्रबर प्रणाली चालू हो गई। घटना स्थल के पास सड़क पर सभी यातायात को रोक दिया गया और आसपास के लोगों को सतर्क करने के लिए घोषणा की गई। इस रिसाव से सुचारू रूप से नियंत्रण पाने के लिए आपसी सहायता भागीदारों को भी सहायता के लिए बुलाया गया। बाल जट्टन गांव से लोगों को निकालकर पुनर्वास केंद्र में पहुंचाया गया। चूंकि क्लोरीन के रिसाव को नियंत्रित करना आवश्यक था ताकि आसपास के गांव प्रभावित न हो सकें अतः सुबह 12:26 बजे लेवल-3 इमरजेंसी घोषित किया गया।
एम्बुलेंस और चिकित्सा सहायता तुरंत प्रदान की गई। गाँव के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। स्थिति के नियंत्रण में आते ही जिला प्रशासन की सहमति से 13:10 बजे इसके सामान्य होने की घोषणा की गई। पानीपत जिला प्रशासन की ओर से इस ड्रिल में श्री विनीत कादियान, जिला परियोजना अधिकारी आपदा प्रबंधन ने भाग लिया। इसके अलावा पानीपत जिला फायर सर्विस, एनएफएल की फायर सर्विस, पीटीपीएस की फायर सर्विस ने अपना फायर टेंडर व अधिकारियों के साथ एक-एक टीम के साथ इस अभ्यास मे भाग लिया। सिविल हॉस्पिटल जिला पानीपत द्वारा एंबुलेंस व अधिकारियों के साथ उनकी टीम ने समय पर पहुंचकर आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान की। ड्रिल के बाद सम्मेलन-कक्ष में एक डी-ब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया, जहां आपातकालीन तैयारी योजना में और सुधार के लिए अवलोकनों की समीक्षा श्री एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख ने की। विनीत कादियान ने एक बेहद पेशेवर तरीके एवं पूर्ण कुशलता से आयोजित उद्देश्यपूर्ण और सफल ड्रिल के लिए टीम पीआरपीसी को बधाई दी।

# वीटा मिल्क प्लांट के स्थानांतरण को लेकर बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः उपायुक्त अजय** सिंह तोमर ने वीटा मिल्क प्लांट अंबाला शहर के स्थानांतरण के दृष्टिगत अपने कार्यालय मे आयोजित सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की एक बैठक लेते हुए वीटा मिल्क प्लांट स्थानांतरित करने को लेकर किए गए कार्यो की समीक्षा की और आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने वीटा मिल्ट प्लांट अंबाला शहर को स्थानांतरित करने को लेकर सम्बंधित अधिकारियों से भूमि



का चयन के साथ जो अन्य औपचारिकताएं एवं अन्य जो कार्य किए जाने है उनकी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्य से जुडे सम्बंधित विभाग बेहतर समन्वय के साथ तमाम औपचारिकताएं पुरी करते हुए इस कार्य में तेजी लाए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत सिंह, एसडीएम दर्शन कुमार, जिला राजस्व अधिकारी विकास, वीटा से राकेश कुमार व मिनाक्षी के साथ-साथ अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहें।

# 380 लाभार्थियों ने पीएमएवाई-2 योजना के जोड़ने के लिए दस्तावेज करवाए जमा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। शहर** में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों को जल्द ही प्लाट में मकान बनाने के लिए ढाई लाख रुपए मिलेंगे। इसके लिए नगर पालिका इस योजना के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना पीएमएवाई-2 योजना के जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसको लेकर नपा कर्मचारी व अधिकारी हर रोज लाभार्थियों को कार्यालय में बुलाकर पोर्टल पर उनका आवेदन कर रहे हैं। नगर पालिका के अंतर्गत शहर में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के 438 लाभार्थी है। इन लाभार्थियों को नपा प्रशासन 30-30 गज के प्लाट आवंटित करने के लिए



आवंटन पत्र भी दे चुका है। सरकार के आदेश पर लाभार्थियों का फिजिकल वेरिफिकेशन भी किया जा रहा है। अब हाल ही में सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों को मकान बनाने के लिए उन्हें पीएमएवाई-2 योजना से जोड़ने का भी निर्णय लिया है। इसके तहत लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की तर्ज पर मकान बनाने के लिए ढाई लाख रुपए मिलेंगे। इसी के तहत अब नपा अधिकारियों ने लाभार्थियों को कार्यालय में बुलाकर उनके पोर्टल पर आवेदन शुरू कर दिया है। इसके लिए लाभार्थियों से दस्तावेज के साथ प्लाट का आवंटन पत्र, परिवार पहचान पत्र, बैंक पास बुक, परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, इनकम सर्टिफिकेट देखने के अलावा आय का वेरिफिकेशन भी कर रहे हैं। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद लाभार्थियों को तीन चरणों में ढाई लाख रुपए मिलेंगे। प्रथम चरण में लाभार्थी को एक लाख, दूसरे चरण में एक लाख व तीसरे चरण में पचास हजार रुपये सरकार की तरफ से मिलेंगे। सभी दस्तावेजों के सत्यापन के बाद लाभार्थियों का डाटा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, जिससे उन्हें योजना का लाभ मिल सके और वे अपने आवंटित प्लॉट पर पक्का मकान बना सकेंगे।

**380 लाभार्थियों की हुई वेरिफिकेशन**

नपा की ओर से योजना का लाभ देने के लिए 380 लाभार्थी का वेरिफिकेशन किया जा चुका हैं। वेरिफिकेशन में नपा टीम के कर्मचारी लाभार्थी के घर पर जाकर हर पहलु की जांच कर रहीं हैं। टीम द्वारा जांच करने पर अभी तक 150 लाभार्थी की फाइल रिजेक्ट की जा चुकी हैं। इन लाभार्थी का या तो खुद का मकान है या फिर खुद का प्लाट हैं।

**31 मार्च तक जमा करवाए दस्तावेज**

सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना का अमलीजामा पहनाने के लिए नपा की ओर से कार्यालय में लाभार्थी का दस्तावेज जमा किए जा रहें हैं। लाभार्थी 31 मार्च तक नगर पालिका कार्यालय में दस्तावेज जमा करवा सकते हैं।

## संपादकीय

# 'रागनी' को लुप्त होने से बचाने की जरूरत

**हरियाणा** की लोक संस्कृति में रागनी महत्वपूर्ण स्थान रहा है। यह न केवल मनोरंजन का माध्यम रही है, बल्कि सामाजिक संदेश देने, वीर रस जगाने और लोक इतिहास को संजोने का एक प्रभावशाली जरिया रही है। रागनी लोगों को बुराइयों के खिलाफ खड़ा करने का माध्यम भी रही है। इसके प्रचार-प्रसार में जाहरवीर कल्लू खां, अजीत सिंह गोरखपुरिया, दयाचंद लांबा, राजेंद्र खड़खड़ी, जसमेर खरकिया, सुरेंद्र भादू, सूरजभान बलाली, मामन खान, सतीश ठेठ, कविता कसाना के साथ-साथ और भी कई महान कलाकारों का योगदान रहा है। आज भी कई युवा कलाकार रागनी को आगे बढ़ा रहे हैं और इसे डिजिटल मंचों के माध्यम से नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। रागनी को जीवित रखने में संदीप सरगथलिया, वीर सिंह फौजी, धर्मवीर नागर, राजबाला, मास्टर छोटूराम बड़वा जैसे कई कलाकारों की महत्व पूर्ण भूमिका रही है। इनकी मेहनत और समर्पण से ही यह लोककला जीवित है, हालांकि इसे और संरक्षण और प्रोत्साहन की जरूरत है। संकट यह है कि आज यह धीरे-धीरे लुप्त हो रही है। रागनी हरियाणवी लोकगीतों और कविताओं का एक विशिष्ट रूप है, जिसे मुख्य रूप से हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में गाया जाता है। इसमें वीरता, प्रेम, भक्ति, सामाजिक मुद्दों और ऐतिहासिक घटनाओं का चित्रण किया जाता है। पहले यह कला अखाड़ों और मेलों में बहुत लोकप्रिय थी, जहां गायक अपनी आवाज और जोश के साथ लोगों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। रागनी के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा और समानता पर जोर दिया गया। कई लोकप्रिय रागनियों में बाल विवाह, दहेज प्रथा और महिलाओं पर अत्याचारों का विरोध किया गया है। "बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ" जैसे संदेशों को रागनी ने जन-जन तक पहुंचाया। हरियाणवी समाज में जातिगत भेदभाव को खत्म करने और समानता का संदेश देने में रागनी की महती भूमिका रही है। कई प्रसिद्ध रागनियों का संदेश है कि सभी मनुष्य समान हैं और कर्म को जाति से ऊपर रखना चाहिए। रागनी के माध्यम से शराब, जुआ और अन्य नशों की लत से बचने के संदेश दिए गए। मसलन- "सुणले रे छोरे, बीड़ी-सिगरेट मत पीजा, तन्ने मां-बाप सूं किट्टे तै प्यारा..।" हरियाणा की ग्रामीण जनता के लिए रागनी ताकत रही है। इसमें किसानों की समस्याओं और मजदूरों के अधिकारों को आवाज दी गई है। ब्रिटिश राज के दौरान रागनी स्वतंत्रता सेनानियों के लिए एक प्रभावशाली हथियार बनी। लोकगायक अपनी रचनाओं के माध्यम से जनता में देशभक्ति की भावना भरते थे और अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का आह्वान करते थे। आज के दौर में भी रागनी समाज सुधार का माध्यम बनी हुई है। डिजिटल मीडिया और मंचों पर युवा कलाकार सामाजिक मुद्दों पर रागनी प्रस्तुत कर रहे हैं। हरियाणवी लोक संस्कृति की पहचान रागनी समय के साथ लुप्त होती जा रही है। कभी चौपालों, मेलों और अखाड़ों में गूंजने वाली यह कला अब केवल कुछ पुराने कलाकारों और रसिकों तक सीमित रह गई है। इसके लुप्त होने के पीछे कई सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी कारण जिम्मेदार हैं।

# महाभारत के पात्रों के जीवन से सीखः धर्म, न्याय, नैतिकता का संदेश



**डॉ रामानुज पाठक**

> "कर्ण, जो कि सूर्यपुत्र और अद्वितीय योद्धा था, उसे समाज ने सिर्फ.इसलिए अस्वीकार कर दिया क्योंकि वह एक रथी का पुत्र माना जाता था। अपनी पूरी जिंदगी वह अपनी पहचान और सम्मान के लिए संघर्ष करता रहा। जब उसे दुर्योधन ने मित्रता और संरक्षण दिया, तो उसने उस एहसान को आजीवन निभाया, भले ही वह अधर्म के पक्ष में ही क्यों न हो। कर्ण का जीवन हमें यह सिखाता है कि हमें किसी भी दुष्ट व्यक्ति से उपकार नहीं लेना चाहिए। जब दुर्योधन ने उसे दानवीर की संज्ञा दी और अंगराज बना दिया, तब कर्ण ने यह नहीं सोचा कि यह सहायता किसी स्वार्थवश की जा रही है। अंतत:, दुर्योधन का साथ देने के कारण उसे भी अधर्म की ओर जाना पड़ा और उसका अंत भी दुखद हुआ। कर्ण हमें यह भी सिखाता है कि अंधी निष्ठा कभी-कभी विनाश का कारण बन सकती है"

**महाभारत** सिर्फ.एक महाकाव्य नहीं, बल्कि जीवन का दर्पण है, जो हमें सही और गलत, धर्म और अधर्म, प्रेम और घृणा, त्याग और स्वार्थ के बीच के भेद को स्पष्ट करता है। इसके पात्र केवल कथा के चरित्र नहीं, बल्कि मानव स्वभाव के विभिन्न रूपों के प्रतीक हैं। उनकी त्रुटियाँ, उनके निर्णय और उनके कर्म हमें अमूल्य सीख देते हैं। महाभारत में हर पात्र का जीवन एक संदेश देता है। कुछ हमें त्याग और धर्म की राह पर चलना सिखाते हैं, तो कुछ हमें यह बताते हैं कि अहंकार और अधर्म का अंत सदा विनाश में ही होता है। इस आलेख में, हम महाभारत के कुछ प्रमुख पात्रों के जीवन से मिलने वाली शिक्षाओं का विश्लेषण करेंगे।

**कर्णः दुष्ट से कभी मत लो कोई दान**
कर्ण, जो कि सूर्यपुत्र और अद्वितीय योद्धा था, उसे समाज ने सिर्फ.इसलिए अस्वीकार कर दिया क्योंकि वह एक रथी का पुत्र माना जाता था। अपनी पूरी जिंदगी वह अपनी पहचान और सम्मान के लिए संघर्ष करता रहा। जब उसे दुर्योधन ने मित्रता और संरक्षण दिया, तो उसने उस एहसान को आजीवन निभाया, भले ही वह अधर्म के पक्ष में ही क्यों न हो। कर्ण का जीवन हमें यह सिखाता है कि हमें किसी भी दुष्ट व्यक्ति से उपकार नहीं लेना चाहिए। जब दुर्योधन ने उसे दानवीर की संज्ञा दी और अंगराज बना दिया, तब कर्ण ने यह नहीं सोचा कि यह सहायता किसी स्वार्थवश की जा रही है। अंततः, दुर्योधन का साथ देने के कारण उसे भी अधर्म की ओर जाना पड़ा और उसका अंत भी दुखद हुआ। कर्ण हमें यह भी सिखाता है कि अंधी निष्ठा कभी-कभी विनाश का कारण बन सकती है।

**धृतराष्ट्रः मोह में अंधे मत बनो**
धृतराष्ट्र के जीवन की सबसे बड़ी त्रुटि उसका पुत्रमोह था। एक राजा के रूप में उसका कर्तव्य न्याय और धर्म की रक्षा करना था, लेकिन उसने हमेशा अपने पुत्र दुर्योधन के अधर्म को सही ठहराया। उसने अपनी आँखों की रोशनी खोई थी, लेकिन उससे बड़ी समस्या यह थी कि उसने मन से भी सत्य को देखने की क्षमता खो दी थी। धृतराष्ट्र हमें यह सिखाता है कि मोह, विशेष रूप से पुत्रमोह, विवेक को नष्ट कर सकता है। यदि वह न्यायप्रिय होता और अपने पुत्र को समय रहते रोका होता, तो महाभारत का युद्ध ही न होता।

**द्रौपदीः अनुचित स्थान पर हँसी अनर्थ को** जन्म देती है
द्रौपदी एक नारी शक्ति का प्रतीक थी, लेकिन एक छोटी-सी गलती ने महाभारत के युद्ध की नींव रख दी। जब द्रौपदी ने दुर्योधन के महल में जल भ्रम की घटना पर हँसते हुए कहा– "अंधे का पुत्र भी अंधा," तो इसने दुर्योधन के अहंकार को ठेस पहुँचाई और उसने बदले की भावना पाल ली। इस घटना से यह शिक्षा मिलती है कि वाणी पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। कभी-कभी एक अनुचित स्थान पर किया गया व्यंग्य या हँसी बड़ी विपत्तियों को जन्म दे सकती है।

**पांडुः** वासना पर संयम रखो
पांडु को एक शाप मिला था कि यदि वह किसी स्त्री के साथ शारीरिक संबंध बनाएगा तो उसकी मृत्यु हो जाएगी। इसके बावजूद, वह अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण नहीं रख सका और अंततः उसी शाप के कारण उसकी मृत्यु हुई। पांडु का जीवन हमें यह सिखाता है कि वासना और इच्छाओं पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। जो व्यक्ति अपनी इच्छाओं का दास बन जाता है, वह अपने जीवन पर स्वयं नियंत्रण खो देता है और अंततः विनाश को प्राप्त करता है।

**दुर्योधनः अनाधिकार हठ विनाश की ओर ले जाता है**
दुर्योधन महाभारत का मुख्य प्रतिद्वंद्वी था। उसकी सबसे बड़ी कमी यह थी कि वह किसी भी चीज को पाने के लिए हठ कर लेता था, चाहे वह उसका अधिकार हो या न हो। उसने पांडवों का राज्य छीना, द्रौपदी का अपमान किया और अंततः अपने अहंकार के कारण विनाश को प्राप्त हुआ।

दुर्योधन हमें यह सिखाता है कि जब हम बिना अधिकार किसी चीज पर जबरदस्ती अपना हक जताते हैं, तो उसका परिणाम हमेशा बुरा ही होता है। अहंकार और अनावश्यक जिद हमेशा पतन का कारण बनती है।

**भीष्मः** अनुचित प्रतिज्ञाओं में मत बंधो
भीष्म पितामह ने अपने पिता के प्रेम के लिए आजीवन ब्रह्मचर्य का व्रत लिया और हस्तिनापुर की गद्दी पर बैठने से इंकार कर दिया। लेकिन यही प्रतिज्ञा अंततः हस्तिनापुर के पतन का कारण बनी। वह जानते थे कि दुर्योधन अधर्मी है, लेकिन अपनी प्रतिज्ञा के कारण उसे रोक नहीं सके।
भीष्म हमें यह सिखाते हैं कि प्रतिज्ञा या शपथ तभी तक सही होती है जब तक वह धर्म और न्याय का समर्थन करती है। अनुचित प्रतिज्ञाएँ व्यक्ति के साथ-साथ पूरे समाज के लिए घातक हो सकती हैं।

**द्रोणाचार्यः** अर्धसत्य पर भरोसा मत करो
द्रोणाचार्य अपने शिष्य अर्जुन को सबसे अधिक प्रिय मानते थे, लेकिन उन्होंने अपने अन्य शिष्यों के साथ अन्याय किया। जब युधिष्ठिर ने यह कहा कि "अश्वत्थामा मारा गया, लेकिन हाथी," तो द्रोणाचार्य ने केवल आधा सत्य सुना और शोक में आकर अपना अस्त्र छोड़ दिया। इससे हमें यह शिक्षा मिलती है कि अर्धसत्य हमेशा भ्रमित करता है और निर्णय लेने में बाधा उत्पन्न करता है। सत्य को पूरा जानना और समझना ही बुद्धिमानी होती है।

**दुशासनः** नारी का अपमान मत करो
दुशासन ने द्रौपदी का चीरहरण किया, जिसे महाभारत के युद्ध की मुख्य घटना माना जाता है। उसका यह अपमान न केवल उसके कुल का नाश कर गया, बल्कि उसे स्वयं भी मृत्यु का भयावह दृश्य देखना पड़ा।
दुशासन का जीवन हमें यह सिखाता है कि नारी का अपमान करना अधर्म है, और इसका परिणाम सदैव घातक होता है। इतिहास साक्षी है कि जिसने भी नारी का अपमान किया है, उसका अंत भयावह हुआ है।

**निष्कर्ष**
महाभारत के इन पात्रों की कहानियाँ केवल प्राचीन इतिहास नहीं, बल्कि आधुनिक जीवन के लिए भी मार्गदर्शन हैं।
कर्ण हमें सिखाता है कि दुष्ट का उपकार विनाशकारी हो सकता है।
धृतराष्ट्र बताता है कि मोह विवेक का नाश करता है।
द्रौपदी हमें वाणी पर नियंत्रण रखना सिखाती है।
पांडु संयम का महत्व दशार्ते हैं।
दुर्योधन अनाधिकार हठ के दुष्परिणाम दिखाता है।
भीष्म अनुचित प्रतिज्ञाओं से बचने की सीख देता है।
द्रोणाचार्य अर्धसत्य के खतरों को उजागर करता है।
दुशासन स्त्री सम्मान की आवश्यकता बताता है।
महाभारत हमें यही सिखाता है कि धर्म का मार्ग कठिन अवश्य हो सकता है, लेकिन वही विजय की ओर ले जाता है।

## कविता

**मैं किनारे लहरों में डूबता उतरता रहा।**

चेहरे पर दर्द तस्वीर बन उभरता रहा,
दर्द बीमार की दवा बन संवरता रहा।

सफर में छोड़ रुखसत हो गए सब,
रातों का जुगनु बन टिमटिमाता रहा।

तनकर खड़ा होता तोड़ दिया जाता,
लताओं सा सबके सामने झुकता रहा।

जमाने में न जाने कितने रंग बदले,
बिखरा नहीं जमाना तंज कसता रहा।

सारा शहर रोशन होता रहा रात भर,
घर मेरे दिन में भी अंधेरा डसता रहा।

चतुर लोग आज कहां से कहां पहुंचे,
मैं जिंदगी को हौले-हौले गढ़ता रहा।

लोग नदिया पार गए कश्ती के सहारे,
मैं किनारे लहरों में डूबता उतरता रहा।

संजीव

## अस्पतालों में बिना जरूरत के बढ़ते सीजेरियन*

**प्रियंका सौरभ**

**क्या आपको मालूम है कि सिजेरियन** डिलीवरी, या सी-सेक्शन, दुनिया में सबसे अधिक की जाने वाली सर्जरी है? सीजेरियन सेक्शन बनाम नार्मल डिलीवरी का विषय काफी चर्चा में रहता है, खासकर तब जब इसका जरूरत से ज्यादा उपयोग होने लगे। कुछ लोग इसे एक "बिजनेस मॉडल" मानते हैं, तो कुछ इसे मेडिकल साइंस की उपलब्धि के रूप में देखते हैं। सीजेरियन सेक्शन एक सर्जिकल प्रक्रिया है, जो तब की जाती है जब सामान्य (नार्मल) डिलीवरी संभव न हो या माँ और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए जोखिम हो। लेकिन आजकल कई जगहों पर यह मेडिकल जरूरत से ज्यादा किया जा रहा है, खासकर निजी अस्पतालों में, जहाँ इसे जल्दी और सुविधाजनक समाधान के रूप में देखा जाता है। सीजेरियन अपने आप में गलत नहीं है, लेकिन जब यह व्यावसायिक फायदे के लिए या बिना ठोस मेडिकल वजह के किया जाता है, तब यह चिंता का विषय बन जाता है। सही जागरूकता और जिम्मेदारी से इसका उपयोग होना चाहिए। पिछले कुछ सालों में भारत सहित कई देशों में सीजेरियन की दर तेजी से बढ़ी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, केवल 10-15% मामलों में सीजेरियन आवश्यक होता है, लेकिन कई देशों में यह दर 50% या उससे अधिक हो चुकी है। भारत में कई निजी अस्पतालों में यह दर 50-80% तक देखी गई है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के निजी अस्पतालों में सीजेरियन डिलीवरी की दर 40-50% तक पाई गई, जबकि सरकारी अस्पतालों में यह लगभग 20-25% थी। स्वास्थ्य बीमा योजना और जननी-शिशु सुरक्षा कार्यक्रम जैसी योजनाओं में बिना आवश्यकता के मरीजों की सर्जरी कर दी जाती है, क्योंकि ऐसी योजनाओं में या तो प्रोत्साहन राशि मिलती है, या फिर बीमा कंपनी को लाभ होता है। इनमें सिजेरियन, हार्निया, गॉलब्लेडर, अपेंडिक्स आदि से सम्बंधित मामले अधिक हैं। यह दुखद है, क्योंकि ऐसे मामलों में सबसे ज्यादा शोषण गर्भवती महिलाओं का होता है। सीजेरियन डिलीवरी का खर्च सामान्य डिलीवरी से 2-5 गुना अधिक होता है, जिससे अस्पतालों को अधिक मुनाफा होता है। नार्मल डिलीवरी में घंटों का समय लग सकता है, जबकि सीजेरियन एक तय समय में पूरा किया जा सकता है, जिससे अस्पतालों और डॉक्टरों को कम समय में अधिक डिलीवरी करने का मौका मिलता है। कुछ डॉक्टर निजी अस्पतालों में अपनी सुविधा के अनुसार डिलीवरी शेड्यूल करना पसंद करते हैं।
कुछ महिलाओं को लेबर पेन का इतना डर होता है कि वे खुद सीजेरियन करवाने के लिए तैयार हो जाती हैं। कई बार मरीजों को डराकर यह बताया जाता है कि बच्चा खतरे में है, जिससे वे सीजेरियन के लिए मजबूर हो जाती हैं। कई मामलों में सीजेरियन जरूरी होता है, जैसेः बच्चे की पोज़िशन सही न हो, जैसे ब्रीच पोज़िशन।

## विचार

# 'नायाब' कार्रवाई से मिटेगी संगीत की गंदगी

**सुशील कुमार नवीन'**

**सुर्खियों में** रहने वाला हरियाणा इस बार अलग तरह से चर्चा में है। बाते चाहे किसी भी तरह के आंदोलन की हो या राजनीतिक उठापटक की। हरियाणा का अपना अलग स्वैग है। जो और करे, वो हम न करे। जो और न करे, वो सबसे पहले हम करे। सप्ताह दो सप्ताह में यदि चर्चा का विषय न बने तो हरियाणा और हरियाणवीं होने का क्या फायदा? इस बार यू ट्यूब पर बिखरी पड़ी संगीत की गंदगी की सफाई की शुरूआत हरियाणा ने की है। गन कल्चर से जुड़े कुछ गानों को डिलीट करने से मामला संगीत उद्योग में गमार्या जरूर है पर निष्पक्षता बरती गई तो इसमें भी हरियाणा एक नया उदाहरण बनेगा। हरियाणा अपने आप में विशेष है। काम कोई भी हो, उसे सबसे पहले करने का काम यह करता है। वैट सबसे पहले यहां लागू हुआ, बेटी बचाओ अभियान सबसे पहले यहां शुरू हुआ। केंद्र की प्रत्येक योजना को लागू करने में तो हरियाणा सरकार अग्रणी की भूमिका में रहती ही है। चाहे बात अन्तोदय की हो या फिर आयुष्मान भारत की हो। या शिक्षा में त्रिभाषा फामूर्ला लागू करना हो। झंडा उठाने में सबसे पहले हरियाणा है। ओलम्पिक मेडल में हरियाणा बिना कुछ नहीं, राजनीति में पकड़ सबसे ज्यादा, जिंदाबाद-मुदार्बाद तो चाहे रात के 12 बजे करवा लो। सिर पर मंडासा मारकर तैयार मिलेंगे। फिल्मों, नाटकों में हरियाणवीं कलाकार या प्रसंगों की भरमार है। गीत-संगीत के तो क्या कहने। पंजाब, दिल्ली, यूपी, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश,गुजरात से लेकर समूचे भारत वर्ष के साथ विदेशों में भी डीजे पर इनकी ही धमक है। हट ज्या ताऊ पाछे नै.. से एक नए कलेवर में आया हरियाणा संगीत आज गजबन, बावन गज का दामन, सॉलिड बॉडी, बालम थानेदार, नंगड़ से होता हुआ निक्कर आली, इगो किलर, डेथ रो, दारू का स्टाल, दारू बदनाम, लाश नहर में, रोला,गोली हेड में, खलनायक, टेडी बीयर का शौक नहीं, गिफ्ट में गन दे दे, बता किसकी फिल्डिंग लानी है, तेरा यार जमानत पर आया, एके 47 धरे संदूकां पे, सूटर ते बन गया तेरा यार माफिया, तन्न गिफ्ट में दूंगा 12 बोर की, तू क्यूकर बनगा दो नंबरी, तन्न ढूंढे पुलिस आले, एक खटोला जेल के भीतर, ट्यूशन बदमाशी, किसने सिखाई बदमाशी करनी, पीलिये में मामा पिस्तौल दे गया था, मैं जिस दिन जमानत पर बाहर आऊंगा, पिस्तौल से महंगा तेरा लहंगा लाऊंगा आदि तक पहुंच चुका है। देसा म्ह देस हरियाणा, जित दूध दही का खाणा' से विश्वभर में सम्मान प्राप्त हरियाणा में इस तरह के संगीत पिछले 10 से 15 वर्ष में ज्यादा बना है। पड़ोसी राज्य पंजाब में तो शुरू से ही गन कल्चर का चलन रहा है। मित्रां नूं शौक हथियारां दा..खूब चला था। सिद्धू मूसेवाला के कई गीत भी काफी चर्चा में रहे। पड़ोसी गायकों की संगति ने हरियाणा में भी असर दिखाया। हरियाणवी गायक और गीतकार भी इसी ट्रेंड पर एक बार ऐसा चलना शुरू हुए कि अब रुकने का ही नहीं नाम ले रहे। बात गानों तक ही सीमित रहे तो भी ठीक, पर यहां तो गानों के माध्यम से एक दूसरे को जवाब देने का नया ट्रेड ऐसा चला है कि शब्दों की मयार्दा और गरिमा खूंटी टांग दी गई है। थोड़ा सा ध्यान करें तो दर्जनों ऐसे हरियाणी गाने बनाए गए हैं, जिनमें हथियारों और बदमाशों को महिमामंडित किया गया है। प्रदेश का युवा वर्ग भी इन गानों को खूब पसंद कर रहा है। शादी हो या जलवा पूजन या कोई और समारोह इन गानों के बिना महफिल सजती ही नहीं है। दो महीने पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बैठक ली थी, जिसमें यह बात सामने आई कि हरियाणा में इस तरह के गाने लगातार बढ़ रहे हैं, जो गन कल्चर और गुंडागर्दी को को बढ़ावा देने वाले हैं। इससे युवा गन कल्चर की ओर आकर्षित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री से मिले फ्री हैंड के बाद पुलिस ने इस तरह के गानों को सोशल साइट्स पर अपलोड करने वालों के खिलाफ सख्ती वढ़ा दी। खासकार पुलिस ने उन गानों पर विशेष नजर बनाई है। 10 गाने सोशल साइट्स से डिलीट करवाये जा चुके है। देर से ही सही। लोक संस्कृति के नाम पर बदमाशी और गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले गानों पर हरियाणा की नायाब सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दिया है। कुछ बड़े और चर्चित गानों को यू ट्यूब से डिलीट होने से गायक कलाकारों ने विरोध भी जताया है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# जहाँ चाहिए वहां थुकिए क्योंकि आप माननीय हैं

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**हम आ**दमी के स्वभाव को बदल नहीं सकते हैं। वह अपने स्वभाव यानी आदत से मजबूर होता है। हमारे पूर्वांचल में एक कहावत है कि 'जवन बानी पड़ी लरिकाई छूटे न बुढ़ाई दईयां'। कहने का भाव यह है की बचपन में आदमी की जो आदत बन गईं वह अंतिम सांस तक उसके साथ रहती है। जिस तरह हम प्रकृति को नहीं बदल सकते हैं, ठीक उसी तरह हम आदमी की आदत को नहीं बदल सकते हैं। आदत एक कला है। मसलन कुछ आदमी दूसरे की सुनते नहीं सिर्फ अपनी सुनाते हैं क्योंकि उनके अंदर बड़बोलापन अधिक होता है। कुछ लोक सफेद झूठ बोलते हैं, लेकिन लगता है कि वे बिल्कुल सच बोल रहे हैं। हमारे आसपास ऐसे आदमी भी हैं जिन्हें नींद में टहलने की आदत है। कुछ लोग रात भर सोने के बाद भी कुर्सी पर बैठेते ही खरार्टें भरने लगते हैं। इसके साथ कुछ ऐसे भी लोग हैं जो पान और गुटका खाने के बाद उसका महाप्रसाद कहीं भी उड़ेल देते हैं। इस तरह के पुनीत कार्य आम से लेकर खास लोग करते हैं। हमारे माननीय भी विधानभवन को भी नहीं छोड़ते। वहां भी अपने थूकने की कला का प्रदर्शन करते हैं। थूकने वालों के इस पुनीत कार्य से लोग बहुत परेशान हैं। अच्छे -अच्छे ऑफिस, बहुमंजिला ईमारतें, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, सीढ़ियों पर थूकने वालों के लिए विशेष चेतावनी का बोर्ड भी लगा दिया गया है।लेकिन लोग हैं कि मानते नहीं।हमारे देश में थूकना एक कला है। राजा-महराजाओं ने तो थूकने के लिए बकायदा पीकदान रखते थे।अब इस तरह के पीकदान नहीं दिखते लेकिन सरकारी ऑफिस के बड़े बाबू की टेबल के नीच प्लास्टिक की बाल्टी पीकदान के रूप में उपयोग होती है। क्योंकि उन्हें मुफ़्त में चाय और पान लेने की आदत होती है। घूस के रूप में भी वे पान की भेंट बत्तीसी निकालते हुए लेते हैं। थूकना हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। हमारे यहाँ थूकने की पूरी आजादी है। हम सड़क, विधानसभा और सरकारी ऑफिस में रोज थूकते हैं।अभी एक माननीय विधानसभा में ही थूककर अपनी महानता का अद्भुत परिचय दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी काफी लानत मलानत किया, लेकिन उन्होंने उनके चेहरे को बेनकाब नहीं किया।

## बूझे मन से किए गए काम का पुण्य

**डॉ प्रदीप उपाध्याय**

**वहां त**क आग पहुंच गई जहां तक परिंदे भी पर नहीं मार सकते.आग क्या लगी,यहां-वहां हाय-तौबा मच गई .कहा यह भी जा रहा है कि अगर आग को लगना ही था तो उसने आधा-अधूरा काम क्यों किया क्यों सबूत छोड़कर रहस्यमय परिस्थिति निर्मित कर दी.शायद यह काम पानी का करा-धरा है.वरना आग तो अपना काम पूरा करके ही छोड़ती है! जिस तरह जब चूहों के बिलों में पानी भरने लगता है तो बेचारे चूहे बिल छोड़कर इधर-उधर दौड़ लगाने लगते हैं.वहीं दूसरी ओर चूहों के बिलों पर बलात कब्जा जमाए सर्पराज को भी बिलों में पानी भरने पर यहां-वहां शरण लेना पड़ती है.अब वे किसे दोष देने जाएं! पानी भी तो कसूरवार नहीं है.उसे जहाँ जगह मिलती है, वहीं तो वह अपने लिए जगह बना पाता है!वह अपनी शीतलता के साथ अतिक्रमण करता है लेकिन आग के मामले में ऐसा नहीं है.पहले पहल तो वह स्वैच्छया आती नहीं और यदि उसे आने पर मजबूर कर दिया जाए तो वह अपनी उष्णता के साथ क्या कर गुजरे,यह उसे भी पता नहीं रहता. उसकी नजर में बड़ा-छोटा,अमीर-गरीब,ऊंचा-नीचा जैसा कोई भेद नहीं है.फिर क्योंकर उसे कसूरवार ठहराया जा रहा है. आग अपने लिए कभी जगह बनाने नहीं पहुंचती. वह तो सबकुछ मिटा देने का माद्दा रखती है.वह पानी जैसी नहीं है.वह कभी बिन बुलाए मेहमान की तरह आती भी नहीं है और आ जाती है तब आसानी से जाने का नाम भी नहीं लेती.इसीलिए तो लोग डरते हैं और आशंका व्यक्त करते हैं कि कहीं आग न लग जाए,कहीं दाग न लग जाए.आग एक अबूझ पहेली है.पानी तो फिर भी आने से पहले सचेत कर देता है.उसपर कोई सीधे तौर पर आरोप -प्रत्यारोप नहीं करता जबकि आग छुपी रूस्तम है.उसका यदि आह्वान किया जाता है तो वह दाग लगा सकती है .उसका आह्वान दाग मिटाने के लिए भी किया जाता है.वह कृपावंत होती है,दयावान भी होती है किन्तु जब अपने वाली पर आ जाए तो किसी को छोड़ती भी नहीं है. जब जंगलों में आग का आह्वान किया जाता है तो आह्वान कर्ता के प्रति वह बहुत समर्पण भाव से अपने कर्तव्य का निर्वाह करती है लेकिन उसका दिल तब जार-जार रोता है जब जंगल की तबाही उसके लपेटे में आती हैं।

## न्यूज फ्लैश

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की दीक्षा ने ताइक्वांडो में जीता रजत पदक



**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

"पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है" इस कहावत को सच करते हुए, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा दीक्षा ने 'अस्मिता' खेलो इंडिया ताइक्वांडो सिटी वुमन लीग में रजत पदक जीता है। यह प्रतियोगिता 23 मार्च, को आरटीसी, उत्तरी क्षेत्र, अंबाला कैंट, में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में पानीपत, करनाल, रोहतक, जींद, पलवल, कैथल, सोनीपत, हिसार, अंबाला, यमुनानगर और दिल्ली सहित कई शहरों के महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। दीक्षा ने 63 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा की और रजत पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल प्रबंधक समिति और प्रिंसिपल डॉ. अजीत भारद्वाज ने दीक्षा को उसकी उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि दीक्षा ने अपनी प्रतिभा और कौशल से न केवल स्कूल का बल्कि पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि दीक्षा की सफलता अन्य छात्रों को भी खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। स्कूल की प्रबंधक समिति ने खेलों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और छात्रों को उनकी खेल आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### योग दैनिक जीवन में अति महत्वपूर्णः गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। दिनेश गुलाटी द्वारा** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अन्तर्गत फव्वारा पार्क योग कक्षा में प्रतिदिन की भांति योगिक क्रियाएं करवाई गई। पिछले 20 वर्षों से मिशन के संस्थापक योग गुरु दिनेश गुलाटी द्वारा योग का शिक्षा दी जाती है। उन्होंने साधकों को स्वस्थ रहने के लिए विभिन्न योगिक क्रियाएं व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। कक्षा में मुख्य अथिति के रूप में नवनिर्वाचित पार्षद संजीव मेहता, वार्ड नंबर 11 उपस्थित रहे। दिनेश गुलाटी और टीम के सदस्यों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। संजय मेहता ने कहा कि दिनेश गुलाटी द्वारा समाज के स्वास्थ्य के प्रति योगदान सराहनीय है। वह निस्स्वार्थ भाव से जो सेवा कर्म कर रहे हैं, उससे असंख्य लोग लाभान्वित होकर स्वस्थ हुए हैं। दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग दैनिक जीवन में अति महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह शरीर व मन के बीच संबंधों को संतुलित करने और प्रकृति से जुड़ने के लिए सबसे अनुकूल विधि है। यह एक प्रकार का व्यायाम है, जो संतुलित शरीर के माध्यम से किया जाता है। कक्षा में योग शिक्षक नीलम बटला, वीना धीर, एनपी चौधरी और साधक मौजूद रहे।

### टीबी की रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयास जरूरीः डॉ. सुनील कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः हरियाणा रेडक्रास** सोसायटी कुरुक्षेत्र शाखा द्वारा विश्व टीबी दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया गया। रेडक्रास जिला टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि की अगुवाई में रविदास नगर, कीर्ति नगर और अमर कालोनी में महिलाओं और स्थानीय निवासियों को टीबी बचाव के प्रति जागरूक किया गया। जिला रेडक्रास सचिव डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला रेडक्रास सोसायटी चेयरमैन नेहा सिंह के निर्देशानुसार रेडक्रास की ओर से टीबी उन्मूलन को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वस्थ और सुरक्षित समाज के लक्ष्य को लेकर रेडक्रास द्वारा टीबी बचाव के प्रति लोगों को अवगत कराया जा रहा है। सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया गया जा रहा है और ग्राम पंचायतें भी टीबी उन्मूलन में भागीदार हैं, क्योंकि टीबी रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। जिले में 422 गांवों में से 136 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है। जिला सचिव डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि समाज में टीबी को लेकर जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है। सही समय पर इलाज मिलने से यह रोग पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। उन्होंने आमजन को आह्वान किया कि वे टीबी से जुड़े किसी भी लक्षण को नजरअंदाज न करें और तुरंत जांच करवाएं।

# जनसंवाद में विधायक कादियान ने कहा- गांवों का विकास पहली प्राथमिकता

## ग्रामीण अपनी समस्याएं बेहिचक बताएं, समाधान प्राथमिकता है, गांवों का विकास सबसे जरूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** हल्का विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ रहेंगे। ग्रामीण अपनी समस्याएं बेहिचक बताएं, समाधान प्राथमिकता है। गांवों का विकास सबसे जरूरी है। सभी मिलकर विकास की नई लकीर खींचें। विधायक रविवार को रसूलपुर, ग्यासपुर, पबनेरा, पीरगढ़ी, उमेदगढ़, रामनगर और धतूरी गांव में जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने भारी बहुमत से विजयी बनाकर चंडीगढ़ भेजने पर ग्रामीणों का आभार जताया। गांव के मुखियाओं ने विकास कार्यों को लेकर मांग पत्र सौंपे। उप स्वास्थ्य केंद्र, चौपाल, राजकीय स्कूल अपग्रेड, गली-नाली निर्माण, लाइब्रेरी और कच्चे रास्तों को



पक्का कराने की समेत अन्य मांग रखी। विधायक ने भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार के सहयोग से क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। विधानसभा सत्र में भी गन्नौर के विकास से जुड़े अहम मुद्दे उठाए हैं। विधायक ने कहा कि चुनाव से पहले वादा किया था कि खादर क्षेत्र की अनदेखी नहीं होगी। विधायक बनने से पहले ही अपनी कार्यशैली दिखा दी थी। कुछ कर दिखाने का जज्बा है। एक साल में गन्नौर की तस्वीर बदलती नजर आएगी। 36 बिरादरी ने विधायक चुना है, तो हर किसी की सुनवाई होगी। मुझसे मिलना मुश्किल नहीं है। किसी सिफारिश की जरूरत नहीं। मेरे घर के दरवाजे जनता के लिए हर समय खुले हैं। इस दौरान विधायक ने गांव शाहपुर तगा से गौशाला जाने वाले रास्ते के निर्माण का नारियल तोड़कर शिलान्यास किया। इस पर करीब 40 लाख रुपये की लागत आई है। अब रास्ता बनने से लोगों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। इस अवसर पर बीडीपीओ पूनम चंदा, अनिल कुमार ब्लॉक समिति चाइरमैन, रामनगर सरपंच सुदेश कुमारी, पीरगढ़ी सरपंच संदीप कश्यप, पबनेरा सरपंच पूनम, रसूलपुर सरपंच नीलम सैनी, ग्यासपुर सरपंच विनोद, उमेदगढ़ सरपंच टिंकू, राधेश्याम त्यागी, जगरोशन, भोपाल नम्बरदार, नरेंद्र यादव, राजीव त्यागी, अजय त्यागी, अजय त्यागी, सन्दीप पहल, हैप्पी त्यागी समेत कई लोग मौजूद रहे।

### मेहनत का कोई शार्टकट नहीं होताः सत्यवान भाटिया



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** अम्बेडकर एजुकेशनल सोसायटी सोनीपत के प्रधान सत्यवान भाटिया एवं समिति के सदस्यों ने लेफ्टिनेंट मीत सिंघल को घर जाकर किया सम्मानित। भाटिया ने कहा कि मीत सिंघल ने यह साबित कर दिखाया है कि मेहनत का कोई शार्टकट नहीं होता इंसान को निरंतर प्रयास जारी रखना चाहिए जैसे कि मीत सिंघल ने चौथे प्रयास में सिडिएस एग्जाम को क्लीयर कर लेफ्टिनेंट पद को हासिल किया है। उन्होंने कहा कि मीत सिंघल हमारे समाज के बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत भी क्योंकि सिडिएस एग्जाम में किसी भी वर्ग के विद्यार्थियों को को किसी भी प्रकार कि छूट नहीं मिलती ओर पूरे भारतवर्ष के बच्चे एग्जाम में होते हैं और भारतवर्ष में 51वां रैंक हासिल करना अपने आप में एक गौरव की बात है। अम्बेडकर एजुकेशनल सोसायटी सोनीपत के सचिव जगमेंद्र सिंह ने मीत सिंघल को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी आप अनेक ऊंचाईयों छूएं और भविष्य में बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए मोटिवेट करते रहे मीत सिंघल ने बताया कि हर छात्र को एक मकसद से शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए कि मुझे इस पद को हासिल करना है और यह यह भी सच्चाई की मेहनत का कोई शार्टकट नहीं होता एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी इस अवसर पर अम्बेडकर एजुकेशनल सोसायटी सोनीपत के प्रधान सत्यवान भाटिया, सचिव जगमेंद्र सिंह, महेंद्र पाल सिंह कोषाध्यक्ष, सुलतान सिंह भौरिया, कुलदीप राज, सुरेंद्र कुमार, रविन्द्र भाटिया, सुरेश कुमार, इत्यादि समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### चोरी के मामले मे दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सीआइए वन** की टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर गांव नेवल में नाकाबदी करके दो आरोपियों मनीश पुत्र जगदीश निवासी गांव नखरोजपुर, कुरुक्षेत्र व नीतिन पुत्र रामकुमार निवासी नेवल को गिरफ्तार किया गया। आरोपीयो के कब्जे से एक मोटरसाइकिल व 6 किलोग्राम तांबे की तार बरामद की गई। अनुसंधान अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी तारों की चोरी आसपास के गांव से करते थे। इस सबंध दोनो आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## फोटोग्राफी के माध्यम से रोजगार पा सकते हैं युवाः सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जनसंचार एवं** मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने कहा कि फोटोग्राफी के माध्यम से युवा रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। फोटोग्राफी क्षेत्र बहुत रचनात्मक क्षेत्र है उसमे विद्यार्थियों को अपना कौशल निखारने में सहायता मिलेगी। वे सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में फोटोग्राफी क्लब के इंडक्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। प्रो. महासिंह पूनिया ने विद्यार्थियों को फोटोग्राफी क्लब के इंडक्शन कार्यक्रम के तहत प्रोत्साहित



करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में आस-पास की चीजों को देखने का नजरिया बिल्कुल अलग होता है जिसमें आप अपनी रचनात्मकता दिखा सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को फोटोग्राफी के लिए धरोहर और 1857 की क्रांति का संग्रहालय को देखना चाहिए ताकि वे रचनात्मक कौशल विस्तार से दे सकें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता फाईन आर्ट विभाग के पूर्व चैयरमेन एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार ने कहा कि फोटोग्राफी ऐसी विधा है जिसके तहत हम अपने भाव एवं विचारों को तस्वीरों के रूप में समाज के सम्मुख प्रस्तुत करते है। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी का वर्तमान कैमरा बहुत हल्का फुलका एवं बेहतरीन है लेकिन इसकी शुरूआत का दौर बहुत कठिन था। फोटोग्राफी का इतिहास बताते हुए कहा कि प्रारंभिक कैमरे लगभग एक कमरे के बराबर होते थे लेकिन समय के साथ वो पॉकेट फैंडली होते चले गये। उन्होंने विद्यार्थियों को फोटोग्राफी तकनीक, एंगल, एंगल की बारिकियों को प्रैक्टिकल रूप समझाया। जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं फोटोग्राफी क्लब के कोर्डिनेटर डॉ. रोशन मस्ताना ने कहा कि फोटोग्राफी क्लब कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की दूरदर्शिता का परिणाम है जिसके तहत संपूर्ण विभागों एवं संस्थानों में फोटोग्राफी क्लब संचालित है।

### वर्करों को नशे के खिलाफ जारूकक किया

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**पुलिस अधीक्षक** लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने सोमवार को बरसत रोड स्थित मारवा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में वर्करों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा मनुष्य के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। नशा करने वाले व्यक्ति को समाज व परिवार में कोई भी मान सम्मान नहीं करता है। उन्होंने कहा कि नशे से शरीर का नुकशान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बबार्दी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। उन्होंने कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में पुलिस द्वारा स्कूल, कॉलेज, फैक्टरी, गांव व कॉलोनियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन व विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। आमजन से अपील है की वे स्वय नशे से दूर रहकर अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने बारें प्रेरित करें। जिला व गांव को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें।

## शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने सीखे साइबर अपराध से बचने के गुण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय** में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन "यूथ फॉर मॉय भारत एवं यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी" विषय पर स्वयंसेवकों ने साइबर अपराध व डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के तरीकों पर प्रकाश डाला और साथ ही इस दौरान सांकृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व मुख्य प्रबंधक रोशन लाल सचदेवा व



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. आनंद कुमार की अध्यक्षता में डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर अपराध विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने सभी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया व एनएसएस समन्वयक प्रो. विवेक गुप्ता व डॉ. मनीषा डुडेजा को सफलतापूर्वक चल रहे शिविर के लिए बधाई दी। इस दौरान शिविर में स्वयंसेवकों के लिए कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। छात्रों ने रसोई गैस का उपयोग किए बिना सैंडविच, भेलपुरी, दहीभल्ले, नारियल के लड्डू, खजूर के लड्डू, ठंडाई और फ्रूट क्रीम और जैसे विभिन्न व्यंजन तैयार किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने मुख्य अतिथियों का कार्यक्रम में पहुचने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें इंटरनेट का प्रयोग सिर्फ अपनी पढ़ाई के लिए करना चाहिए ताकि हमारा जीवन सफल बन सके। आज इंटरनेट मानव जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है। इसका दुरुपयोग किया जाए तो यह मानव के लिए घातक भी सिद्ध हो सकता है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि स्वयंसेवक दिव्य, खुशी, तमन्ना, संजीव, नीतीश, अमन, अंकिता, अंकुश, कशिश, सिंह पलक, आयुषी के खाद्य पदार्थों को सर्वश्रेष्ठ रेसिपी का पुरस्कार दिया।

## राजीव जैन ने सार्वजानिक शौचालयों का किया निरिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत। नगर निगम** मेयर एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने शहर में सार्वजानिक शौचालयों का निरिक्षण करते हुए कहा कि शौचालयों में गंदगी का आलम है, कहीं पर लाइन टूटी पड़ी है और कहीं सफाई करने वाले कर्मचारी नदारद हैं, इसलिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में सार्वजानिक शौचालय साफ सुथरे रहने चाहिए। सोमवार को राजीव जैन कालूपुर चुंगी सिथत शौचालय पर पंहुचे तो कर्मचारी नदारद थे और आसपास के लोगों ने शिकायत की कि वह ड्यूटी में लापरवाही



बरतता है। पुलिस लाइन गोहाना रोड के बाहर सिथत शचलयों के दरवाजे भी टूटे पड़े हैं और साफ सफाई का भी बुरा हाल है। गोहाना रोड तिरंगा चौक पर मुक्ति धाम के बाहर शौचालय का सीवरेज कनक्शन टुटा हुआ है। मुरथल अड्डा पर स्कूल के बाहर सिथत शौचालय में पिछले एक सप्ताह से सफाई के लिए मटीरियल नहीं मिलता और दूसरा कर्मचारी उपलब्ध नहीं रहता। ऐसी शिकायत वहां के दुकानदारों ने की। सुभाष स्टेडियम के बाहर केवल पुरुषों के लिए बनाया गया है। शौचालय की सफाई भी दुकानदार ही करवाते हैं। मुरथल रोड पर अग्रसेन चौक सिथत शौचालय के भी रखरखाव में कमी नजर आई। राजीव जैन ने निगम अधिकारियों को शहर में सफाई व्यवस्था एवं सार्वजनिक शौचालयों के रख रखाव पर पूरा धयान दिया जय। अधिकारियों ने बताया कि शौचालयों की साफ सफाई के लिए दिए गए ठेकों की अवधि खत्म हो गई है, इसलिए परेशानी आ रही है। राजीव जैन ने निर्देश दिए कि भविष्य में ठेका खत्म होने से पहले नया ठेका छोड़ा जाये ताकि जनता को किसी तरह की असुविधा ना हो।

## विद्वतापूर्ण शोध की परिचायक है शोध पत्रिकाएं: सोमनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र, 24 मार्च। कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा और कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शोध पत्रिका (केयूआरजे) और जर्नल ऑफ हरियाणा स्टडीज (जेएचएस) के एक-एक अंक का विमोचन किया। इस अवसर पर दोनों पत्रिकाओं के प्रधान संपादक प्रो. दिनेश के. गुप्ता और उनके संपादकीय बोर्ड के सदस्य भी मौजूद थे। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि शोध पत्रिकाएं विद्वतापूर्ण शोध की परिचायक हैं। शोध एवं अनुसंधान के आधार पर किसी भी राष्ट्र में नवाचार,



उद्यमिता, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, आर्थिक विकास के साथ-साथ समावेशी विकास के ढांचे को मजबूत किया जा सकता है। शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने पत्रिकाओं के माध्यम से किए गए विद्वत्तापूर्ण योगदान की सराहना की व उच्च प्रकाशन मानकों को बनाए रखने के लिए संपादकीय टीम को बधाई दी। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने पत्रिकाओं की समीक्षा प्रक्रिया और बहु-विषयक दृष्टिकोण की भी सराहना की। प्रो. दिनेश गुप्ता ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी के लिए प्रकाशित भगवद गीता पर जेएचएस का विशेष अंक और सीडीओई सम्मेलन के लिए जारी एनईपी 2020 के संदर्भ में दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा पर केयूआरजे का विशेष अंक पहले ही अच्छी प्रतिक्रिया पा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यूजीसी केयर लिस्ट ऑफ जर्नल्स को बंद करने के साथ, शोधकर्ता अब मानक अकादमिक पत्रिकाओं की पहचान करने के लिए आठ प्रमुख मापदंडों द्वारा निर्देशित होते हैं। उन्होंने कहा कि केयूआरजे और जेएचएस दोनों ही लगभग सभी मानदंडों को पूरा करते हैं, जिससे अकादमिक हलकों में उनकी विश्वसनीयता और महत्व मजबूत होता है। संकाय सदस्यों और शोध विद्वानों को अपने काम में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए, प्रो. गुप्ता ने इस बात पर प्रकाश डाला।

## शराब ठेकेदार से 4 लाख 48 हजार रूपए लूट करने वाले तीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**वृद्धा** एकलेव के पास 11 मार्च की देर शाम शराब ठेकेदार को चोट मारकर 4 लाख 48 हजार रूपए व एक्टिवा लूट की वारदात को अजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान रोबिन, अंशुल व कुनाल निवासी खेड़ी गुज्जर सोनीपत के रूप में हुई। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने सोमवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआइए वन प्रभारी सब इस्पेक्टर संदीप कुमार की टीम ने रविवार को मिली गुप्त सूचना



पर दबिश देकर आरोपी अंशुल व रोबिन को सेक्टर 18 में गुरुद्वारा के पास से व आरोपी कुनाल को सिवाह बस अड्डा के पास से काबू किया। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने अपने गांव निवासी साथी आरोपी अंकित के साथ मिलकर लूट की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

**कर्ज उतारने व महंगे शौक पूरा करने के दिया वारदात को अंजाम**

उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया आरोपी रोबिन, अंशुल व फरार आरोपी अंकित आपस में दोस्त है और तीनों को महंगे कपड़े जुत्ते पहनने व खाने पीने का शौक है। महंगे शौक के चलते तीनों आरोपियों पर काफी कर्ज चढ़ा हुआ था। तीनों आरोपियों ने अपने उपर चढ़े कर्ज की बात साथी आरोपी कुनाल को बताई। कुनाल करीब डेढ़ महीने पहले पानीपत में शराब ठेके पर काम करता था। आरोपी कुनाल ने शराब ठेकेदार अंकुश कुथपाल के बारे में तीनों साथी आरोपियों को बताया कि ठेकेदार शाम के समय एक्टिवा पर शराब ठेके से लेकर जाता है। आरोपियों ने महंगे शौक पूरे करने, कर्ज उतारने व शार्टकट तरिकें से पैसे कमाने के लिए शराब ठेकेदार अंकुश कुथपाल को लूटने की साजिश रची। चारों आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने कई दिन पहले पुरानी सब्जी मंडी में स्थित शराब ठेके व ठेकेदार की रैकी की।

आरोपी रोबिन, अंशुल व वारदात में शामिल फरार आरोपी अंकित 11 मार्च को एक बाइक पर सवार होकर पानीपत आए। ठेकेदार अंकुश कुथपाल ठेके से कैश लेकर घर जा रहा था। आरोपियों ने पीछा कर वृद्धा एकलेव के पास अकुश कुथपाल पर हमला कर चोट मारी और पैसे से भरा बैग व उसकी स्कूटी लेकर भाग गए थे। उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई स्कूटी बरामद कर सोमवार को तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से आरोपी कुनाल को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया।

## नायक मिट जाते हैं मगर वीरता कभी नहीं मरतीः कार्यकारी मेयर राजीव सरोहा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सोनीपत सुभाष** चौक स्थित जिला कांग्रेस भवन में कार्यकारी मेयर राजीव सरोहा, पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक, कमल दीवान, जिला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा और समस्त कांग्रेसजनों ने एकत्रित होकर अमर शहीद भगत सिंह जी, राजगुरु जी और सुखदेव जी के शहीद दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यकारी मेयर राजीव सरोहा ने कहा कि इन महान क्रांतिकारियों का बलिदान देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश



को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका त्याग और बलिदान देश के प्रति उनके अटूट प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि आज के युवाओं को इन शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए और देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के प्रति उनका त्याग, प्रेम और बलिदान हमें हमेशा देश सेवा के लिए पथ प्रदर्शक का कार्य करेगा।

## न्यूज फ्लैश

### भारतीय सेना के लिए प्लेटलेट्स दान करने दिल्ली पहुंचे देवेन्द्र गौतम और सोहन लाल



**सोनीपत:** माँ भारती रक्तवाहिनी के संस्थापक देवेंद्र गौतम और कोषाध्यक्ष सोहन लाल दिल्ली के सशस्त्र सेना आदान केंद्र, दिल्ली कैंट के रक्तकोष पहुंचे। संस्था को जानकारी मिली थी कि एक आर्मी जवान के पारिवारिक सदस्य को प्लेटलेट्स की जरूरत है। इसके बाद दोनों तुरंत दिल्ली रवाना हुए और प्लेटलेट्स दान किए। देवेंद्र गौतम ने 45वीं बार और सोहन लाल ने 32वीं बार प्लेटलेट्स डोनेट किए। गौतम ने कहा कि जब किसी की जान बचाने की बात हो, तब दूरी नहीं, बल्कि मरीज से जुड़े सैकड़ों लोगों की खुशियों के बारे में सोचना चाहिए। जरूरत पड़ने पर अपना काम भी छोड़ना पड़े तो छोड़ दें, क्योंकि जीवन सबसे महत्वपूर्ण है। सोहन लाल ने बताया कि संस्था लगातार सेना के लिए रक्तदान शिविर आयोजित कर रही है। अब तक 47 रक्तदान शिविर सेना के लिए लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि देशहित में सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

### बदल रहे हैं सरकारी स्कूल - आओ बदलाव का हिस्सा बनें चलो सरकारी स्कूल चलें: कौशिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र विनोद कौशिक ने किया सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढाने का आवाहन जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में आगामी सत्र में नामांकन बढाने के लिए सभी अध्यापकों, प्रधानाचार्यो, एसएमसी सदस्यों को इस अभियान में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया क उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग सभी विद्यालयों में उच्च गुणवत्ता शिक्षण के लिए हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है कमौजूदा सरकार की प्राथमिकताओं में अच्छी शिक्षा प्रमुखता से रखी गई है कसभी राजकीय विद्यालयों में पानी, बिजली, शौचालय और अच्छे हवादार कमरों की उपलब्धता के बाद अब प्रमुखता से उच्च गुणवत्ता के आई सी टी उपकरणों को प्रदान किया जा रहा है कइस अवसार पर उन्होंने जानकारी दी कि गत वर्ष में माननीय उपायुक्त कुरुक्षेत्र के प्रयासों से नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए वर्ष भर एक अभियान चलाया गया जिसकी सफलता के लिए कर्मठ और मेहनती अध्यापकों ने रविवार के दिन भी कक्षाएं आयोजित कीं ; जिसका परिणाम यह हुआ कि गत सत्र की नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में राजकीय विद्यालयों के छात्र छात्रा छाए रहे ऐसा ही परिणाम इस वर्ष भी अपेक्षित है कइस अवसर पर उन्होंने जानकारी दी कि माननीय प्रधानमन्त्री महोदय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन लाने के लिए शुरू की गई नई नीति को लागू करने वाला हरियाणा पहला राज्य है सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में खेल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसरों के साथ-साथ छात्रों के पोषण और स्वास्थ्य के लिए मध्याह्न भोजन, निशुल्क पाठ्य पुस्तकें, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच आयोजित की जाती है।

# विकसित भारत के लिए महिलाओं को स्वावलंबी बनाना जरूरी : सोमनाथ

### महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी रहकर समाज एवं देश के विकास में अपना अहम योगदान दे रही हैं

**योगदान**

**महिला सशक्तिकरण एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की अग्रसर करने में अहिल्या बाई होल्कर का अमूल्य योगदान**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : विकसित भारत के लिए देश की महिलाओं को स्वावलंबी बनाना जरूरी है। महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी रहकर समाज एवं देश के विकास में अपना अहम योगदान दे रही हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की अग्रसर करने में अहिल्या बाई होल्कर का अमूल्य योगदान है। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने गीता ज्ञान संस्थान में रविवार को स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित सफल महिला उद्यमी सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शहीदे आजम भगत सिंह राजगुरु व सुखदेव का शहीदी दिवस पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को याद करना युवाओं और महिलाओं के लिए प्रेरणादायी है। लोकमाता अहिल्याबाई सभी के लिए प्रेरणा पुंज है जिन्होंने अपने जीवन में महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण स्वच्छता, मानव कल्याण व किसान वर्ग एवं जीव-जंतु के हित के लिए अहम कार्य किए।
कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे स्वावलंबन भारत अभियान को बढ़ावा देने के लिए महिलाएं स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने का कार्य करें ताकि भारत की आर्थिक व्यवस्था को मजबूती से आगे बढ़ाया जा सके। स्वदेशी जागरण मंच की प्रांत सह संयोजक डॉ. सुनीता भरतवाल ने कहा कि विकसित राष्ट्र की पहचान बढ़ाने के लिए भारतीयता को बढ़ावा देना होगा। स्वावलंबी भारत अभियान के प्रान्त सह संगठन कुलदीप सिंह ने कहा कि वे हमें अपनी वीरांगनाओं से ही संस्कार व प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर डॉ. ऋषि गोयल ने कहा कि लोक माता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा देश को नई दिशा मिली जो आज भी हमारे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है।
डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना हमारी संस्कृति की पहचान है तथा इस पहचान को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं को उद्यमिता की ओर अग्रसर होना चाहिए। डॉ. अमिता शर्मा ने कहा कि विकसित भारत के लिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा जिला संघ प्रमुख रणजीत सैनी ने स्वदेशी में महिलाओ की भागीदारी होने से स्वरोजगार को बढ़ावा मिलने की बात कही। इस अवसर पर प्रोफेसर रमेश ढांडा, डॉ. अजय जांगड़ा, डॉ. आशीष अनेजा, हरिकेश पपोसा, गगनदीप हांडा, ताराचंद, कवल सचदेवा, सूरजभान, अजमेर निखिल, डॉ. प्रियंका जांगड़ा, नंदिनी सिंगल, मिली शर्मा, उर्वशी व योगेश आदि मौजूद रहे।

**21 सफल महिला उद्यमियों को किया सम्मानित**

स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित महिला सम्मान समारोह में कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा सहित सभी अतिथियों ने 21 सफल महिला उद्यमियों को सम्मानित किया। महिला सम्मान समारोह की संयोजिका डॉ. अर्चना शर्मा व डॉ. सीमा ने बताया कि उद्यमिता के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाने वाली ज्योति, सत्या, ललिता, मीना सिंह, अन्नू, डॉ. सोनिया चिकारा, प्रो. सुषमा, गुरदीप कौर, नीलम रानी, परमजीत, सरबजीत, सीता, सोनिया, रजनी, रीना, सुषमा, राधिका, रेशमा देवी, रुचिका, अलका, दिव्या व मॉनिका हांडा को सम्मानित किया गया।

## नरेश सैनी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** प्रेरणा समिति हरियाणा द्वारा पिछले अनेक वर्षों से सेवाभवियों को सम्मानित करने का बीड़ा उठाया हुआ है। इस कड़ी में आज समाज सेवा को समर्पित नरेश सैनी को आजीवन सेवा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रेरणा समिति हरियाणा के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा उन्हें प्रदान किया। सेवाभावी नरेश सैनी को यह आजीवन सेवा सम्मान उन्हें आदर सहित बुलाकर प्रदान किया गया। प्रेरणा समिति हरियाणा के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि नरेश सैनी का चयन इस सम्मान के लिए उनके द्वारा प्रदान की गई अभूतपूर्व सेवाओं को देखते हुए किया गया। नरेश सैनी हरियाणा के विभिन्न जिलों के सरकारी अस्पताल के रक्त कोषों में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी के रूप में सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। सेवानिवृति के पश्चात वे रोटी बैंक, प्रयास फाउंडेशन और प्रेरणा समिति से जुड़कर अनेक समाज सेवा के कार्य करते हैं।

**समाजसेवा**

**रोटी बैंक, प्रयास फाउंडेशन और प्रेरणा समिति से जुड़कर अनेक समाज सेवा के कार्य करते हैं**

## न्यायाधीश के घर बड़ी मात्रा में नकदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : राष्ट्र प्रेम मंच की एक बैठक मंच के संयोजक विजय सैनी की अध्यक्षता में हुई।?बैठक राष्ट्र प्रेम मंच के संयोजक विजय सैनी ने कहा कि भगवान के बाद आम जनमानस को इंसाफ मिलने की उम्मीद व भरोसा न्यायपालिका के ऊपर होता है लेकिन जिस प्रकार हाईकोर्ट एक जज के घर से इतनी बड़ी मात्रा में नकदी मिली है इससे न्यायपालिका की न्याय प्रणाली पर सवाल उठना भी जरूरी है और जनमानस की न्याय की उम्मीद टूटती है। न्यायपालिका की साख गिरती है जो एक गंभीर चिंता का विषय है। राष्ट्र प्रेम मंच की ओर से उपायुक्त महोदय के माध्यम से प्रधानमंत्री नाम एक



ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री से मांग की जाएगी इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके। इस मौके पर रिटायर्ड एसडीओ धर्मपाल सैनी, एडवोकेट गुलशन, एडवोकेट योगेश, विकास, रणजीत, मास्टर बाबू राम, सुरेंद्र इत्यादि मौजूद थे।

## सार्थक साहित्य मंच ,कुरुक्षेत्र की मासिक काव्य गोष्ठी हुई आयोजित

**काव्य गोष्ठी**

**कविता रोहिल्ला की मेजबानी में गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में आयोजित की गई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : सार्थक साहित्य मंच ,कुरुक्षेत्र की मार्च मास की मासिक काव्य गोष्ठी दिन रविवार दिनांक 23/03/2025 को कविता रोहिल्ला की मेजबानी में गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में आयोजित की गई। इस काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ.सी.डी.एस.कौशल जी ने की । इसका कुशल मंच संचालन कविता रोहिल्ला जी ने किया । काव्यगोष्ठी का शुभारंभ ज्योति प्रज्वलित कर माँ शारदे की स्तुति कर हुआ ।इसमें कवियों ने भगत सिंह जी की शहादत को याद करते हुए देशभक्ति और समाज की विभिन्न समस्याओं पर आधारित विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी ।काव्य गोष्ठी में निम्नलिखित कवियों और कवयित्रियों ने सहभागिता की डॉ. सी.डी.एस कौशल, डॉ.शंकुन्तला शर्मा ,डॉ.ममता सूद ,श्री हरीश बंसल,श्री मती रीतु बरखी,श्री मती राधाअग्रवाल ,श्रीमती कविता रोहिल्ला,आदि।डॉक्टर सी.डी.एस. कौशल जी ---नेताजी की बात मानते भारत के न टुकड़े होते।आजादी पहले मिल जाती आज तलक न झगड़े होते।महिला दिवस मना रहे , दुनिया में सब लोग।नारी के सम्मान में ,करना बहु उद्योग।डॉ.शंकुन्तला शर्मा--आया बसंत पाला अंत पीली सरसों खिल-खिल आईं ,ओढ़े फैंक चुनरिया धानी धरती चीर बसंती ओढ़ आई ।डॉ.ममता सूद- सकारात्मक सोच बनानी है,नकारात्मकता दूर भगानी है। जो भी देता है प्रभु हमको ,उसी के संग जिंदगी बितानी है ।नाम था भगत ,थे वे राष्ट्र भगत । वार दी जवानी ,ऐसे थे वह सेनानी । मन में था पूरा जोश ,शत्रु के उड़ाते थे होश । दिखाते इस कदर जोश,वह थे क्रांति का बॉस ।श्री हरीश बंसल -मुझको रंगना तेरे रंग में बस तेरा रंग निराला है,बाहर से सब उजला उजला, अंदर सबके(मन) काला है,जख़्म दिए जो इस जगत ने आकर उन जख्मों को भर दे,देकर बराबरी का दर्जा,
मुझे अपने बराबर कर दे। डॉ.रितु बरखी- औरतें बहुत सहती हैं, औरतें सच में बहुत कुछ सहती हैं।

## डॉक्टर रघुवीर तगेजा और धर्मेंद्र कश्यप किए गए सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम द्वारा द्वारा चलाई गई नीव कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान के लिए जिला शिक्षा विभाग प्रशिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र के शिक्षण तकनीकी विभाग को सम्मानित किया गया। विभाग की और से डॉक्टर रघुवीर तगेजा और धर्मेंद्र कश्यप ने सम्मान प्राप्त किया। नींव कार्यक्रम गांव और दूरदराज के विद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों को तकनीकी संसाधनों से पढ़ने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया जो उन विद्यार्थियों के लिए एक वरदान साबित हुआ जिनके पास शिक्षा के पर्याप्त अवसर नहीं है इस कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र जिले के दो विद्यालय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कासीथल एवं राजकीय माध्यमिक विद्यालय अजराना कला के विद्यार्थियों को शामिल किया गया। इन विद्यालयों में विद्यार्थियों के परिणामों में आए सकारात्मक बदलाव को देखते हुए विद्यालयों के शिक्षक श्रीमती पूनम श्रीमती निशम और श्रीमती सुमन को भी उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया।
जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र में शिक्षण तकनीकी विभाग की प्रभारी अपर्णा खंडूजा इस उपलब्धि का श्रेय संस्थान के प्राचार्य श्री रोहतास वर्मा जी के कुशल नेतृत्व और प्रभावी मार्गदर्शन को दिया।

**मार्गदर्शन**

**इस उपलब्धि का श्रेय संस्थान के प्राचार्य रोहतास वर्मा के कुशल नेतृत्व और प्रभावी मार्गदर्शन को दिया**

## शहीदी दिवस पर नशा मुक्ति अभियान की गई शुरूआत




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला** : भगवान श्री परशुराम गौशाला अम्बाला शहर में सर्व धर्म समाज कल्याण सोसायटी, राष्ट्रीय बजरंग दल , ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन अम्बाला तथा वी हेल्पिंग ग्रुप धनाना के पदाधिकारियों द्वारा देवी लाल प्रधान की अध्यक्षता में कार्यक्रम संचालक राजेन्द्र कौशिक राष्ट्रपति अवार्डी ने शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के युवा साथियों के साथ मिलकर देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदों पर झूल कर अपनी जान कुर्बान करने वाले महान युवा स्वतंत्रता सेनानी शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह, राजगुरु तथा सुखदेव के शहीदी दिवस पर दो मिनट का मौन रखकर तथा छायाचित्रों पर पुष्प अर्पित की युवाओं को हर प्रकार के नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

## ठेकदार की हत्या कर शव नहर की पटरी पर फेंका

**यमुनानगर।** गांव खारवन के नजदीक दादूपुर नलवी नहर की पटरी पर जगाधरी शहर के एक बिल्डिंग ठेकेदार का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान राजकुमार निवासी शांति कॉलोनी,
जगाधरी के रूप में हुई।जांच में पता चला कि जगाधरी शहर के एक बिल्डिंग ठेकेदार का अपहरण कर हत्या करने के बाद आरोपित बाइक पर शव लेकर घूमते रहे।परिजनों ने एक महिला सहित चार आरोपितों पर अपहरण कर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा ने रचा इतिहास

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : बिहार दिवस पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में भव्य रूप में एक भारत,श्रेष्ठ भारत स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित करके भारतीय जनता पार्टी ने नया इतिहास रच दिया है।उक्त कथन भाजपा नेता और कला और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने व्यक्त किए।अनिल वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी वर्गों की पार्टी है और सभी वर्गों को उचित मान- सम्मान प्रदान करती है।बिहार दिवस पर आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आगमन से समारोह की गरिमा को चार चांद लग गए। अनिल वर्मा ने कहा कि प्रवासी



साथियों ने हरियाणा में बिहार दिवस मनाने की कभी कल्पना भी नहीं की होगी जबकि भाजपा ने इसे हकीकत में बदलने का काम किया है।इस आयोजन ने बिहार की मिट्टी से जुड़े लोगों को उनके प्रदेश की अनमोल यादों से जुड़ने का अवसर प्रदान किया है। अनिल वर्मा ने कहा कि छठ पूजा के अवसर पर भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार ब्रह्मसरोवर के तट पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था।प्रवासियों के सम्मान के लिए भारतीय जनता पार्टी सदैव अटल और समर्पित है। अनिल वर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में बिहार के गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली से अति प्रभावित नजर आए। भारी संख्या में प्रवासियों की उपस्थित से कार्यक्रम की शोभा और अधिक बढ़ गई थी।समारोह के सफल आयोजन पर अनिल वर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,पूर्व मंत्री सुभाष सुधा,जिलाध्यक्ष तेजेंद्र सिंह गोल्डी,बिहार भाजपा प्रदेश मंत्री स्वदेश यादव,कार्यक्रम संयोजक रवि
बत्तान ,धर्मवीर मिजार्पुर,सुभाष कलसाना, रविंदर सांगवान,राजीव राय,जसविंदर,गुलशन,वंदना गौरी, अनु,भारती, पूनम,ललित,शैलो, सुनील, दीपक, विजय, मेघराज, मनीष, राजेश सहित सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बधाई व शुभकामनाएं दी।

**भावना**

**श्रेष्ठ भारत स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित करके भारतीय जनता पार्टी ने नया इतिहास रच दिया**

## टीबी का इलाज सही समय पर न किया जाए तो यह जानलेवा हो सकती है: डॉ. अनेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : हर साल 24 मार्च को वर्ल्ड टीबी डे मनाया जाता है, ताकि लोगों को इस गंभीर बीमारी के बारे में जागरूक किया जा सके। डॉ.आशीष अनेजा ने बताया कि यह एक ऐसी बीमारी है जो हर साल लाखों लोगों को प्रभावित करती है और अगर समय पर इलाज न किया जाए, तो यह जानलेवा भी हो सकती है। विश्व टीबी दिवस साल 1982 से हर साल 24 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरूआत वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा की गई थी। जिसका उद्देश्य डॉ. कोच द्वारा खोजे गए बैक्टीरिया (माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस) की वर्षगांठ को याद करना है।टीबी कई प्रकार की होती है जैसे कि फुफ्फुसीय टीबी (फेफड़ों को प्रभावित करने वाली) और एक्सट्रापल्मोनरी टीबी (शरीर के दूसरे अंगों को प्रभावित करने वाली). टीबी से बचना है तो इन बातों का रखें खास ख्यालः टीबी से बचने के लिए, टीबी के मरीजों से उचित दूरी बनाए रखें, और अगर आपको टीबी के लक्षण दिखाई दें. तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें. अगर टीबी का इलाज सही समय और ढंग से नहीं किया जाता है, तो यह जानलेवा और खतरनाक साबित हो सकती है. अगर टीबी का इलाज सही ढंग से नहीं किया जाता है. तो टीबी के जीवाणु दवा के प्रति प्रतिरोधी हो सकते हैं. जिससे इलाज करना मुश्किल हो जाता है. टीबी सबसे ज्यादा फेफड़ों को नुकसान पहुंचाती है. जिसके कारण सांस लेने में तकलीफ शुरू होती है. इसके अलावा टीबी शरीर के दूसरे अंगों को भी काफी ज्यादा प्रभावित करती है. जैसे- रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क और किडनी.

**क्या हैं टीबी के लक्षणः** टीबी के मुख्य लक्षणों में ज्यादा खांसी आना, बलगम आना, बुखार आना विशेषकर शाम के समय, छाती में दर्द, वजन घटना और भूख कम लगना आदि लक्षण शामिल हैं। टीबी के मुख्य लक्षणों को योग के माध्यम से कम किया जा सकता है और टीबी पर नियंत्रण किया जा सकता है। फेफड़ों की मजबूती और टीबी की रोकथाम के लिए यहां आपको कुछ प्रभावी आसनों के बारे में बताया जा रहा है। टीबी का इलाज एंटीबायोटिक दवाओं के जरिए किया जाता है. टीबी मरीज की क्या स्थिति है इसको देखने के बाद इसका पूरा कोर्स 6 महीने से लेकर 3 साल तक का कोर्स तक चलता है. टीबी के इलाज में डॉट्स प्रणाली का इस्तेमाल किया जाता है. जिसमें डॉक्टर मरीज को दवा देते हुए देखता है. ताकि मरीज पर दवा का सही असर तो हो रहा है या नहीं? टीबी के इलाज में वक्त 6 महीने या उससे अधिक हो सकती है।

**सावधानी बरतें**

**टीबी के मुख्य लक्षणों में ज्यादा खांसी आना, बलगम आना, बुखार आना शाम के समय, छाती में दर्द, वजन घटना और भूख कम लगना आदि लक्षण शामिल**

## डीएवी पब्लिक स्कूल की दो छात्राएं हुई सम्मानित

**सम्मान**

**दोनों छात्राओं को दस हजार की नकद राशि व सर्टिफिकेट पुरस्कार के रूप मे देकर सम्मानित किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** डीएवी पब्लिक स्कूल, अम्बाला शहर की दो छात्राओं वंशिका (कक्षा नौवीं, जिसका विषय था (इको इंसेंटिव डस्टबिन) और कक्षा आठवीं की अनवी गोयल जिसका विषय था (पब्लिक टॉयलेट आटोमेटिक फ्लश सिस्टम) का नाम विज्ञानं व तकनीकी विभाग, नई दिल्ली (मिनिस्टरी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भारत सरकार) द्वारा पुरस्कार के लिए नाम नामांकित किया गया। दोनों छात्राओं को दस हजार की नकद राशि व सर्टिफिकेट पुरस्कार के रूप मे देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं ने यह विद्यालय की विज्ञान अध्यापिका संगीता महेश्वरी के मार्गदर्शन मे किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी ने छात्राओं व उनके अभिभावकों को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं दी।

# हर नागरिक को न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकता: कृष्ण कुमार बेदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**सामाजिक न्याय** सशिक्तकरण अनूसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने जिला सचिवालय में सोमवार को जिला कष्टद्द निवारण समिति की बैठक में सुनवाई करते हुए कहा कि हर नागरिक को न्याय दिलवाना सरकार की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जायेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी इसमें रूचि लें व कम से कम समय में ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का निदान करें। उन्होंने अधिकारियों को बैठक में कुछ



आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। समिति की बैठक के बाद उन्होंने जिले के कुछ जरूरतमंद लोगों की समस्याएं भी सुनी व अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिये। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने मंत्री का बुके देकर स्वागत व अभिनन्द किया व हर समस्या का तत्काल समाधान करने का आश्वासन मंत्री को दिया। जिला कष्टद्द निवारण समिति की बैठक में विभिन्न प्रकार की 13 सूत्रीय एजेण्डें पर एक-एक करके मंत्री ने संज्ञान लिया। 1 शिक ायत टीडीआई सैक्टर 38-39 जीटी रोड़ से संबंधित रही । यह शिकायत पिछली बैठक की लम्बित थी। इस पर सुनवाई करते हुए अगली बैठक के लिए इसे लंबित रखा गया। 2 शिकायत ऋषिपाल वासी डाडौला की थी। यह भी पिछली बैठक की लम्बित शिकायत थी। इसे भी अगली बैठक के लिए पेंडिंग रखा गया। 3 शिकायत डॉ. सुदेश वासी संजय कॉलोनी द्वारा पुलिस से सम्बंधित थी। यह शिकायत भी पिछली बैठक की लम्बित समस्या थी। इस पर सुनवाई करते हुए इसे निरस्त कर दिया गया। 4 शिकायत बिजेन्द्र वासी राजाखेड़ी ने रखी। यह भी पिछली बैठक की लम्बित समस्या थी। इसे एसआईटी को भेजने के निर्देश दिए व रिपोर्ट आने पर आगामी कार्यवाही के लिए आश्वासन दिया। 5वी शिकायत अभिषेक वासी काबड़ी रोड़ वार्ड नम्बर 24 द्वारा दी गई थी जोकि पिछली बैठक की लम्बित शिकायत थी इसे निरस्त कर दिया गया। 6 शिकायत राज नगर सुधार मण्डल द्वारा रखी गई थी। यह भी पिछली बैठक की लम्बित शिकायत थी इसे सुनवाई के बाद खारिज कर दिया गया। 7वीं शिकायत दलबीर सिंह वासी सैक्टर-8 द्वारा दी गई थी जोकि पिछली बैठक की लम्बित शिकायत थी।

# लोगों को खुली हवा की सांस क्रांतिकारी वीरों की शहादत की बदौलत मिली: सुमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि देश के लोगों को बिना किसी भय, शांतिपूर्वक माहौल में जीवन जीने का अवसर क्रांतिकारी वीरों ने दिया है। इन वीरों की बदौलत ही आज देश का प्रत्येक नागरिक खुली हवा में सांस ले रहा है। 23 मार्च को शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु जैसे क्रांतिकारियों ने हंसते-हंसते अपनी शहादत दी थी, इसीलिए आज के दिन को शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।
हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी सुमन सैनी लाडवा के निजी पैलस में हरियाणा पूर्व सैनिक संगठन



द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी।
उपाध्यक्षा ने कहा कि कार्यक्रम में दुश्मन देशों से लड़ते हुए शहीद होने सैनिकों की वीरांगनाओं, युद्ध में शरीर का कोई अंग खोने वाले वीर सैनिकों और 80 वर्ष से अधिक आयु के वीर सैनिकों को सम्मानित किया।
मुख्यातिथि उपाध्यक्षा सुमन सैनी का स्वागत संस्था के हरियाणा प्रधान आज्ञाराम दहिया ने किया।
उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि देश पूर्व सैनिको के बलिदान को याद रखता है और सरकार पूर्व सैनिको के परिवारों के लिए कई प्रचार की योजनाए बना रही है। कार्यक्रम में हरियाणा से सभी जिलो से पूर्व सैनिको ने भाग लिया। मंच का संचालन जसबीर सिंह नागपॉल ने किया।

## न्यूज फ्लैश

### रहन-सहन के आधुनिक तौर-तरीकों ने इंसान की प्रजन्न शक्ति घटाई: डा. ऋषिकेश पाई

**पंचकूला:** विश्व प्रसिद्ध गाइनोकोलोजिस्ट तथा आई.वी.एफ. माहिर डाक्टर ऋषिकेश पाई ने आज यहां प्रेस कान्फ्रेंस दौरान बताया कि आधुनिक जीवन शैली ने मर्दों एवं औरतों की बच्चे पैदा करने की समर्था शक्ति पर बड़ा हमला किया है। फैडरेशन आफ ओवेसटेट्रिक्स एंड गाइनोकालोजिकल सोसायटी आफ इंडिया के अध्यक्ष डा. ऋषिकेश पाई के साथ इस अवसर पर फोर्टिस ब्लूम आईवीएफ विभाग की प्रमुख डा. पूजा मेहता एवं सलाहकार डा. शोभना वर्मा भी मौजूद थी।
डॉ. पूजा मेहता ने कहा कि कृत्रिम गर्भधारण (आईवीएफ) के बार-बार असफल होने के बावजूद महिलाएं सामान्य तरीके से गर्भधारण कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि एक बेहतरीन आईवीएफ लैब तक पहुंच से प्रजनन की सफलता की संभावनाएं बढ़ जाती हैं और अंडाणु व शुक्राणुओं की गुणवत्ता में सुधार होता है। इस अवसर पर डा. पाई ने अपने तजुर्बे तथा दुनिया भर के माहिरों द्वारा किए गए अध्यन्नों के हवाले से बताया कि बड़ी उम्र में किए जाते विवाह, पौष्टिक तथा संतुलित खुराक की कमी, बढ़ता वजन, शारीरिक कसरत न करना, कैफिन सहित चिट्टे जैसी खतरनाक ड्रगज, शराब तथा सिगरेट के सेवन ने मर्दों तथा महिलाओं की प्रजन्न शक्ति पर गहरी चोट पहुंचाई है। डॉ. पाई ने कहा कि सफल आईवीएफ प्रक्रिया के लिए भ्रूण निर्माण के दौरान अच्छी लैब स्थितियों की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि इसकी सफलता दर 35 वर्ष की आयु के दौरान 40 से 50 प्रतिशत तक होती है। उन्होंने एक दंपति का उदाहरण देते हुए बताया कि पति के शुक्राणुओं की संख्या और गतिशीलता अत्यधिक कम थी। जब उनका डीएनए फ्रेग्मेंटेशन इंडेक्स (डीएनए) परीक्षण किया गया तो उसकी मात्रा 35 प्रतिशत से अधिक पाई गई। इसके बाद महिला के आवश्यक परीक्षण किए गए। तीन महीने के उपचार के बाद, वे प्राकृतिक रूप से गर्भधारण करने में सक्षम हो गए। उन्होंने बताया कि इस तकनीक की मदद से वे कई दंपतियों को माता-पिता बनने में सफलतापूर्वक सहायता कर चुके हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. मेहता ने कहा कि महिलाओं में गंभीर पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) और दोनों फेलोपियन ट्यूबों का अवरुद्ध होना, बांझपन के दो प्रमुख कारण हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास नवीनतम तकनीकें और उपचार विधियां हैं, जिनके माध्यम से ऐसी महिलाओं का सफल इलाज किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह धारणा गलत है कि आईवीएफ उपचार सफल नहीं होता। यह एक नई जीवन प्रक्रिया को जन्म देने की तकनीक है, जिसकी सफलता दर उम्र के अनुसार बदलती रहती है। आईवीएफ की असफलता के कारण भ्रूण, अंडाणु और शुक्राणु से संबंधित समस्याएं हो सकती हैं। डॉ. शोभना वर्मा ने कहा कि भारत में 30 प्रतिशत पुरुषों की समस्याएं भी बांझपन का कारण बनती हैं। उन्होंने बताया कि अब तक वे 100 में से 90 दंपतियों का सफल उपचार कर चुके हैं। गर्भपात के कारणों की पहचान कर ही उसका सफल इलाज किया जा सकता है।
श्रीमती (38) और श्री (42), जो 10 वर्षों से विवाहित थे, ने दो असफल आईवीएफ प्रयासों के बाद प्राकृतिक रूप से गर्भधारण किया। डॉ. पूजा ने समस्या की पहचान बंद फैलोपियन ट्यूब और बार-बार आईयूआई विफलताओं के रूप में की, साथ ही श्री के शुक्राणु असामान्यताओं का निदान किया। डीएनए फ्रैगमेंटेशन इंडेक्स (ऊ्रऋक) 35% से अधिक पाया गया। तीन महीने के उपचार से शुक्राणु गुणवत्ता और गर्भाशय स्वास्थ्य में सुधार हुआ, जिससे दंपति ने स्वाभाविक रूप से संतान प्राप्त की। इसी तरह, श्रीमती अ (36) और श्री इ (38), जो 7 वर्षों से विवाहित थे, को तीन असफल आईवीएफ प्रयासों के बाद क्टरकऔर छअल्र तकनीकों से सफलता मिली। डॉ. शोभना द्वारा हिस्टेरोस्कोपी के बाद दो भ्रूण स्थानांतरित किए गए, जिससे श्रीमती अ सफलतापूर्वक गर्भवती हुईं और स्वस्थ शिशु को जन्म दिया।

### समय पर जांच और इलाज से टीबी पर नियंत्रण संभव" : डॉ. रॉबिन गुप्ता

**पंचकूला:** विश्व टीबी दिवस के अवसर पर पारस हेल्थ पंचकूला के डॉक्टरों ने क्षय रोग (टीबी) से निपटने के लिए जल्दी डायग्नोसिस और समय पर इलाज के महत्व पर जोर दिया हैं और भारत के टीबी मुक्त होने के मिशन का समर्थन किया हैं। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत टीबी उन्मूलन में देश की प्रगति के साथ विशेषज्ञ इस बात पर जोर देते हैं कि इस बीमारी को नियंत्रित करने के लिए जागरूकता, जांच और प्रारंभिक चिकित्सा हस्तक्षेप महत्वपूर्ण हैं।
डॉ रॉबिन गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट, पलमोनोलॉजी ने कहा, ह्लभारत के नवीनतम टीबी डेटा के अनुसार, टीबी की प्रचलन दर 2015 में प्रति लाख जनसंख्या पर 237 मामलों से 17.7% घटकर 2023 में प्रति लाख 195 हो गई है, और इसी अवधि के दौरान टीबी से संबंधित मौतों में 21.4% की कमी आई है। हालाँकि इन सुधारों के बावजूद नए टीबी केसों का पता लगाने में वृद्धि हुई है। इसका मुख्य कारण टेस्टिंग में वृद्धि और बढ़ी हुई जागरूकता है।

# पुलिस अधीक्षक ने कर्मचारियों को किया प्रेरित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :सोमवार को** पुलिस लाईन में परेड का आयोजन किया गया जिसमे दंगा नियंत्रण बल द्वारा मौक ड्रिल का अभ्यास किया गया। यह अभ्यास किसी भी आकस्मिक परिस्थितियों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लाईन कुरूक्षेत्र में किया गया। पुलिस की कंपनियों की ओर से दंगा नियंत्रण का अभ्यास पुलिस अधीक्षक श्री वरूण सिंगला के निर्देश पर किया गया। परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मचारियों को अच्छी ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक श्री वरूण सिंगला ने कहा कि अभ्यास



निरंतर चलने वाली प्रकिया है। इस प्रकिया के तहत पुलिसकर्मियों को अभ्यास करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों को अभ्यास के दौरान आकस्मिक परिस्थितियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने बारें विस्तृत जानकारी दी जाती है। इस अभ्यास में पुलिसकर्मियों को विधि विरुद्ध भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न उपकरणों और तकनीकों बारे जानकारी दी गई। इसके साथ ही दंगा नियंत्रण का भी अभ्यास किया गया
जिसमें वास्तविक समय की परिस्थितियों में दंगा नियंत्रण की तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री वरूण सिंगला ने निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों के इक्विपमेंट चैक करने उपरांत जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने मौक ड्रिल के बाद चीता राइडर्स व डायल-
112 पर तैनात कर्मचारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिये गये। डायल-112 व चीता राइडर्स पर तैनात कर्मचारियों को उनकी ड्यूटी से सम्बंधित जरुरी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ड्यूटी के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। पुलिस अधीक्षक ने परेड के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया।

# विधायक भड़ाना ने कई गांवों का दौरा कर लोगों की सुनी समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**विधायक मनमोहन** भड़ाना ने रविवार को विधान सभा क्षेत्र के समालखा व कई गांवों का दौरा करके लोगों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही समाधान किया । गांव किवाना में एक्सीडेंट में हुई मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार से मुलाकात की वे इसराना गांव में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में भी विधायक मनमोहन भडाना पहुंचे । इस के साथ साथ हथवाला,गोयला खेड़ा,बापौली,सनौली आदि कई गांवों में हुई मृत्यु पर शोक व्यक्त करने पहुंचे । बताने योग्य है जब से मनमोहन भडाना विधायक बने हैं।

# भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का बलिदान दिवस मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**आर्य बाल भारती** स्कूल परिसर में महान स्वतंत्रता सेनानी महर्षि दयानंद के अनन्य भक्त अमर बलिदानी भगत सिंह राजगुरु व सुखदेव का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपप्राचार्य जगदीश चहल ने की कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक यज्ञ के साथ हुआ इस अवसर पर ऋषि दयानंद स्वामी श्रद्धानंद अमर शहीद रणवीर आर्य स्वामी ओमानंद और आचार्य बलदेव को भी सभी वक्ताओं ने याद किया यह जानकारी विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने दी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। उपप्राचार्य जगदीश चहल ने कहा कि यह देश उन सभी ज्ञात अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदानियों का सदैव ऋणी रहेगा जिन्होंने इस देश को आजाद करवाने में अपना , सर्वस्व न्योछावर कर दिया । उन्होंने कहा कि आज विश्व कि सभी आर्य संस्थाएं और आर्य शिक्षण संस्थाएं राजगुरु सुखदेव भगत सिंह का बलिदान दिवस पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मना रही है। उन्होंने कहा कि सभी आर्य शिक्षण संस्थाएं शिक्षा के साथ-साथ छात्रों को उच्च कोटि के वैदिक संस्कार देने का कार्य भी कर रही है।

# विश्व टी बी दिवस पर गांव कैथंला खुर्द हुआ टीबी मुक्त घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः आज टीवी दिवस** के अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र से आई डॉक्टर अनामिका, नर्स राजरानी और पवन कुमार ने कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी को स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र देते हुए गांव कैंथला खुर्द को टीवी मुक्त गांव घोषित किया। डॉ अनामिका ने बताया कि बताया कि हर साल 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है। यह दिन बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने और संक्रमित जरूरतमंद की मदद करने के लिए मनाया जाता



है। साथ ही टीबी नियंत्रण करने की दिशा में प्राप्त की गई उपलब्धियों को याद करने के लिए मनाया जाता है।विश्व क्षय रोग दिवस टीबी के विनाशकारी स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक परिणामों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है और वैश्विक टीबी महामारी को समाप्त करने के प्रयासों को आगे बढ़ाता है। यह दिन 1882 में उस दिन को चिह्नित करता है।

# गाँव टिकौला में अवैध खनन में पकड़ा गया एक ट्रैक्टर-ट्रॉली

**सोनीपत। उपायुक्त** ने बताया कि सोमवार को सुचना मिली कि गाँव टिकौला में अवैध खनन किया जा रहा है जिसके बाद थाना प्रबंधक, हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्युरो, मिमारपुर व खनन विभाग की टीम के द्वारा रेड करके एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जो रेत से भरी हुई थी उसे पकड़ा गया व ट्रैक्टर-ट्राली को पुलिस थाना मुरथल में सीज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन अवैध खनन के सख्त खिलाफ है। जिसको रोकने के लिए दिन-रात चैकिंग की जा रही है।

# एक दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र, ऊझा, पानीपत में फसल अवशेष प्रबंधन पर एक दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फसल अवशेष प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा करना व फसल अवशेषों के यथास्थान प्रबन्धन और एक्स-सीटू प्रबंधन की तकनीकों को प्रदर्शित करना था जिससे की किसान फसल अवशेषों का अच्छे से प्रबन्धन कर सके। इस किसान मेले में पानीपत जिले के 800 किसानों/महिला किसानो व युवाओ ने भाग लिया। इस



अवसर में कृषि विज्ञान केंद्र, करनाल के वरिष्ठ संयोजक डॉ महासिंह ने खरीफ फसलो की बिमारियो व कीटो पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया की धान के अवशेषो को आग लगाने से मित्र कीट मर जाते है, वातावरण प्रदूषित होता है व मिट्टी की उपजाऊ शक्ति में कमी आती है। अतः हम सभी मिलकर प्रण लेना होगा कि हम फसल अवशेषों का यथास्थान प्रबंधन करेंगे व अपने आस पड़ोस के किसानों को भी फसल अवशेष प्रबंधन करने के लिए जागरूक करेंगे। हम इन अवशेषो का प्रयोग खुम्ब उत्पादन के लिए कम्पोष्ट तैयार करने में, केचुएँ की खाद बनाने मे, मलचिन्ग करने के साथ गत्ता बनाने के लिए कर सकते है। उन्होंने सभी किसानों से आग्रह किया की वे प्राकृतिक संसाधन संरक्षण मे भी अपना योगदान जरूर दे। उदाहरण के तौर पर जल एक बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधन है परन्तु धान-गेंहू फसल चक में बहुतायत मात्रा मे हम जल का दोहन कर रहे है। दोनों फसलों में पानी की काफी जरूरत होती है। अतः हमे संसाधन संरक्षण तकनीक जैसे धान की सीधी बीजाई, गेहू की जीरो टिल मशीन, व हैपी सीडर मशीन व अन्य तकनीकों का अपनाकर न केवल पानी का संरक्षण करेंगे।

# प्रत्येक विधानसभा पर आयोजित की जा रही है सर्वदलीय बैठकें: उपायुक्त डॉ० मनोज

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार ईआरओ की अध्यक्षता में सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केन्द्र स्तर पर लंबित किसी भी मुद्दे का समाधान करने के लिए सर्वदलीय बैठकें आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह बैठक राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ आयोजित कर चुनाव की निष्पक्षता को भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उनके सुझाव मांगे जाते हैं ताकि जमीनी स्तर पर किसी बदलाव की जरूरत है तो उसके किया जा सके। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा भी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जा चुकी है और बैठक के दौरान राजनैतिक दलों ने जो सुझाव दिए है उन्हें मुख्य चुनाव आयोग को भेजा जाएगा ताकि उनपर कार्रवाई हो सके। उन्होंने कहा कि ये बैठक प्रत्येक विधानसभा स्तर पर 31 मार्च तक की जानी है।
उन्होंने कहा कि राजनैतिक दलों और उनके अधिकृत प्रतिनिधियों जैसे बूथ लेवल एजेंटों(बीएलओ), पोलिंग एजेंटों, काउंटिंग एजेंटों और चुनाव एजेंटों की चुनाव संचालन सहित विभिन्न चुनावी प्रक्रियाओं में विशिष्ठद्द भूमिका होती है।

# हर समस्या का होगा तय समय सीमा में समाधान: दहिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री** नायब सिंह के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश के सभी जिलों व उपमंडलों में आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर के प्रति लोगों में अटूट विश्वास है। नागरिक खुले मन से इस मंच के माध्यम से अपनी समस्याओं का समाधान करवाकर कृतज्ञयत हो रहे है। अन्य दिनों की बजाय यह समाघान शिविर सोमवार को जिला सचिवालय कि प्रथम तल पर स्थित सभागार में आयोजित किया गया। जनता समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि मन में अगर सच्चा विश्वास है तो हर समस्या का



समाधान है। अधिकारियों को संदेह व चिंता से परे होकर नागरिकों की हर छोटी बड़ी समस्याओं का समाधान निर्धारित समय में करना है। अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली सभी समस्याओं का दरिया दिली दिखा कर समाधान करें। उपायुक्त ने कहा कि यह जनता समाधान शिविर क्षेत्र के लोगों पर एक प्रकार से गहरी छाप छोड़ रहा है। समाधान शिविर में समस्याओं को लेकर पहुंच रहे लोगों की समस्याओं का समाधान अधिकारी सही और गलत का निर्णय करके कर रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि हर आदमी की अपनी समस्या जहां है वहीं हर समस्या का समाधान भी है। कोई भी समस्या ऐसी नही जिसका समाधान ना हो। हमें सिर्फ अच्छी सोच के साथ समस्या का समाधान करना है। उन्होंने कहा की अधिकारी समस्या लेकर पहुंचने वाले नागरिकों के प्रति नम्र रवैया रखे उन्हें अच्छी तरह से सुने व उनकी समस्या का समाधान करें।
उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि ने कहा देश के विकास में हम सबका योगदान होना चाहिये। छोटे-छोटे कदमों से देश व प्रदेश का विकास होगा। हमें स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए। ऐसा करने से जहां आम व्यक्ति को लाभ पहुंचेगा वहां देश को मजबूती भी मिलेगी। उन्होंने समस्या लेकर पहुंच रहे लोगों से भी अनुरोध किया की वे भी धैय रखें हर समस्या का समधान अधिकारियों द्वारा होना है। उन्हें सहयोग करें।
समाधान शिविर में समस्याओं की सुनवाई करते हुए निगम के संयुक्त-आयुक्त डॉ. संजय व जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण सिंह ने कहा कि समस्याओं के समाधान में अधिकारी गहरी रूचि लें व सच्चाई को साबित करके लोगों की समस्याओं का समाधान करें। अधिकारियों द्वारा लिए गए छोटे-छोटे फैसले ही जिले को मजबूती प्रदान करेंगे। इस मौके पर विभिन्न विभागों से जुड़ी 36 समस्याएं समाधान शिविर में पहुंची जिनका उपायुक्त ने अधिकारियों के सहयोग से समाधान किया।

# सीएम ने दी पानीपत को सौगात, 18 करोड़ की लागत से बनेगा अल्ट्रा मॉडर्न फायर स्टेशन

**टीम एक्शन डिंयिा**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**पानीपत के औद्योगिक** क्षेत्रो एवं आम क्षेत्रो में आग जनी की होने वाली समस्या से निजात के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अल्ट्रा मॉडर्न फायर स्टेशन की सौगात दी है। लगभग 18 करोड़ की लागत से नया दमकल केंद्र बनाया जायेगा। लंबे समय से विधायक प्रमोद विज दमकल केंद्र बनाने हेतु प्रयासरत थे। शहरी विकास प्राधिकरण विभाग ने अल्ट्रा मॉडर्न फायर स्टेशन बनाने हेतु पानीपत के ओद्योगिक क्षेत्र सेक्टर 25 पार्ट -2 में 2 एकड़



की भूमि आवंटित की है पानीपत शहर में अल्ट्रा मॉडर्न फायर स्टेशन बनाना पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है` इस प्रोजेक्ट को मंजूरी तो कई महीने पहले मिल गई थी` मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हाई पावर पर्चेश कमेटी की बैठक में कमेटी को वर्क आर्डर जारी करने की मंजूरी प्रदान कर दी है` इस अल्ट्रा मॉडर्न फायर स्टेशन के बन जाने से शहर के औद्योगिक क्षेत्रो को लाभ तो मिलेगा ही साथ में शहर के रिहाइसी क्षेत्रो में भविष्य में होने वाली आगजनी की घटनाओ पर आसानी से काबू पाया जा सकेगा` एवं दमकल वाहनों को खड़ा करने हेतु एक उपयुक्त स्थान मिलेगा`इसके पूर्व विधायक विज के प्रयासों से पानीपत को 12 दमकल वाहनों की सौगात मिल चुकी है।

# मानव सेवा संस्थान ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर, 174 लोगों ने करवाई जांच





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मानव सेवा संस्थान की ओर से दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-3 स्थित जैन मंदिर में मेदांता हॉस्पिटल की तरफ से फ्री हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। कैंप में मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष विजेंद्र यादव, डॉ बजाज, चेतन अग्रवाल, जितेंद्र कुमार, विनोद शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान मेदांता हॉस्पिटल की टीम के द्वारा शिविर में आये हुए मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई।
इस मौके पर मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष विजेंद्र यादव ने बताया कि इस शिविर में लगभग 174 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। उन्होंने आगे बताया कि मानव सेवा संस्थान का लक्ष्य गरीब व असहाय लोगों की मदद करना है, जिससे की किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि इस प्रकार के शिविरों से लोगों को स्वास्थ्य की सेवाएं उनके घर के समीप ही मिल जाती है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि इस प्रकार के शिविर सभी को अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित करने चाहिए। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# करावल नगर: कांग्रेस ने किया इफ्तहारी दावत का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: रमजान के पाक महीने** में रोजा के बाद शाम को इफ्तहारी दावतें रखने की परंपरा बहुत पुरानी है। लगभग सभी राजनीतिक दल और उनसे जुड़े अन्य धर्मों के लोग भी इस तरह की दावतों का आयोजन करते रहे हैं। इसी तरह की एक इफ्तहारी दावत करावल नगर से कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी रहे सुरेंद्र सिंह ने आयोजित कर आपसे भाईचारे का संदेश दिया। इलीट स्कूल में इस बैठक में कई सामाजिक संगठनों और हिन्दू मुस्लिम समाज से जुड़े नामचीन लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, करावल नगर विधानसभा प्रत्याशी




पीके मिश्रा, मुंशी खान, बल्लू पहलवान शहजाद, मंसूर, वाई के झा, अशोक दुबे, मंसूरी, एहसान कुरैशी और असगर अली आदि क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने अमन शांति और भाईचारे का पैगाम देते हुए कहा कि हमारा समाज और हमारी परंपरा गंगा जमुनवी तहजीब की परंपरा रही है। जिस तरह से नवरात्रों के दिनों में भंडारे आयोजित कर सर्व समाज को भोजन का इंतजाम किया जाता है बस वैसे ही रमजान के पाक महीने में इफ्तेहारी के समय दावत आयोजित कर सभी को भोजन के लिए आमंत्रित किया जाता है। यही हमारे देश की संस्कृति और परंपरा रही है। यह न केवल भौतिक भूख मिटाने की ही बात नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक शांति, एकता और कृतज्ञता का भी प्रतीक है। इफ्तहारी दावतें सामुदायिक बंधन को मजबूत करती है और धैर्य व संयम की भावना को बढ़ावा देती है। और यह कोई पहला मौका नहीं है यह हिंदुस्तान की संस्कृति का हिस्सा है जो सदियों से चला आ रहा है। लेकिन कुछ नफरती विचारधारा के लोग आम जनमानस के दिमाग में नफरती जहर भरकर हिंदुस्तान की मोहब्बत से भरी आबोहवा को खराब कर देना चाहते हैं लेकिन गंगा जमुनवी तहजीब के लाल उनके मंसूबे कभी पूरे नहीं होने देंगे।


केशवपुरम में श्री हनुमान चालीसा का पाठ एवं हनुमान जी की पूजा अर्चना करते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज। साथ में है कई गणमान्य लोग।

# यदि मंदिर को गिराने का कोई प्रयास किया गया तो इसके गंभीर परिणाम होंगे: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के निर्देश पर यमुना बैंक के नजदीक सलीम गढ़ किला, रिंग रोड, नई दिल्ली में स्थित प्राचीन नीली छतरी मंदिर का दौरा किया और भाजपा सरकार, एमसीडी और पीडब्ल्यूडी से अपील की कि वे मंदिर को न गिराएं क्योंकि मंदिर में हजारों लोग पूजा-अर्चना करते हैं और भक्त मंदिर पर किसी भी तरह की मनमानी बर्दाश्त नहीं करेंगे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि



एमसीडी और पीडब्ल्यूडी, डीडीए के इशारे पर लोगों के बीच गहरी खाई पैदा करने के लिए इन मंदिरों को गिराने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इससे पहले नीली छतरी मंदिर के साथ 100 साल पुराने प्राचीन श्री चौमुखा महादेव मंदिर और गणेश मंदिर को तोड़ा गया था और कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर वाल्मीकि समाज के कुलदेवता मंदिर को तोड़ने की कोई कोशिश की गई तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर विरोध करेंगे और लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचने देंगे।
दिल्ली के पूर्व मंत्री राजिंदर पाल गौतम के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में मुदित अग्रवाल, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जावेद मिर्जा, एडवोकेट सुनील कुमार, एससी/एसटी विभाग के पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार, हरनाम सिंह पूर्व चेयरमेन सफाई आयोग दिल्ली सरकार, सतीश टांक, मनोज गुप्ता और राहुल डाबला शामिल थे।

# दिल्ली की चिंता आप न करें, भाजपा निभाना जानती है जिम्मेदारी: गुलाब सिंह राठौर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली में पिछले** 11 सालों से केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की सरकार थी और उससे पहले कांग्रेस का शासन काल था, इन 27 सालों में दिल्ली वाले किस परिस्थिति में रह रहे थे इस बात को दिल्ली वाले भले भांति जानते है और अब 27 साल के बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार आई है तो अब विकास भी होना शुरू हो गया है। उक्त सभी बाते बुराडी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर आठ से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने कही। इसके साथ ही गुलाब सिंह



राठौर ने कहा कि पिछले 11 साल से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार थी और इन 11 सालों में केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में कितना विकास कार्य किया है और कितना दिल्ली वालों का सुविधाओं का ध्यान रखा है, इस बात से तो समस्त दिल्ली वासी परिचित है। राठौर ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बने हुए 1 माह का समय ठीक से बीत नहीं पाया कि भाजपा को झूठा साबित करने के लिए लोगों को सड़कों पर लेकर उतरने लगे है।
**भाजपा अपना वादा निभाने में नहीं रहती पीछे:** उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार की तरह रेखा सरकार नहीं है, विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के तहत दिल्ली वासियों को जो भी वादे किए थे वह धीरे-धीरे पूरे किए जाएंगे, इस बात की चिंता आम आदमी पार्टी को करने की जरूरत नही है, क्योंकि दिल्ली की जनता ने भाजपा को चुना है और भाजपा आपना किया हुआ वादा अच्छे से निभाना जानती है। इसके साथ ही राठौर ने कहा कि दिल्ली में जो जरूरतमंद महिलाओं को 2500 रूपए देने का वादा भाजपा ने किया था, वह जल्द ही पूरा किया जाएगा जिसके लिए विधानसभा से जल्दी मंजूरी लेकर आगे की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी।
**घोटालों में डूबी थी केजरीवाल सरकार:** गुलाब सिंह राठौर ने कहा कि पूर्व की केजरीवाल सरकार ने दिल्ली की सारा खजाना लूट खाया और बस घाटा ही छोडा है।

# आप नेता बेबुनियाद विषय उठा कर चर्चा से भागते है: सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की विधानसभा में प्रस्तुत सी.ए.जी. रिपोर्ट पर चर्चा या जवाबदेही से बचने के लिए आम आदमी पार्टी नेता बेबुनियाद, झूठे, उटपटांग विषय उठा कर चर्चा से भागते हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की आज सरकार ने सी.ए.जी. की डी.टी.सी. पर लंबित रिपोर्ट को सदन में रखा तो बौखलाई आम आदमी पार्टी ने बजट से पूर्व पेश किये जाने वाले आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर कुतर्कों में तर्क ढूंढने शुरू कर दिए। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की सी.ए.जी. की हर रिपोर्ट केजरीवाल सरकार का एक नया घोटाला खोलती है और आज की रिपोर्ट ने डी.टी.सी. घोटाले को खोला जिस पर खुद मुख्य मंत्री एवं परिवहन मंत्री रहीं आतिशी मालेर्ना जवाबदेह थीं और उससे बचने के लिए उन्होने आर्थिक सर्वेक्षण के बिना बजट प्रस्तुतिकरण पर सवाल खड़े करने की कोशिश की पर सफल ना हो सकीं। सचदेवा ने कहा है की जहां तक आर्थिक सर्वेक्षण का प्रश्न है उसके लिए सभी विभागों के आडिट की जरूरत होती है जो केजरीवाल एवं मालेर्ना सरकारों के भ्रष्टाचार के कारण हो नहीं पाये हैं। केजरीवाल सरकार अनेक वर्षों से बिना आडिट के आर्थिक सर्वेक्षण के नाम पर खुद के बनाये आंकड़े पेश कर दिल्ली को गुमराह करती रही और अंततः उसी का नतीजा है।

# गोकलपुर ड्रेन का कमिश्नर अश्वनी कुमार ने किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भजनपुरा वार्ड** स्थित गोकलपुर ड्रेन का औचक निरीक्षण एमसीडी कमिश्नर अश्वनी कुमार ने किया। अश्वनी कुमार का ये औचक निरीक्षण विधायक अजय महावर से हुई बातचीत के आधार पर हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र की निगम पार्षद रेखा रानी व भाजपा मण्डल अध्यक्ष भुवनेश सिंघल ने कमिश्नर को पूरे ड्रेन का निरीक्षण करवाया व विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। रेखा रानी ने कमिश्नर से नाले की डिसिल्टिंग की मांग रखी और उन्होंने कहा कि इस नाले में आये दिन ही कोई न कोई गिर जाता है और इसमें हादसा हो जाता है इसलिए इसकी




दोनों तरफ की दीवार को भी ऊंचा किया जाए तथा नालों की पुलिया के नीचे जाल भी लगाया जाए ताकि कूड़ा उसमें रुक जाए आगे न जाये। रेखा रानी ने क्षेत्र की नीची पड़ गई गलियों को भी कमिश्नर को दिखाया। वहीं भुवनेश सिंघल ने कमिश्नर अश्वनी कुमार से मांग रखी कि डीसिल्टिंग बिल्कुल तली तक होनी चाहिए और इसके दोनों तरफ की जर्जर हो चुकी सड़क का भी पुनर्निर्माण होना चाहिए। वहीं सिंघल ने कमिश्नर अश्वनी कुमार से ये भी मांग रखी कि एमसीडी के इस ड्रेन में फ्लड डिपार्टमेंट के नाले का बहाव भी जोड़ दिया गया था जिससे ये नाला और भी अधिक ओवरफ्लो हो गया है, इसलिए फ्लड के इस नाले को इस ड्रेन से अलग किया जाए ताकि बार-बार नाला ओवरफ्लो होने की समस्या से निजात मिल सके। सभी समस्याओं को जानने के बाद कमिश्नर अश्वनी कुमार ने कहा कि तत्काल प्रभाव से गोकलपुर ड्रेन की डीसिल्टिंग बिल्कुल तली तक करवाई जाएगी और उन्होंने यह भी कहा कि फ्लड डिपार्टमेंट के नाले को इस ड्रेन से निजात दिलाने का रास्ता निकाला जाएगा। वहीं उन्होंने नाले की दीवार बनाने व दोनों तरफ की सड़कों को बनाने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र की निगम पार्षद रेखा रानी व मण्डल अध्यक्ष भुवनेश सिंघल ने जिस प्रकार से गोलकपुर ड्रेन से संबंधित समस्याओं को हमारे समक्ष बारीकी के साथ रखा है वो प्रशंसनीय है। ऐसे जागरूक समाजसेवी ही हमारे आंख कान होते हैं। वहीं मौके पर उपस्थित डिप्टी कमिश्नर कर्नल विनोद अत्रि ने कहा कि नालों की पुलिया के नीचे जाल लगाने का कार्य कल से ही शुरू हो जाएगा और बाकी कार्य भी कमिश्नर अश्वनी कुमार के निदेर्शानुसार शीघ्र ही प्रारंभ कर दिए जाएंगे।

# जहांगीरपुरी: कथा श्रवण से होता है दुखों का निवारण: प्रमोद कृष्ण भारद्वाज शास्त्री





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के जहांगीरपुरी** इलाके में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का जहांगीरपुरी जे ब्लॉक गुरूदारे के सामने वाले पार्क में आयोजन किया जा रहा है। आपको बातदें कि इस कथा का आयोजन जहांगीरपुरी आई जे ब्लॉक आरडब्ल्यूए के द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एमएल भास्कर के साथ अनिल कुमार, नवीन कुमार, दिनेश मिश्रा के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इस मौके पर कथा व्यास प्रमोद कृष्ण भारद्वाज शास्त्री ने कहा कि जो भक्त कथा का श्रवण ध्यान पूर्वक करता है, उसके कष्टों का निवारण होता है, इसलिए सभी भक्त ध्यान पूर्वक कथा का श्रवण करें और कथा के दौरान बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारे और बड़े-बुजुर्गों का सम्मान अवश्य ही करें। इस मौके पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एमएल भास्कर ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से आध्यात्मिक विकास और भगवान के प्रति भक्ति गहरी होती है। इसलिए सभी को कथा कर श्रवण ध्यानपूर्वक करना चाहिए।

# सर्वोदय विद्यालयों की संख्या बढ़कर 120 हुई

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः गरीब** और वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के संकल्प के तहत संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय आज प्रदेश में शिक्षा के एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित हो रहे हैं। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार के प्रयासों से 2017 से पहले जहां मात्र 93 सर्वोदय विद्यालय संचालित थे, वहीं 2024-25 तक इनकी संख्या बढ़कर 120 हो गई है। इन विद्यालयों में से 100 वर्तमान में संचालित हैं। इनमें 70 बालक विद्यालय और 30 बालिका विद्यालय शामिल हैं। इस योजना के तहत हर विद्यालय में 490 छात्रों की क्षमता निर्धारित की गई है। सरकार न केवल विद्यालयों की संख्या बढ़ा रही है, बल्कि उनमें

**गुणवत्तापूर्ण**

**सर्वोदय विद्यालय आज प्रदेश में शिक्षा के एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित हो रहे हैं**

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कर रही है। यह योजना प्रदेश में गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें मुख्यधारा में लाने का सशक्त माध्यम बन रही है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में और सुविधाएं बढ़ाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि प्रदेश भर में ये विद्यालय अपनी पूरी क्षमता के साथ संचालित किए जाने चाहिए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बढ़ाएं। गरीब एवं वंचित छात्रों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इसमें अच्छे शिक्षकों की नियुक्ति करते हुए प्रधानाचार्य और शिक्षकों का 15-15 दिवसीय ओरिएंटेशन कोर्स कराने का भी निर्देश दिया है। ताकि उनका इन विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के साथ बेहतर जुड़ाव हो सके और यह विद्यालय राष्ट्रीय प्रेरणा तथा सामाजिक सद्भावना को आगे बढ़ाने का उत्कृष्ट केंद्र बन सके।

उल्लेखनीय है कि इन विद्यालयों को आधुनिक और प्रतिस्पर्धी शिक्षा प्रणाली से जोड़ा गया है। वर्तमान में 43 विद्यालय सीबीएसई बोर्ड से और 57 विद्यालय यूपी बोर्ड से संबद्ध हैं। योगी सरकार ने इन विद्यालयों को न केवल पठन-पाठन के बेहतर साधनों से सुसज्जित किया है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए नवीनतम तकनीकी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई हैं। स्मार्ट क्लासरूम, कंप्यूटर लैब, डिजिटल शिक्षा सामग्री और उच्चस्तरीय पुस्तकालय जैसी सुविधाओं ने इन विद्यालयों को शिक्षा के उत्कृष्ट केंद्रों में तब्दील कर दिया है।

**निःशुल्क शिक्षा के साथ छात्रों को मिल रही है आवासीय सुविधाः** उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को ध्यान में रखते हुए इन विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा, आवासीय सुविधा, छात्रावास, यूनिफॉर्म, पाठ्य-पुस्तकें, स्टेशनरी, दैनिक उपयोग की सामग्री, भोजन और नाश्ता की व्यवस्था की है। इसके तहत अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए 60 फीसदी आरक्षण, पिछड़ा वर्ग के लिए 25 फीसदी और सामान्य वर्ग के लिए 15फीसदी सीटें आरक्षित की गई हैं। इस योजना से उन परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है, जिनकी वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्रों में 46,080 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 56,460 रुपये तक सीमित है। प्रदेश सरकार इस योजना के लिए बड़े पैमाने पर वित्तीय संसाधन आवंटित कर रही है। 2024-25 के लिए 363.91 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान

# आज उत्तर प्रदेश में है कानून का राजः योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था में सुधार सबसे बड़ी उपलब्धि है। पहले पहले हर तीसरे दिन दंगे होते थे। बेटियां और व्यापारी असुरक्षित थे। लेकिन आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज है। यह बात उन्होंने प्रदेश में भाजपा सरकार के आठ साल पूरे होने पर कही। उन्होंने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि वर्ष 2017 में 1.5 लाख पुलिस पद खाली थे। डबल इंजन सरकार ने पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के जरिए 1,56,000 पुलिसकर्मियों की भर्ती की और हाल ही में 60,200 नई भर्तियां की गईं। दस जिलों में पुलिस लाइन नहीं थी। हमने सभी जगह पुलिस लाइन बनाईं। ट्रेनिंग क्षमता 6,000 से बढ़ाकर 60,244 कर दी गई। पीएसी की 54 कंपनियां पिछली सरकारों ने खत्म कर दी थीं, जिन्हें बहाल किया गया। तीन महिला

**गठित**

**जिन्हें बहाल किया गया। तीन महिला बटालियन और पांच नई पीएसी बटालियन गठित की गईं**

बटालियन और पांच नई पीएसी बटालियन गठित की गईं। मुख्यमंत्री ने आंकड़े पेश करते हुए कहा कि बीते आठ वर्षों में बेरोजगारी दर 19 फीसदी से घटकर तीन पर आ गई है। आठ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गईं। एमएसएमई सेक्टर में दो करोड़ से अधिक युवा स्वरोजगार से जुड़े। 50 लाख युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन देकर डिजिटल सक्षम बनाया गया। ओडीओपी योजना ने परंपरागत उद्यमिता को बढ़ावा दिया। निर्यात 86,000 करोड़ से बढ़कर दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। आज नकल विहीन परीक्षाएं हो रही हैं। बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में 50 लाख से अधिक बच्चों की बढ़ोतरी हुई। 10 नए विश्वविद्यालय और 21 निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक जिले में मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग शुरू की गई हैं। अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी छात्रों को 100 फीसदी स्कॉलरशिप दी जा रही है। योगी ने कहा कि उनकी सरकार में छह करोड़ से अधिक गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया। 15 करोड़ लोग पिछले पांच वर्षों से मुफ्त राशन प्राप्त कर रहे हैं। 1.86 करोड़ उज्ज्वला कनेक्शन दिए गए। होली और दीपावली पर मुफ्त सिलेंडर दिए जा रहे हैं। नौ करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड दिए गए। 56 लाख गरीबों को आवास उपलब्ध कराए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्रिटानिया मैरी गोल्ड और इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट ने लॉन्च किया हर्स्पार्क

हिसार। भारत के प्रमुख बिस्किट ब्रांडों में से एक, ब्रिटानिया मैरी गोल्ड ने इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट के साथ मिलकर हर्स्पार्क नामक एक अनूठा राष्ट्रीय खेल छात्रवृत्ति कार्यक्रम लॉन्च किया है। यह कार्यक्रम बॉक्सिंग, तैराकी, जूडो, एथलेटिक्स और पैरास्पोर्ट्स में प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे वे अपने खेल करियर की मजबूत नींव रख सकें। यह पहल भारत भर में महत्वाकांक्षी युवा महिला एथलीटों को पूरी तरह से वित्त पोषित तीन साल की स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप प्रदान करती है, जिसमें प्रोफेशनल ट्रेनिंग और कोचिंग, आवास और पोषण संबंधी सहायता, शैक्षिक अवसर अवसर शामिल हैं। इसके अलावा, इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पूर्व ओलंपिक और कॉन्टिनेंटल चैंपियन खिलाड़ियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिनमें जूडो के मामुका किज़िलाशविली और एथलेटिक्स के योआंद्रीस बेटांजोस फ्रांसिस जैसी कोचिंग भी प्रदान की जाती है। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के मार्केटिंग जनरल मैनेजर, सिद्धार्थ गुप्ता ने कहा, हर्स्पार्क के माध्यम से, हम युवा महिला एथलीट्स को वह अवसर, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करना चाहते हैं, जिसकी उन्हें अपने उच्चतम स्तर तक पहुंचने के लिए जरूरत है। हम इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट के साथ साझेदारी कर गर्व महसूस कर रहे हैं, जिससे महिला खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय कोचिंग मिल सके। इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट की अध्यक्ष मनीषा मल्होत्रा ने कहा, ब्रिटानिया मैरी गोल्ड के साथ यह पहल शुरू करने की खुशी है। यह कार्यक्रम उभरती हुई महिला एथलीट्स को पहचानने और उन्हें आवश्यक कौशल और मार्गदर्शन देने के लिए लॉन्च किया गया है। भारत की सभी महिला एथलीट हर्स्पार्क की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकती हैं। आवेदन करने के लिए न्यूनतम आयु 14 वर्ष और उससे अधिक होनी चाहिए। 18 वर्ष से कम उम्र की एथलीट्स को माता-पिता या अभिभावक की सहमति लेनी अनिवार्य होगी।

### टाटा एआईए ने लॉन्च किया शुभ फ्लेक्सी इनकम प्लान

**हिसार।** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) ने टाटा एआईए शुभ फ्लेक्सी इनकम प्लान लॉन्च किया है। यह एक नया जीवन बीमा बचत समाधान है जो वित्तीय सुरक्षा और संपत्ति बनाने के लिए एक लचीला दृष्टिकोण देता है। शुभ फ्लेक्सी इनकम प्लान एक नॉन-लिंक्ड, पार्टिसिपेटिंग जीवन बीमा बचत योजना है। इसमें आपको अपनी अनूठी आकांक्षाओं के आधार पर अपनी वित्तीय योजना को अनुकूलित करने का अधिकार मिलता है। यह योजना आपको शुरूआत से ही लचीलापन देते हुए, तीन अनुकूलित विकल्प प्रदान करती है, यह हर विकल्प विशिष्ट वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है, एंडोमेंट विकल्प - दीर्घकालिक बचत बनाने के लिए आदर्श है। इसमें आपको योजना के अंत में एकमुश्त भुगतान मिलता है। घर खरीदने, अपने बच्चे की शिक्षा या भविष्य के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसे बड़े जीवन लक्ष्यों के लिए बहुत बढ़िया है। प्रारंभिक आय विकल्प - जो लोग नियमित नकदी प्रवाह चाहते हैं, उन्हें इस विकल्प में योजना के पहले वर्ष से वार्षिक नकद बोनस मिलता है। विलंबित आय विकल्प - दीर्घकालिक धन जुटाने या प्रारंभिक सेवानिवृत्ति की योजना बनाने वाले लोगों के लिए डिजाइन किया गया है। इस विकल्प में प्रीमियम भुगतान अवधि के बाद नकद बोनस मिलता है, साथ ही बढ़ी हुई वृद्धि के लिए भुगतान को स्थगित करने की सुविधा भी मिलती है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए लाइफ के एक्जीक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट, हेड - प्रोडक्ट्स, बिजनेस मिड ऑफिस और डिजिटल मार्केटिंग, श्री सुजीत कोठारे ने बताया, टाटा एआईए लाइफ में, हमारा मानना है कि, वित्तीय सुरक्षा होनी चाहिए लेकिन लचीलेपन की कीमत पर नहीं। आज उपभोक्ता ऐसे समाधानों की तलाश कर रहे हैं जो उनके साथ बढ़ें, मन की शांति और संपत्ती बनाने इन दोनों के अवसर प्रदान करें। यह प्लान जीवन की बदलती जरूरतों के अनुकूल होने की चपलता के साथ-साथ गारंटीकृत लाभ प्रदान करता है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर पॉलिसीधारक वित्तीय स्वतंत्रता की ओर अपनी यात्रा में आश्वस्त महसूस करें।

### गोवर्धन पुलिस ने नौ वारंटी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किये

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने नौ वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। गिरफ्तारी के क्रम में सोमवार को अभियान चलाकर थाना गोवर्धन पुलिस द्वारा सूरज पुत्र भिक्को निवासी आन्यौर थाना गोवर्धन, रामगोपाल पुत्र सोहनलाल निवासी आन्यौर थाना गोवर्धन, पिल्लू उर्फ लेखराज पुत्र हरी सिह निवासी बडा उर्फ पुत्र पिलुआ निवासी देवसेरस थाना गोवर्धन, रहीश उर्फ बाई पुत्र जुम्मा मेव निवासी दौसेरस थाना गोवर्धन तथा एक अभियुक्ता को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## ट्रक से टकराया डीसीएम, चालक की मौत

**जालौनः एट थाना** क्षेत्र में झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे 27 पर कानपुर जा रहा एक डीसीएम टायर फटने से अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया। हादसे के बाद डीसीएम और ट्रक में आग लग गई। इस आग से केबिन में फंसे डीसीएम चालक की मौत हो गई। एट थाना प्रभारी ने सोमवार को बताया कि ट्रक में पीछे से आए एक डीसीएम के टकराने की घटना में उसके चालक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान झांसी के सदर थाना क्षेत्र के भट्टा गांव निवासी अंकित चौरसिया के रूप में हुई है। जबकि डीसीएम के क्लीनर ने कूदकर अपनी जान बचा ली।

# विश्व तपेदिक दिवस : टीबी को आज भी मानते हैं गरीबी की बीमारी

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस मनाया गया। टीबी को आज भी गरीबी वाली बीमारी माना जाता है। अभावग्रस्त लोगों को टीबी हो जाती है यह एक आम धारणा है। इसी तरह की तामाम बातों को साझा करने के लिए किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा के सभागार में विश्व टीवी दिवस के अवसर पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन नेहरू युवा केंद्र मथुरा द्वारा नेहरू युवा ग्रामीण संस्थान के सहयोग से किया गया। टीबी रोग की जागरूकता संगोष्ठी में महाविद्यालय के एनएसएस एवं एनसीसी के साथ जिला क्षय रोग विभाग मथुरा सहयोग रहा। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य



प्रो. (डॉ.) प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कहा कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है इसका एक निश्चित उपचार कोर्स है वह कोर्स पूरा करना चाहिए जिससे यह बीमारी हमेशा के लिए जड़ से खत्म हो जाए। जिला चिकित्सालय से आए विशेषज्ञ चिकित्सक डॉक्टर अखिलेश दीक्षित ने कहा कि अस्पताल में टीवी जांच एवं उपचार की सभी सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध हैं तथा टीवी के मरीज को हर महीने 1000 रुपए भी दिए जाते हैं। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र मथुरा के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक रामवीर शर्मा ने कहा कि सभी स्वयंसेवकों एवं एन सी सी क्रेडिट को जिम्मेदारी पूर्वक घर ,परिवार एवं समाज में इस बीमारी के बारे में जन जागृति अभियान चलाया जाना चाहिए। जिससे टी वी रोग के प्रति सभी जागरूक हो सके। इस अवसर पर श्याम बाबू शुक्ला निर्देशक नेहरू युवा ग्रामीण विकास ग्रामीण विकास, डॉ आलोक तिवारी जिला समन्वयक डीटीसी, बृजभान गोस्वामी वाइस चेयरमैन रेड क्रॉस सोसाइटी, शिव कुमार, निश्चल अग्रवाल एवं कॉलेज के प्राध्यापकों में प्रोफेसर विनोद खंडेलवाल, डॉ ममता रानी कौशिक, डॉ. राजेश सारस्वत, डॉ. अजय कुमार उपाध्याय, डॉ. रामदत्त मिश्रा, हीरालाल शर्मा,प्रवेश शर्मा, संतोष कुमार आदि वक्ताओं ने युवाओं को टी वी रोकथाम के उपायों पर जागरूक किया ।कार्यक्रम की व्यवस्था एनएसएस अधिकारी डॉ. नवीन अग्रवाल एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट कपिल कौशिक ने संभाली। कार्यक्रम का धन्यवाद प्रो (डा.) राजेश अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का संचालक एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार कौशिक ने किया। तथा कार्यक्रम में नेहरू युवा ग्रामीण महिला विकास संस्थान मथुरा के पवन चौधरी, शिवम , किरण कुमारी जगजीत कौर आदि उपस्थित रहे।

# चैत्र नवरात्रि मेला पर विंध्यांचल आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने की विशेष व्यवस्थाएं

## विंध्याचल स्टेशन पर पांच अतिरिक्त गाड़ियों का ठहराव

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः विंध्याचल** स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने 30 मार्च से 12 अप्रैल तक चलने वाले चैत्र नवरात्रि मेला के लिए विशेष व्यवस्थायें की हैं। नये स्टेशन भवन में समय सारणी, किराया सूची, प्रवेश, निकास और अनारक्षित टिकट काउंटर बोर्ड लगाए जा रहे हैं। इससे यात्रियों को सम्बन्धित जानकारी आसनी से उपलब्ध हो सकेगी। जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि विंध्याचल चैत्र नवरात्रि मेला के लिए नए स्टेशन भवन मे 5 नए टिकट काउंटर, 1 खोया पाया केंद्र एवं 1 पूछताछ केंद्र बनाए जा रहे हैं। यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराने के लिए टिकट काउंटर एवं टिकिट चेकिंग के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था की गई है। टिकट बुकिंग के लिए 30 मार्च से टिकट वितरण का कार्य शुरू हो जाएगा। आरक्षण काउंटर को दोनों पालियों में संचालित किया जाएगा। विंध्याचल चैत्र नवरात्रि मेला के दौरान विंध्याचल स्टेशन पर 5 अतिरिक्त गाड़ियों को ठहराव भी दिया गया है। उन्होंने बताया कि यात्रियों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 5 अतिरिक्त वाटर प्वॉइंट, 10 स्नानघर एवं 20 प्रसाधन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। नए स्टेशन भवन में सीसीटीवी एवं सर्विस मॉनिटरिंग रूम से श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जायेगी। श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा एवं सहायता के लिए प्राथमिक चिकित्सा स्वास्थ्य बूथ, आयुर्वेदिक चिकित्सा, एम्बुलेंस, नागरिक सुरक्षा संगठन तथा स्काउट्स गाइड की टीम स्टेशन पर 24 घंटे उपलब्ध रहेगी।

## मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में एक मौत, तीन घायल

**फतेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के कानपुर-बांदा सागर हाईवे पर सोमवार को दो मोटरसाइकिलों में सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। जाफरगंज थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के कमरापुर गांव निवासी देशराज पाल (55) अपने छोटे भाई देव कुमार पाल के साथ बाइक से ललौली थाना क्षेत्र के बरौहा गांव अपने ननिहाल गए थे। आज वापस लौटते समय जैसे ही दोनों बाइक से जाफरगंज इलाके कानपुर-बांदा सागर हाईवे पर रावतपुर पुल के पास पहुंचे ।

# लि विकसित भारत युवा संसद का हुआ समापन



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** मेरा युवा भारत के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं के आर गर्ल्स पीजी कॉलेज मथुरा के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय सभागार में दो दिवसीय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामी गंगे राजेश यादव मुख्य अतिथि थे। मुख्य अतिथि द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ 10 प्रतियोगिता को जिसमें तूबाखान, रीजुता तोमर, बन्दना वार्ष्णेय, साधना वार्ष्णेय, पूनम धार, हिमान्शु पांडेय, सतेन्द्र दुवे, शीतल शर्मा, हेमलता अग्रवाल व वन्दना को पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किए। नेहरू युवा केंद्र मथुरा जिला युवा अधिकारी यतेन्द्र सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा मथुरा को नोडल केंद्र बनाया जिसमें दो जनपद मथुरा व हाथरस को शामिल किया गया है। उपरोक्त कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मथुरा एवं हाथरस जिले 293 के प्रतिभागियों ने अपना ऑनलाइन पंजीकरण किया। उक्त कार्यक्रम में भाग लेने के लिए स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा सर्वश्रेष्ठ 150 प्रतिभागियों का चयन किया। जिनका ऑफलाइन जिला स्तरीय युवा संसद के प्रथम दिन 70 शेष 80 युवाओं युवाओं दूसरे दिन प्रतिभागिता की। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के विषय ह्लएक राष्ट्र एक चुनावह्ल जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपने ओजपूर्ण एवं मौलिक विचार रखे। इसके लिए प्रतिभागियों को तीन मिनट का समय दिया गया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डा. दीनदयाल नोडल अधिकारी रा. सेवा योजना, आरएस गौतम सेवानिवृत्त मुख्य विकास अधिकारी, यतेन्द्र सिंह जिला युवा अधिकारी नेयुके, डा. लकी गुप्ता प्राचार्या केआर गर्ल्स डिग्री कॉलेज मथुरा व डा. रागिनी अग्रवाल प्रोफेसर केआर गर्ल्स डिग्री कॉलेज मथुरा ने भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में आये आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत डा रितु कार्यक्रम अधिकारी एन एस एस के आर गर्ल्स डिग्री कालेज ने किया।

# अधिवक्ताओं की भूमिका विषय पर गोष्ठी आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा। राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ दीनदयाल नगर महानगर द्वारा राष्ट्र निर्माण में अधिवक्ताओं की भूमिका विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर डैंपियर नगर में किया गया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता उमाशंकर अग्रवाल एवं संचालन राजकुमार एवं योगेश कुमार शर्मा मासिक बैठक प्रमुख द्वारा किया गया। शुभारंभ मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम गान के साथ किया गया।

मुख्य वक्ता शंकर लाल सैनी ने बताया कि अधिवक्ताओं ने भारत के राष्ट्र निर्माण में ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कई प्रमुख नेता जैसे महात्मा गांधी जवाहरलाल नेहरू सरदार वल्लभ भाई



पटेल डॉ राजेंद्र प्रसाद स्वयं अधिवक्ता थे जिन्होंने कानूनी ज्ञान का उपयोग सामाजिक न्याय और स्वतंत्रता के लिए किया। उमाशंकर अग्रवाल ने अधिवक्ता संगोष्ठी में अधिवक्ता का राष्ट्र निर्माण में क्या भूमिका है और एक आम नागरिक उसे पर कैसे भरोसा करें के बारे में बताया की राष्ट्र निर्माण में अधिवक्ता अहम भूमिका निभाता है और एक आम नागरिक उसे पर भरोसा कर उसे अपनी आवाज बनता है ताकि उसके अधिकारों की लड़ाई लड़ सके समाज में समरसता और एकता बनाए रखने में अधिवक्ताओं को बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। उमाशंकर शर्मा ने कहा कि सामाजिक ढांचे को मजबूत करने में अधिवक्ताओं का एवं योगदान होता है जब किसी देश का सामाजिक ढांचा कमजोर होता है तो बाहरी शक्तियों उसे पर आधिपत्य कायम कर लेती हैं। संगोष्ठी के अंत में संयोजक राजेंद्र केशोरिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संगोष्ठी में संजय सिंह, योगेश कुमार शर्मा, शूरवीर सिंह, देवेंद्र उपाध्याय, निमेश कुमार गर्ग, चंद्र मोहन अग्रवाल, विजेंद्र वैदिक, देवेंद्र प्रताप सिंह, नीरज राठौर, संगीता शर्मा, उमेश चौधरी, राजीव रमन, अभिषेक, महावीर, पंकज जोशी, पंकज चतुर्वेदी, आनंद शर्मा, महावीर रावत, दीपक शर्मा, मनोज शर्मा, शिवचरण सिंह, अनोखे शर्मा, रणवीर सिंह, दशरथ सैनी, विपिन गौतम, संजीव शर्मा, दिनेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# सुनिश्चित किया जा रहा है शहर में बच्चे तो नहीं कर रहे मजदूरी

## आठ किशोर मजदूरी करते हुए मिल, काम कराने वालों को भेज गये नोटिस

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जनपद में बच्चों से मजदूरी तो नहीं कराई जा रही है। हालांकि यह बात अलग है कि शहर में भर आपको कहीं भी बच्चे कूडा बनीते और दूसरे इसी तरह के काम करते मिल जाएंगे। राज्य सरकार के निर्देश पर प्रदेश भर में श्रम विभाग के अधिकारियों के द्वारा टीम के साथ बाल श्रमिकों को चिन्हित करने का कार्यक्रम अनवरत चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मथुरा में सोमवार को बाल श्रमिकों से कार्य करने वाले सेवायोजकों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस अभियान से शहर में व्यापारियों और दुकानदारों में हड़कंप मच गया। आठ बाल श्रमिकों को चिन्हित कर उनके नियोजकों को मौके पर ही नोटिस जारी किए गए। इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक श्रम आयुक्त एमएल पाल ने मथुरा में डीग गेट चौराहा, दरीसी रोड, भरत पुर गेट, घीया मंडी स्थित प्रतिष्ठानों पर सोमवार को बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जिनमें आठ किशोर गैरखतरनाक प्रक्रिया में काम करते हुए पाए गए। इनके सेवायोजकों के विरुद्ध मौके पर नोटिस जारी की गई। टीम में प्रमुख रूप से श्रम प्रवर्तन अधिकारी एसपी .पाण्डेय, नीलम अवस्थी,प्रकाश चंद, चाइल्ड लाइन से ज्ञान सिंह एसआई राम सेवक यादव, गैर सरकारी संस्था के कार्यकर्ता उपस्थिति रहे। किशोरों से नियम विरुद्ध कार्य करने पर कानून में 10000 रुपया तक जुर्माने अथवा तील माह तक जेल अथवा दोनो सजा का प्राविधान है।

## गैंगस्टर में वांछित गैंग लीडर सहित दो दबोचे



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा। थाना** मगोर्रा पुलिस ने गैंगस्टर के अभियोग में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु, थाना प्रभारी मगोर्रा के नेतृत्व में थाना मगोर्रा पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर अभियोग के वांछित अभियुक्त चन्द्रपाल पुत्र तेज सिंह उर्फ तेजवीर निवासी हकीमपुर थाना हाइवे जनपद मथुरा को रविवार को थाना हाइवे क्षेत्रान्तर्गत मण्डी चौराहा थाना हाइवे से करीब 50 मीटर पहले से एवं शैलू उर्फ शैलेन्द्र पुत्र इन्द्रजीत निवासी ग्राम जानू थाना बरसाना जनपद मथुरा हाल पताः एटीवी के पीछे ब्रजधाम कालोनी थाना हाइवे मथुरा को सोमवार को करीब आठ बजे थाना मगोर्रा क्षेत्रान्तर्गत सौंख तिराहा मथुरा रोड से गिरफ्तार किया गया।

# कभी बदहाल थीं सड़कें, अब शानदार रोड कनेक्टिविटी बनी गोरखपुर की पहचान

## योगी सरकार के आठ साल में साढ़े सात हजार करोड़ रुपये की लागत से 1500 किमी सड़कों का हुआ निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुरः एक** लम्बे दौर तक गोरखपुर की पहचान बदहाल और टूटी सड़कों से थी। अब इसकी पहचान शानदार रोड कनेक्टिविटी से है। 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद आठ साल में सुदृढ़ हुए रोड इंफ्रास्ट्रक्चर ने समग्र विकास में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया है। बेहतरीन रोड कनेक्टिविटी ने गोरखपुर को नजीर पेश करने वाले शहरों की कतार में खड़ा कर दिया है। योगी सरकार के आठ सालों में गोरखपुर में 7486.89 करोड़ रुपये की लागत से 1492.89 किमी की लम्बाई में प्रमुख सड़कों का निर्माण हुआ है। जबकि 2017 के पहले के पांच साल में 325.67 करोड़ रुपये से 452.16 किमी की लम्बाई में सड़कों का निर्माण हुआ था। 2017 के पूर्व तक खराब रोड कनेक्टिविटी के कारण जीवन को सुगमता के साथ ही उद्योग और व्यापार पर बुरा असर पड़ता था। मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने सबसे अधिक ध्यान रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के डेवलपमेंट पर दिया। इसका नतीजा है कि गोरखपुर शहर के बाहरी हिस्से की सभी सड़कें और शहर के अंदर भी प्रमुख मार्ग फोरलेन हो चुके हैं। सड़कों के साथ चौराहों का भी चौड़ीकरण हुआ। इससे आवगमन सुगमता तो बढ़ी ही, अन्य क्षेत्रों के लोगों का भी गोरखपुर के प्रति रुझान बढ़ा। वर्तमान में गोरखपुर से लखनऊ, वाराणसी, बिहार, नेपाल तक जाने के लिए फोरलेन की कनेक्टिविटी है।

# आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज है: सीएम योगी

## सुरक्षा, सुशासन, समृद्धि और सनातन संस्कृति के क्षेत्र में प्रदेश की जो पहचान बनी है उसका एहसास पूरा भारत कर रहा है- सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में अपनी सरकार के विकास कार्यों का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। इस दौरान 8 वर्षों में यूपी में सरकार के कामकाज पर "एक झलक" रिपोर्ट कार्ड डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई और पुस्तिका का विमोचन किया गया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और 25 करोड़ प्रदेशवासियों के समवेत प्रयास से आज यह उत्तर प्रदेश, भारत के 'श्रम शक्ति पुंज से अर्थ शक्ति पुंज' बनने की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश वही है,




लेकिन बीते 8 वर्षों परसेप्शन पूरी तरह से बदल चुका है। सुरक्षा, सुशासन, समृद्धि और सनातन संस्कृति के क्षेत्र में जो पहचान बनी है उसका एहसास उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरा भारत कर रहा है। उन्होंने कहा कि 8 वर्ष पहले बीमारू राज्य की पहचान रखने वाला उत्तर प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी मार्गदर्शन और उनके विजनरी नेतृत्व में सेवा, सुरक्षा और सुशासन के 8 वर्ष पूरे हुए हैं। उन्होंने 25 करोड़ प्रदेशवासियों को 8 वर्ष की इस शानदार यात्रा के लिए बधाई दी

**विस्तृत खाका**

**▸▸ लोकभवन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में अपनी सरकार के विकास कार्यों का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया**

और कहा कि डबल इंजन सरकार ने हर क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन किया है। सीएम योगी ने कहा कि आगामी 25, 26 और 27 मार्च को प्रत्येक जिला मुख्यालय पर तीन दिवसीय 'विकास उत्सव' आयोजित होगा, जिसमें अन्नदाता किसानों, युवाओं, मातृशक्ति, हस्तशिल्पियों और उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा। यहां केंद्र सरकार के 10 व प्रदेश के 8 वर्षों की विकास यात्रा को जनता के समक्ष रखा जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। यूपी नंबर दो की अर्थव्यवस्था है और जल्द नंबर एक बनेगा। उन्होंने पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और मंत्रिमंडल के सहयोगियों और एनडीए के सभी घटक दलों का आभार जताया। सीएम योगी ने कहा कि यह 8 वर्ष की शानदार यात्रा टीम भावना, स्केल, स्किल और स्पीड का परिणाम है।

**8 वर्ष पहले पहचान की संकट से जूझ रहा था उत्तर प्रदेश- सीएम योगी**

सीएम योगी ने 2017 से पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि 8 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश की पहचान संकट में थी। किसान आत्महत्या कर रहे थे, युवा अपनी पहचान के मोहताज थे, बेटियां और व्यापारी असुरक्षित थे। दंगों और अराजकता ने अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया था। उन्होंने कहा कि उस समय उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य माना जाता था और इसे देश के विकास में बाधक समझा जाता था। लेकिन 8 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने इस परसेप्शन को पूरी तरह बदल दिया। आज उत्तर प्रदेश देश के विकास का ब्रेकथ्रू बनकर हर सेक्टर में आगे बढ़ रहा है।

# पुलिस को प्रदेश की सुरक्षा में लगाया जाए : जयराम

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला। नेता प्रतिपक्ष** जयराम ठाकुर ने प्रदेश में बढ़ते अपराध और पुलिस की कार्रवाई में ढिलाई को लेकर सरकार पर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध लगातार बेकाबू हो चुका है और पुलिस अपने कर्तव्यों से भटककर राजनीतिक मामलों में उलझी हुई है। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि पुलिस को प्रदेश की सुरक्षा में लगाया जाए न कि विपक्षियों की सीआईडी जांच करने में। उन्होंने विमल नेगी के मामले का हवाला देते हुए कहा कि पुलिस ने शुरू में उनकी खोज में कोई रुचि नहीं दिखाई और परिजनों ने इनाम घोषित किया तब जाकर पुलिस सक्रिय हुई। साथ ही पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने मामले को और संदिग्ध बना दिया। नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश में



बढ़ते अपराधों का जिक्र करते हुए कहा कि नए साल में 21 हत्याएं और 14 नशे से जुड़ी मौतें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार नशे के मामलों में कमी का झूठा दावा कर रही है, जबकि स्थिति गंभीर है। उन्होंने मंडी में ढाबा संचालक से हुई डकैती और पुलिस की लापरवाही का भी जिक्र किया। इसके साथ ही सुंदरनगर में खालिस्तान समर्थकों के नारे लगाने का मामला उठाया।

# तुष्टिकरण की ठेकेदार कांग्रेस संविधान बदलने पर आमादा : अनुराग सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने संसद में कर्नाटक में मुस्लिमों के लिए आरक्षण को लेकर कांग्रेस सरकार पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार संविधान में बदलाव कर भारत को गांधी-पटेल का देश न बना कर जिन्ना का मुल्क बनाने की कोशिश कर रही है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, ह्लकांग्रेस जो गली-गांव, मोहल्ले में संविधान का राग अलापती है, आज वही पार्टी कर्नाटक में सिर्फ तुष्टिकरण के उद्देश्य से मुसलमानों को सरकारी ठेकों में आरक्षण देने जा रही है। यह संविधान में बदलाव का



प्रयास है। धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता, यह बात हर व्यक्ति जानता है, लेकिन कांग्रेस अब मुस्लिमपरस्ती में मशगूल हो गई है और मुस्लिम लीग बनने की ओर अग्रसर है। वे गांधी और पटेल के देश को जिन्ना का मुल्क बनाने पर आमादा हैं, लेकिन हम चुप नहीं रहेंगे और कांग्रेस को उसके मंसूबे में सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने

**प्रतिक्रिया**

**▸▸ अनुराग ने संसद में कर्नाटक में मुस्लिमों के लिए आरक्षण को लेकर कांग्रेस सरकार पर कड़ी प्रतिक्रिया दी**

आगे कहा, ह्लविपक्ष के नेता हमारे पूर्वजों, नायकों और देश की गौरवमयी छवि को अपमानित करने में व्यस्त हैं। आज देश यह सवाल पूछ रहा है कि चंद वोटों के लिए आपने अपने स्वाभिमान को क्यों बेच दिया? दुनिया जहां से कहां पहुंच गई है, लेकिन भारत में कुछ लोग अभी भी 17वीं सदी की सोच में जी रहे हैं।

# केदारनाथ पैदल मार्ग पर बर्फ की संकरी घाटी से आगे बढ़ेंगे श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया**
**रुद्रप्रयाग।** 2 मई से शुरू होने वाली केदारनाथ यात्रा में बाबा केदार के भक्त बर्फ की संकरी घाटी से होकर धाम पहुंचेंगे। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर रामबाड़ा से लिनचोली के बीच पसरे विशालकाय हिमखंडों को काटकर लोक निर्माण विभाग के मजदूर रास्ता तैयार करने में जुटे हैं। इस वर्ष फरवरी पहले सप्ताह और इस माह के पहले व दूसरे सप्ताह में केदारनाथ सहित पैदल मार्ग तक भारी बर्फबारी हुई थी। इन दिनों भी केदारनाथ में तीन फीट से अधिक बर्फ जमा है। वहीं, गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर रामबाड़ा से केदारनाथ तक बर्फ के कारण पैदल आवाजाही संभव नहीं है। यहां बीते 14 मार्च से लोक निर्माण विभाग के 70 से अधिक मजदूर बर्फ को काटकर रास्ता बनाने में जुटे हैं। 11 दिनों में लगभग ढाई किमी हिस्से में बर्फ साफ कर आवाजाही के लिए रास्ता तैयार हो चुका है। इन दिनों मजदूर थारू हिमखंड को काटने में जुटे हैं। यहां पर लगभग 20 फीट ऊंचे हिमखंड को काटकर ढाई फीट चौड़ा रास्ता बनाया जा रहा है। बर्फ काटने से यहां गहरी व संकरी घाटी सी बन गई है। यहां बर्फ खिसकने का खतरा बना है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता विनय झिक्वांण ने बताया कि मौसम अनुकूल नहीं होने के बाद भी बर्फ सफाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। हिमखंड जोन पर आने वाले दिनों में रास्ते की चौड़ाई बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

# सियासी लाभ के लिए विमल नेगी मामले की सीबीआई जांच मांग रही भाजपा: सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** हिमाचल पावर कोपोर्रेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत का मामला सोमवार को विधानसभा में फिर उठा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विपक्षी दल भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह इंजीनियर विमल नेगी की मौत के मामले में राजनीतिक लाभ लेने के लिए सीबीआई जांच की मांग कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के नेता सिर्फ राजनीति चमकाने के लिए नेगी के परिवार से मिलने पहुंचे थे लेकिन उनके इरादे पूरे नहीं हो सके। उन्होंने भाजपा को इस मामले में राजनीति करने से बचने की सलाह दी और कहा कि सरकार पहले ही 15 दिनों के भीतर इस मामले की उच्च स्तरीय



जांच के आदेश दे चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो भी दोषी होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री सोमवार को विधानसभा में पुलिस और कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष द्वारा लाए गए कटौती प्रस्ताव पर जवाब दे रहे थे। विपक्ष की गैरमौजूदगी में सदन ने प्रस्तावों को नामंजूर कर दिया और बजट मांग को मंजूरी दे दी। विपक्ष पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा आखिर सिर्फ सीबीआई जांच की मांग क्यों कर रही है? उन्होंने

**उच्च स्तरीय**

**▸▸ चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत का मामला सोमवार को विधानसभा में फिर उठा**

आरोप लगाया कि सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियां भाजपा के नियंत्रण में हैं और इनका इस्तेमाल राजनीतिक फायदे के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में इन एजेंसियों की छापेमारी पहले भी होती रही है, जैसे नादौन में हुई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा को इस तरह की जांच एजेंसियों का राजनीतिक लाभ नहीं उठाना चाहिए।

# उत्तराखंड सरकार अवैध मदरसों की फंडिंग की करेगी जांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** उत्तराखंड की धामी सरकार अवैध रूप से संचालित मदरसों पर कार्रवाई के बाद अब उनकी फंडिंग की गहन जांच करने जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश में अवैध मदरसों, मजार और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध रूप से बड़े पैमाने पर मदरसों का संचालन गंभीर विषय है जिसकी जांच के लिए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसकी रिपोर्ट अधिकारी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपेंगे। प्रदेश में अवैध मदरसों के खिलाफ बड़े



स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। अब तक पूरे प्रदेश में 136 मदरसों को कागजात पूरे न होने पर सील किया जा चुका है, जबकि रिपोर्ट में पूरे प्रदेश में 500 से अधिक अवैध मदरसे संचालित होने की बात कही जा रही है। बताया गया है कि राज्य

**फंडिंग**

**▸▸ प्रदेश में अवैध मदरसों, मजार और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी: मुख्यमंत्री**

में करीब 450 पंजीकृत मदरसे हैं, जो शासन को अपने दस्तावेज, बैंक खाते और आय-व्यय का पूरा ब्योरा देते हैं लेकिन दूसरी ओर 500 से अधिक मदरसे बिना किसी मान्यता के संचालित हो रहे हैं। इन मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों का सत्यापन और आर्थिक स्रोतों की जांच के लिए शासन ने जिला प्रशासन को सख्त निर्देश जारी किए हैं। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि इन अवैध मदरसों को किस स्रोत से धन मिल रहा है और उसका उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया जा रहा है।

**सीमा से सटे क्षेत्रों में खुल रहे अवैध मदरसे**

पिछले कुछ समय में उत्तर प्रदेश से सटे कस्बों जैसे जसपुर, बाजपुर, किच्छा, काशीपुर, रुद्रपुर, गदरपुर, पछवादून और हरिद्वार जिले में बिना पंजीकरण के कई मदरसे खुलने की सूचना मिली है। सरकार इन मदरसों के स्रोतों और उद्देश्यों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

## चारधाम और हेमकुंड साहिब के लिए अब तक 6,79,489 पंजीकरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** चारधाम यात्रा के साथ ही हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए पंजीकरण में बेहद तेजी नजर आ रही है। अब तक पर्यटन विभाग की वेबसाइटद और मोबाइल ऐप पर 6,79,489 यात्रियों का पंजीकरण किया जा चुका है। पर्यटन विभाग ने सोमवार शाम को पंजीकरण संबंधी आंकड़े जारी किए हैं। विभाग ने बताया कि यमुनोत्री धाम के लिए 1,22,349, गंगोत्री धाम के लिए 1,25,901, केदारनाथ धाम के लिए 2,19,714, बद्रीनाथ धाम 2,03,961 और हेमकुण्ड साहिब यात्रा के लिए 7,564 यात्रियों ने पंजीकरण किया है।

# शिमला में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे जल रक्षक, नियमितिकरण नीति में संशोधन की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला। हिमाचल** प्रदेश में जल रक्षकों ने सोमवार को अपनी मांगों को लेकर शिमला के चौड़ा मैदान में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेशभर से आए जल रक्षकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नियमितिकरण नीति में संशोधन की मांग उठाई। जल रक्षक संघ ने सरकार को चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। जल रक्षक

**जोरदार प्रदर्शन**

**▸▸ जल रक्षकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नियमितिकरण नीति में संशोधन की मांग उठाई**

संघ के प्रदेशाध्यक्ष रूप लाल ने बताया कि प्रदेशभर में करीब नौ हजार जल रक्षक सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उनके वेतन और स्थायीकरण को लेकर कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई है। उन्होंने बताया कि हाल ही में सरकार ने उनका वेतन केवल 300 रुपये बढ़ाकर 5,600 रुपये किया है, जो उनकी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए बेहद कम है। संघ की प्रमुख मांग है कि जल रक्षकों की नियमितिकरण अवधि को 12 वर्षों से घटाकर 7 वर्ष किया जाए और उन्हें पूर्ण रूप से जल शक्ति विभाग में शामिल किया जाए।

**शिक्षा क्रांति** नि:शुल्क शिक्षा से संवार रहे बच्चों के भविष्य, बीते आठ वर्षों में सर्वोदय विद्यालयों की संख्या बढ़कर हुई 120

# गरीब छात्रों के लिए वरदान बने सर्वोदय विद्यालय

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के शिक्षा तंत्र में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिल रहा है। गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के संकल्प के तहत संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय प्रदेश में शिक्षा के एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित हो रहे हैं। योगी सरकार के प्रयासों से 2017 से पहले जहां मात्र 93 सर्वोदय विद्यालय संचालित थे, वहीं 2024-25 तक इनकी संख्या बढ़कर 120 हो गई है। इन विद्यालयों में से 100 वर्तमान में



संचालित हैं, जिनमें 70 बालक विद्यालय और 30 बालिका विद्यालय शामिल हैं। इस योजना के तहत हर विद्यालय में 490 छात्रों की क्षमता निर्धारित की गई है, जिससे हजारों छात्रों को लाभ मिल रहा है।

**राष्ट्रीय प्रेरणा तथा सामाजिक सद्भावना को आगे बढ़ाने का उत्कृष्ट केंद्र हैं सर्वोदय विद्यालय- योगी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमेशा शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम बताया है। उनके नेतृत्व में सरकार न केवल विद्यालयों की संख्या बढ़ा रही है, बल्कि उनमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कर रही है। यह योजना प्रदेश में गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें मुख्यधारा में लाने का सशक्त माध्यम बन रही है। सीएम ने प्रदेश में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में और सुविधाएं बढ़ाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि प्रदेश भर में ये विद्यालय अपनी पूरी क्षमता के साथ संचालित किए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बढ़ाएं।

